उज्जैन
सोमवार
11
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
वर्ष-12
अंक-187
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



अमीषा पटेल ने बॉलीवुड के फेक पीआर पर तंज कसा 2 फिल्में करने से कोई स्टार नहीं बनता, फिल्म गदर 3 भी कन्फर्म की

पेज- 8

## सोमनाथ अमृत महोत्सव आज, पीएम सोमनाथ पहुंचे

**जामनगर।** गुजरात के सोमनाथ में आज मंदिर के जीर्णोद्धार के 75 साल पूरे हो रहे हैं। 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में नए सिरे से बनाए गए सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। इतिहास के इस बड़े घटनाक्रम का उत्सव मनाने के लिए सोमनाथ अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। पीएम मोदी भी सोमनाथ मंदिर जाएंगे। जहां पहली बार मंदिर के अभिषेक की रस्म होगी। वैदिक मंत्रों के बीच 11 तीर्थों के जल से शिखर का कुंभाभिषेक किया जाएगा। 90 मीटर ऊंची क्रेन की मदद से कलश के जल से मंदिर का अभिषेक होगा। अभिषेक के बाद वायुसेना की सूर्यकिरण टीम मंदिर के ऊपर 15 मिनट का एरोबेटिक शो करेगी। चेतक हेलिकॉप्टर के जरिए मंदिर पर फूल बरसाए जाएंगे।



## अगले 10 साल में हेल्थ सेक्टर में आएगा निवेश का विस्फोट

**नई दिल्ली।** भारत का अस्पताल और स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र आने वाले दशक में बड़े विस्तार की ओर बढ़ रहा है। बढ़ती आबादी, स्वास्थ्य बीमा का तेजी से फैलाव, गंभीर बीमारियों में वृद्धि और अस्पतालों में बेड की भारी कमी के बीच निजी अस्पताल चेन अब बड़े स्तर पर निवेश और विस्तार की तैयारी में जुट गई हैं। ब्रोकरेज फर्म की एक ताजा रिसर्च रिपोर्ट के अनुसार भारत का हॉस्पिटल सेक्टर अगले 10 वर्षों तक लगातार विकास की राह पर बना रह सकता है और एफ 30 के बाद भी इसमें बड़े निवेश की संभावनाएं बनी रहेंगी। रिपोर्ट के मुताबिक कई वर्षों तक बैलेंस शीट सुधारने और सीमित विस्तार पर ध्यान देने के बाद अब सूचीबद्ध निजी अस्पताल समूह नए कैपेक्स यानी पूंजी निवेश चक्र में प्रवेश कर चुके हैं।

## डोनाल्ड ट्रम्प ने जंग रोकने के लिए ईरान का प्रस्ताव ठुकराया

**वॉशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता। इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था। ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।



## किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया न्यूक्लियर अटैक करेगा

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा। ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर ईरानी अधिकारियों की मौत हो गई थी। दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा 'डिकैपिटेशन स्ट्राइक' यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला उसके खिलाफ भी हो सकता है।

# बंगाल सीएम सुवेंदु के पीए हत्याकांड में यूपी-बिहार से तीन संदिग्ध पकड़ाए

### एसटीएफ ने हिरासत में लिया, 6 मई को चंद्रनाथ रथ का मर्डर हुआ था

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री सुवेंदु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या के 5 दिन बाद बिहार के बक्सर और यूपी के बलिया से 3 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। बंगाल पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स तीनों को अपने साथ कोलकाता लेकर गई है। बताया जा रहा है कि बंगाल पुलिस ने बिहार के बक्सर में रविवार रात अलग-अलग थाना क्षेत्रों में छापेमारी की। इस दौरान मयंक मिश्रा और विक्की मौर्य को हिरासत में लिया गया। बक्सर डीसीपी ने जांच की संवेदनशीलता का हवाला देते हुए कुछ भी बोलने से इनकार किया है।



इधर, यूपी के बलिया से राज सिंह नाम के शूटर को हिरासत में लेने की सूचना है। वह बलिया का रहने वाला बताया जा रहा है। हालांकि, जिले की पुलिस मामले को लेकर अभी कुछ भी बताने से बच रही है। बंगाल चुनाव के नतीजे आने के दो दिन बाद 6 मई को 42 साल के चंद्रनाथ रथ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वारदात उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम इलाके में हुई। हमलावर ने रथ की कार रुकवाकर कई राउंड फायरिंग की थी। रथ को सीने और पेट में तीन गोलियां लगी थीं।

### हमलावर के सुपारी किलर्स होने की आशंका, कार-बाइक जब्त

बंगाल पुलिस ने शुरूआती जांच के बाद रथ की हत्या में सुपारी किलर्स के शामिल होने की आशंका जताई थी। पुलिस ने कहा कि शुरूआती जांच में संकेत मिले हैं कि रथ की हत्या प्लानिंग के तहत की गई और इसमें प्रोफेशनल शूटर शामिल हो सकते हैं। पुलिस ने घटनास्थल से एक कार जब्त की, जिससे रथ की स्कॉर्पियो का पीछा किया गया था। कार की नंबर प्लेट फर्जी निकली। कार का चेसिस और इंजन नंबर मिटाया गया था। इसके अलावा, हमले में दो बाइक शामिल थीं। इनमें से एक मोटरसाइकिल भी घटनास्थल से करीब 4 किमी दूर चाय की दुकान के पास मिली। उस पर भी फर्जी रजिस्ट्रेशन था। दूसरी बाइक नहीं मिली है। हत्या में एडवांस ग्लॉक पिस्टल का इस्तेमाल हो सकता है।

# सेंसेक्स में 1000 अंक की गिरावट

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

शेयर बाजार में आज यानी 11 मई को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,000 अंक की गिरावट के साथ 76,300 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। निफ्टी में भी 300 अंक से ज्यादा की गिरावट है, ये 23,900 पर कारोबार कर दरहा है। आज ऑटो, बैंकिंग और रियल्टी शेयर्स में ज्यादा गिरावट है।



### बाजार गिरने की मुख्य वजह

ईरान-इजराइल युद्ध से सप्लाई चेन बिगड़ने का डर।
कच्चे तेल के दाम बढ़ने से भारत का इंपोर्ट बिल और महंगाई बढ़ेगी।
एशियाई बाजारों में गिरावट का असर भारत पर।
**शुक्रवार को बाजार में रही थी गिरावट-** इससे पहले 8 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही थी। सेंसेक्स 516 अंक की गिरावट के साथ 77,328 पर बंद हुआ था। निफ्टी में भी 150 अंकों की गिरावट रही, ये 24,176 पर बंद हुआ था।

### हिमाचल में बड़ा हादसा

# इनोवा क्रिस्टा खाई में गिरने से छह की मौत, चार घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ चंबा

हिमाचल प्रदेश के जिला चंबा में भटियात के ककीरा में आज सुबह तीन बजे के करीब पर्यटकों से भरी एक गाड़ी दुर्घटना का शिकार हो गई। हादसे में छह लोगों की मौत हुई है जबकि चार घायल हैं। दुर्घटनाग्रस्त इनोवा क्रिस्टा गाड़ी में गुजरात के टूरिस्ट सवार थे। ये लोग मनाली से डलहौजी घूमने जा रहे थे। हादसे के वक्त क्षेत्र में भारी बारिश हो रही थी। गाड़ी में ड्राइवर समेत कुल 10 लोग सवार थे। घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर हालत के चलते मेडिकल कॉलेज टांडा रेफर किया गया है। बताया जा रहा है कि दुर्घटनाग्रस्त वाहन मंडी नंबर की टैक्सी इनोवा क्रिस्टा थी। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई।

### राहुल गांधी बोले- मोदीजी ने जनता से त्याग मांगे

# ये उपदेश नहीं, नाकामी के सबूत हैं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

राहुल गांधी ने सोमवार को पश्चिम एशिया में चल रहे संकट से निपटने के लिए पीएम नरेंद्र मोदी की हालिया 'सात अपीलों' पर पलटवार किया और उन्हें उपदेश कहने के बजाय नाकामियां करार दिया। सोश्यल मीडिया पर एक पोस्ट में राहुल ने लिखा- मोदी जी ने कल जनता से त्याग मांगे। ये उपदेश नहीं, ये नाकामी के सबूत हैं। 12 साल में देश को इस मुकाम पर ला दिया है कि



जनता को बताना पड़ रहा है- क्या खरीदें क्या नहीं। कहां जाए, कहां नहीं। दरअसल, रविवार को सिकंदराबाद में एक जनसभा में पीएम मोदी ने आयात पर निर्भरता कम करने की जरूरत पर जोर दिया था, ताकि विदेशी मुद्रा की बचत हो सके और पर्यावरण की रक्षा हो सके।

पीएम मोदी रविवार को तेलंगाना दौरे पर थे, जहां उन्होंने कहा था कि आज के समय में पेट्रोल, गैस और डीजल का इस्तेमाल कम करना होगा। पड़ोस में चल रहे युद्ध के असर से दुनियाभर में पेट्रोल-डीजल के दाम कई गुना बढ़ गए हैं। भारत पर इस वैश्विक संकट का असर ज्यादा है, हमारे पास तेल के बड़े कुएं नहीं हैं। आज हमें वर्क फ्रॉम होम जैसे उपायों की जरूरत है। जिन शहरों में मेट्रो है, वहां लोग मेट्रो का इस्तेमाल करें।

# 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक रहेगा इस साल अधिकमास

### पहले दिन कई शुभ योग बन रहे हैं, यह महीना भगवान श्री हरि विष्णु की भक्ति को समर्पित होता है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

हिंदू धर्म में अधिक मास को बहुत पवित्र और पुण्यदायी महीना माना जाता है। इसे पुरुषोत्तम मास भी कहा जाता है, क्योंकि यह महीना भगवान श्री हरि विष्णु की भक्ति को समर्पित होता है। ज्योतिष और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, यह विशेष महीना हर तीन साल में एक बार आता है और साधना, जप, तप, दान और आत्म शुद्धि के लिए अत्यंत शुभ माना जाता है।

ऐसी मान्यता है कि इस दौरान किए गए आध्यात्मिक कार्यों का कई गुना ज्यादा फल प्राप्त मिलता है। इस साल 2026 में भी ज्येष्ठ का महीना अधिक मास है। इसी वजह से इस साल दो ज्येष्ठ महीने होंगे। इस समय में अत्यंत शुभ माना जाता है और जो इस दौरान दान-पुण्य करता है उसे सभी सुखों की प्राप्ति



होती है। इस दौरान दान-पुण्य करना भी होता है। इस साल अधिक मास 17 मई से शुरू होकर 15 जून तक रहेगा। इस पूरे महीने में भगवान विष्णु की आराधना, मंत्र जाप और दान-पुण्य का विशेष महत्व है।

### अधिक मास 2026 के पहले दिन का शुभ मुहूर्त

अधिक मास के पहले दिन यानी 17 मई 2026 को कई शुभ योग बन रहे हैं। इस दिन ब्रह्म मुहूर्त और पूजा-पाठ का समय विशेष फलदायी माना गया है। इस महीने की शुरूआत में यदि आप कुछ शुभ मुहूर्त में पूजा-पाठ करेंगी तो विशेष फलों की प्राप्ति होती है और भगवान विष्णु का आशीर्वाद बना रहता है।

**ब्रह्म मुहूर्त:** 17 मई, प्रातः 4:06 बजे से 4:48 बजे तक
**सूर्योदय:** प्रातः 5:29 बजे
संकल्प और स्नान-दान का शुभ समय: 17 मई, प्रातः 4:27 बजे से 5:29 बजे तक
**संध्या पूजा मुहूर्त:** 17 मई, शाम 7:06 बजे से 8:08 बजे तक
**अभिजीत मुहूर्त:** 17 मई, प्रातः 11:50 बजे से दोपहर 12:45 बजे तक
**अमृत काल:** 17 मई, दोपहर 12:26 बजे से दोपहर 1:50 बजे तक
**विजय मुहूर्त:** 17 मई, दोपहर 2:34 बजे से 3:28 बजे तक



## खबर एक नजर...

### समझौता करने बुलाया और युवक से की मारपीट

**उज्जैन।** तराना तहसील के मंगलनाथ गली में रहने वाले मानस पिता जितेन्द्र धनगर 20 साल को पुराने विवाद में समझौता करने के लिये देवराज पिता शेरू गुर्जर और उसके भाई धर्मराज ने कृषि उपज मंडी में बुलाया। मानस मंडी पहुंचा तो दोनों भाईयों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मानस की शिकायत पर तराना थाना पुलिस ने दोनों भाईयों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि मानस की मौसी के लड़के का स्कूल में देवराज के भाई से पूर्व में विवाद हुआ था। उसी विवाद में समझौता करने के लिये मानस को बुलाया था। पुलिस के अनुसार मारपीट करने वाले दोनों भाईयों की तलाश में दबिश दी गई थी, लेकिन फरार होना सामने आये है।

### मकान की गैलरी में मृत पड़ा मिला किरायेदार युवक

**उज्जैन।** बड़नगर कोर्ट चौराहा पर रविवार को मकान की गैलरी में किराये से रहने वाले युवक की लाश मिला सामने आया है। मामला संदिग्ध होने पर पुलिस ने मर्ग कायम कर बॉडी पोस्टमार्टम के लिये भेजी है। बड़नगर थाना प्रभारी अशोक कुमार पाटीदार ने बताया कि शाम को कोर्ट चौराहा पर राधेश्याम सोलंकी के मकान की पहली मंजिल पर अभिभाषक लोकेंद्र पटेल के ऑफिस की गैलरी में एक युवक की लाश पड़ी होने की सूचना मिली थी। मौके पर जांच में सामने आया कि मृतक राहुल पिता भागीरथ निवासी ग्राम मिंडका का रहने वाला है और मकान की दूसरी मंजिल पर किराये से रहता था। राहुल हेयर सेलून की दुकान पर काम करता था। रात में उसने अपने 2 साथियों के साथ शराब पी थी। उसके बाद दिनभर दिखाई नहीं दिया था। फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आ पाई है। मर्ग कायम किया गया है। पोस्टमार्टम के बाद ही कारण स्पष्ट हो पायेगा।

### पंवासा में रिक्शा चालक ने लगाई फांसी

**उज्जैन।** रिक्शा चालक ने रविवार शाम घर में फांसी लगा ली। आसपास के लोगों ने उसे फंदे पर लटका देखा तो पुलिस को सूचना दी गई। रिक्शा चालक 3 दिन से अकेला था। पुलिस ने मर्ग कायम किया है। सोमवार सुबह परिजनों के आने पर पोस्टमार्टम कराया जायेगा। पंवासा थाना प्रधान आरक्षक शेखर हरियाला ने बताया कि शाम को बाबा रामदेव मंदिर के पास मकान में युवक की लाश फंदे पर लटकी होने की खबर मिलने पर घटनास्थल पर पहुंचे थे। मृतक का नाम विकास पिता रमेशचंद 40 साल होना सामने आया। पूछताछ में पता चला कि विकास रिक्शा चलाता था। दिन में उसका रिक्शा पलटी खा गया था। परिजन शहर से बाहर गये हुए है। 3 दिनों से विकास अकेला था। प्रधान आरक्षक के अनुसार फांसी लगाने का कारण सामने नहीं आया है। परिजनों के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू की जायेगी। मृतक का मोबाइल भी जांच में लिया जायेगा।

### भीड़ को देखते अनारक्षित स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**उज्जैन।** यात्रियों की सुविधा के लिए रेल प्रशासन द्वारा रतलाम मंडल से होकर उधना-जयनगर, उधना- मधुबनी और उधना-झंझारपुर के मध्य स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के जनसंपर्क अधिकारी मुकेश कुमार ने बताया ट्रेन संख्या 09041 उधना-जयनगर स्पेशल शनिवार, 16 मई को 23.30 बजे उधना से चलकर रतलाम (5.26 बजे आगमन व 5.36 बजे प्रस्थान, रविवार) होते हुए सोमवार को 13:30 बजे जयनगर पहुंचेगी। इसी प्रकार ट्रेन 09042 जयनगर-उधना स्पेशल सोमवार, 11 एवं 18 मई को 15.00 बजे जयनगर से चलकर रतलाम (1.25 बजे आगमन व 1.35 बजे प्रस्थान, बुधवार), बुधवार को 7.45 बजे उधना पहुंचेगी। इधर ट्रेन 09045 उधना-मधुबनी स्पेशल रविवार, 10 व 17 मई को 1:30 बजे उधना से चलकर चलकर मधुबनी पहुंचेगी।

---

### दोपहर में रहा जमकर लू का असर, सड़कों पर सन्नाटा पसरा


# तापमान 42.4, फिर भी चमड़ी पर चिरमिराहट

### अगले 2-4 दिनों में बदलेगा का मौसम का मिजाज

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

तापमान के तेवर 42.4 डिग्री होने पर भी उज्जैन में आम आदमी ने रविवार को अपनी चमड़ी पर चिरमिराहट महसूस की है। दोपहर में जमकर लू का असर देखा गया है। गर्म हवाओं के थपेड़ों से बचने के लिए आम आदमी भी घरों में कुलर एवं पंखे की हल्की गर्म हवाएं खाता रहा। पशु भी इस दौरान ठंडे स्थलों पर दुबके रहे। अगले 2-4 दिन में मौसम का मिजाज बदल सकता है।

सूरज के तेवर तीखे होते जा रहे हैं। सुबह के समय ही धूप चुभने वाली रहने लगी है। पूर्वान्ह होते-होते तो तपन से आम आदमी के पसीने से बूरे हाल हो जाते हैं। दोपहर में तो सडकों पर सन्नाटे की स्थिति देखी जा सकती है। मुख्य सडकों पर तो फिर भी इक्का-दुक्का वाहन मिल जाते हैं लेकिन आवासीय क्षेत्र में सन्नाटा पसर रहा है। इधर देर रात तक जागरण की स्थिति भी बन रही है।



#### बदलेगा मौसम का मिजाज

भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक मध्य प्रदेश, विदर्भ और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में 50 किमी प्रति घंटे तक की रफ्तार से चलने वाली हवाओं के साथ कहीं-कहीं हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। महाराष्ट्र में भी बारिश, आंधी-तूफान और बिजली कड़कने की उम्मीद है।

- **पारा 42.4 एवं 25 पर** - शासकीय जीवाजी वेधशाला से जारी विज्ञप्ति के अनुसार रविवार को शहर में न्यूनतम तापमान 25 डिग्री एवं अधिकतम तापमान 42.4 डिग्री सेंटी ग्रेड रहा है। आर्द्रता सुबह 50 एवं शाम को 19 प्रतिशत दर्ज की गई । सुबह 2 किलोमीटर प्रति घंटे से चल रही हवाओं ने शाम होते होते 8 किलोमीटर की रफ्तार पकड ली थी।
- **इस बार सामान्य से कम बारिश संभावित-** इधर देश भर से सामने आ रही खबरों के अनुसार इस बार सामान्य से कम बारिश संभावित बताया जा रहा है। इसके पीछे अल नीनो का प्रभाव कारण बनने की बात कही जा रही है। प्रारंभिक रिपोर्टों के अनुसार, भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल के मानसून के लिए अल नीनो के प्रभाव की भविष्यवाणी की है। इसका मतलब है कि बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है। जून से सितंबर तक की कुल बारिश लंबी अवधि के औसत के 90% से 95% के बीच रहने का अनुमान है। यदि बारिश छदअ के 90-95% के बीच होती है, तो इसे सामान्य से कम माना जाता है। इससे पहले 2018 में भी बारिश सामान्य के मुकाबले केवल 91% हुई थी।

#### एलपीए क्या है?

एलपीए यानी लॉन्ग पीरियड एवरेज। यह पिछले 50 वर्षों की औसत बारिश है, जिसका उपयोग मानसून की स्थिति को मापने के लिए किया जाता है।

#### प्राकृतिक संकेत अच्छी बारिश के

मौसम विज्ञान के विपरित प्राकृतिक संकेतों में अच्छी बारिश बताई जा रही है। कृषकों के अनुसार अगर खेत के उंचाई वाले क्षेत्र में टिटहरी अंडे देती है तो वह अच्छी बारिश का संकेत होता है। अधिकांश ग्रामीण क्षेत्रों में टिटहरी के अंडे उंचाई वाली जमीनों पर ही देखने की बात ग्रामीण बता रहे हैं। इसके साथ ही कृषकों का कहना है कि टिटहरी अगर दिन निकलने के बाद बोले तो मानसून लेटआता है और अगर सूर्योदय के समय में बोले तो मानसून समय पर आता है। ऐसे मे टिटहरी समय पर ही बोल रही है।

#### पश्चिमी विक्षोभ बेअसर

एक बार फिर पिछले तीन दिनों से दिन के तापमान में तेजी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ का असर खत्म होने पर तापमान में तेजी आ रही है। शाम के समय में हवा की गति भी तेज हो सकती है। जिसके चलते देर शाम को भी गर्म हवा महसूस हो सकती है। जिस तरह से तापमान में तेजी आ रही है उसे देखते हुए आगामी दिनों में एक बार फिर मौसम करवट बदलेगा और आसमान में बादलों के साथ प्रदेश के कई जिलों में बारिश के साथ आंधी चलेगी। मई माह इसी तरह तापमान में उतार-चढ़ाव के बीच गुजर सकता है।

---

## शनि जयंती व शनिश्चरी अमावस्या के लिए नर्मदा नदी का पानी लेना शुरू

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या स्नान पर्व के लिए नर्मदा का पानी शिप्रा में लिया जाने लगा है। नागफनी पाइपलाइन के जरिए शिप्रा में त्रिवेणी के घाटों पर यह पानी भर रहा है। उम्मीद की जा रही है कि 25 मई को गंगादशमी व शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के लिए भी शिप्रा के रामघाट व आगे तक भी यह पानी पहुंचाया जाएगा।

इस बार शनि जयंती और शनिश्चरी अमावस्या 16 मई को है। इस दिन शिप्रा के त्रिवेणी पर स्नान का महत्व है। श्रद्धालु आसानी से स्नान कर सके, इसके लिए प्रशासन ने 9 मई से नर्मदा का पानी शिप्रा में लेना शुरू कर दिया है। पाइप लाइन के जरिए आ रहा यह पानी त्रिवेणी के घाटों पर भरेगा, इसके बाद बैराज के गेट खोलने पर या ओवरफ्लो



होकर आगे की तरफ बढ़ेगा।

नदी में पुल-पुलिया व घाटों के निर्माण चल रहे हैं। ये प्रभावित न हो और पानी आगे बढ़ता रहे। जलभराव के दौरान निर्माण कार्य में विलंब व बाधा न हो। नदी में कुछेक स्थानों पर पुल के लिए कॉलम खड़े किए गए हैं, पानी के एक तरफा बहाव से इनकी मजबूती पर फर्क न पड़े, यह भी देखना होगा। नदी में लिए जा रहे जल का स्तर ज्यादा न हो जाए कि बाद में निर्माण करने में ही परेशानी होने लगे।

#### पानी आगे बढ़ने में लगेगा चार से पांच दिन का समय

त्रिवेणी के ही घाट पूरी तरह से खाली है। अभी धूप भी तेज पड़ रही है, ऐसे में नदी में आने वाला काफी पानी तो जमीन ही सोख लेगी।

इसलिए पानी आगे बढ़ने में चार से पांच दिन का वक्त लग सकता है, क्योंकि बताया जा रहा है कि स्नान के लिए नदी में जल भराव के अलावा जिम्मेदारों द्वारा त्रिवेणी के घाटों पर फव्वारों के भी इंतजाम किए जाएंगे। इधर, पीएचई के अधिकारियों ने बताया कि वे जलभराव की लगातार मॉनीटरिंग कर रहे हैं। इसकी सूचना प्रशासन को भी दी जा रही है।

## बिजली के पोल में आग

### सती गेट-खड़े हनुमान मार्ग पर भीषण गर्मी के कारण लगी, फायर ब्रिगेड ने काबू पाया

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में भीषण गर्मी के बीच सती गेट से खड़े हनुमान मार्ग पर दोपहर में एक बिजली के पोल में आग लग गई। सूचना मिलने पर फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया। इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई।

शहर में पिछले एक सप्ताह से तापमान 42 डिग्री सेल्सियस से नीचे नहीं जा रहा है, जिसके कारण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ रहा है। रविवार दोपहर इसी भीषण गर्मी के चलते सती गेट से खड़े हनुमान के बीच स्थित बिजली के पोल में अचानक आग लग गई। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत आग बुझाने का प्रयास शुरू किया और दमकल विभाग को सूचित किया।



दमकल वाहन ने मौके पर पहुंचकर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि इन दिनों शहर में गर्मी के कारण आगजनी की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। कुछ दिनों पहले प्रशासनिक संकुल क्षेत्र में बांस की झाड़ियों में भी आग लग गई थी।

---

# सिंहस्थ में घाट से हर 200 मीटर पर एंट्री पॉइंट

## अधिकारियों ने 6 किमी पैदल चलकर परखी घाटों की व्यवस्था, अब रोज सुबह किया जाएगा निरीक्षण

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

उज्जैन में सिंहस्थ कुम्भ 2028 के आयोजन में अभी दो वर्ष का समय बाकी है, लेकिन प्रशासन ने अभी से तैयारियां तेज कर दी हैं। श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्नान व्यवस्था और भीड़ प्रबंधन को लेकर शनिवार सुबह मेला अधिकारी एवं संभागायुक्त आशीष सिंह, कलेक्टर रौशन कुमार सिंह, नगर निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा सहित करीब 30 अधिकारियों की टीम ने क्षिप्रा नदी के घाटों का निरीक्षण किया।

अधिकारियों का दल सुबह 6 बजे शनि मंदिर से पैदल निकला और वाकणकर ब्रिज तक करीब 6 किलोमीटर चलते हुए लगभग 29 किलोमीटर लंबे



घाट क्षेत्र की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान नवनिर्मित घाटों पर श्रद्धालुओं की आवाजाही, सुरक्षा और एंट्री-एग्जिट व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

**भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों ने किया मंथन-** निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने इस बात पर विशेष फोकस किया कि देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालु घाटों तक आसानी से कैसे पहुंचेंगे। पार्किंग से घाट तक पहुंचने के मार्ग, स्नान के बाद सुरक्षित निकासी, सड़क कनेक्टिविटी और भीड़ नियंत्रण को लेकर अधिकारियों ने मौके पर ही मंथन किया।

संभागायुक्त एवं मेला अधिकारी आशीष सिंह ने बताया कि अब रोजाना सुबह 6 बजे घाटों का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि घाट तो बनकर तैयार हो रहे हैं, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण सवाल यह है कि श्रद्धालु वहां तक पहुंचेंगे कैसे। इसी को ध्यान में रखते हुए निर्णय लिया गया है कि लगभग हर 200 मीटर पर एंट्री और एग्जिट बनाए जाएंगे।

**सड़कों की कनेक्टिविटी, चेंजिंग रूम, लाइटिंग व्यवस्था होगी-** उन्होंने बताया कि घाटों तक पहुंचने के लिए सड़कों की कनेक्टिविटी, चेंजिंग रूम, लाइटिंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं को भी विकसित किया जाएगा। अधिकारियों को इन व्यवस्थाओं को जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने कहा कि सिंहस्थ के दौरान एक ही दिन में करीब पांच करोड़ श्रद्धालुओं के स्नान करने की संभावना को देखते हुए व्यवस्थाएं तैयार की जा रही हैं। पार्किंग से लेकर घाट तक पहुंचने और सुरक्षित निकासी तक हर पहलू पर प्रशासन गंभीरता से काम कर रहा है।

उज्जैन
सोमवार
11
मई, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

यथा काष्ठमयो हस्ती यथा चर्ममयो मृगः।
तथा वेदं विना विप्रः त्रयस्ते नामधारकाः।।

**अर्थः** लकड़ी के हाथी की तरह और चमड़े से ढके हिरण की तरह, ब्राह्मण जिसने वेदों का अध्ययन नहीं किया है, वह भी केवल एक नामहीन व्यक्ति है।

## आखिरकार... अर्जुन बड़ौद ब्रिज आज से शुरू

# देवास जाने में 20 मिनट बचेंगे, 68 हजार वाहनों को राहत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर-देवास बायपास से हर दिन गुजरने वाले 68 हजार वाहनों और करीब 2 लाख लोगों के लिए बड़ी राहत की खबर है। लगभग 4 साल के लंबे इंतजार के बाद 80 करोड़ रुपए की लागत से बन रहे अर्जुन बड़ौद और रालामंडल फ्लायओवर पर अगले दो दिनों में ट्रैफिक शुरू होने जा रहा है।

सोमवार सुबह से अर्जुन बड़ौद ब्रिज पर एक हफ्ते के लिए ट्रायल शुरू होगा, जबकि मंगलवार शाम 4 बजे रालामंडल ब्रिज का औपचारिक लोकार्पण किया जाएगा।

एक हफ्ते बाद फिर रुकेगा ट्रैफिक, बिछेगी डामर की लेयर अर्जुन बड़ौद फ्लायओवर पर अभी केवल ट्रायल के रूप में ट्रैफिक शुरू किया जा रहा है। एक सप्ताह बाद ब्रिज पर डामर की टॉप-लेयर बिछाने के लिए ट्रैफिक को कुछ दिन फिर रोका जाएगा। काम पूरा होने के बाद इसे अंततः हमेशा के लिए शुरू कर दिया जाएगा।



40-40 करोड़ की लागत से बन रहे इन दोनों ब्रिज के शुरू होने से बायपास का बड़ा हिस्सा जाम मुक्त हो जाएगा। अर्जुन बड़ौद ब्रिज का ट्रायल सोमवार सुबह होगा। इस दौरान सांसद शंकर लालवानी, जलसंसाधन मंत्री तुलसी सिलावट और भाजपा जिलाध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा भी मौजूद रहेंगे।

### इंदौर-देवास-भोपाल का सफर आसान होगा

- इंदौर से देवास की दूरी सिर्फ 35 किमी है। लेकिन अभी वाहनों को करीब दो घंटे लग रहे हैं। पीक ऑवर्स में यहां आए दिन ट्रैफिक जाम लगता रहता है। फ्लायओवर शुरू होने से 20 मिनट बचेंगे।
- इसी मार्ग पर देवास के आउटर में रसूलपुर पर भी एक ब्रिज बन रहा है, जिससे अभी थोड़ी दिक्कतें आ रही है, लेकिन अर्जुन बड़ौद से काफी हद तक समस्या दूर होगी।
- इंदौर से उज्जैन जाना भी आसान होगा, क्योंकि शिप्रा की नई रोड तक ये ब्रिज ही बाधा बना हुआ था।
- महा-जाम में 3 ने गंवाई थी जान, सुधरेगी सर्विस रोड फ्लायओवर का काम चलने के कारण वर्तमान में सारा ट्रैफिक सर्विस रोड से चल रहा है। सड़क की स्थिति बदहाल हो चुकी है और रोज शाम को लंबा जाम लगता है। पिछले साल जून में अर्जुन बड़ौद ब्रिज के पास 36 घंटों का महा-जाम लग गया था, जिसके कारण 3 लोगों की मृत्यु हो गई थी। इस घटना के बाद सर्विस रोड को जल्दबाजी में ठीक तो किया गया, लेकिन स्थिति फिर खराब हो गई है। अब ब्रिज से ट्रैफिक शुरू होने के बाद सर्विस रोड की मरम्मत का काम होगा।
- प्रोजेक्ट एक नजर में: अर्जुन बड़ौद और रालामंडल फ्लायओवर कुल लागत: 80 करोड़ रुपए मूल समयावधि: जनवरी 2023 से 17 जुलाई 2024 काम का एक्सटेंशन: जून 2026 तक ट्रैफिक का दबाव: 68 हजार वाहन प्रतिदिन लाभान्वित यात्री: 2 लाख लोग प्रतिदिन

## खबर एक नजर...

### सफाईकर्मी महिला पर 100 किलो का पार्सल फेंका

**इंदौर।** स्लीपर कोच बस संचालक की गुंडागर्दी का मामला सामने आया है। रविवार को राजमोहल्ला इलाके में हंस ट्रैवल्स के गोडाउन पर सामान उतार रहे कर्मचारी ने महिला सफाईकर्मी के ऊपर जानबूझकर करीब 100 किलो का पार्सल फेंक दिया। इस घटना में महिला गंभीर घायल हो गई। महिला सफाईकर्मी बस के पास सफाई कर रही थी। उसने बस हटाने का कहा तो गुस्से में बस के कर्मचारी ने हत्या की नीयत से बस की छत से सीधे महिला के ऊपर भारी-भरकम सामान फेंक दिया। पुलिस ने हत्या के प्रयास का केस दर्ज कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ट्रेवल्स के गोडाउन को भी सील कर दिया है। डीसीपी जोन-1 नरेंद्र रावत के अनुसार जख्मी सफाईकर्मी महिला का नाम सुनीता बाली है। वे वार्ड 69 में नगर निगम के जोन-2 के तहत सफाई का काम कर रही थीं। सुनीता जहां सफाई कर रही थीं, वहां हंस ट्रैवल्स की बस खड़ी हो गई। महिला ने स्टाफ से बस हटाने को कहा। कर्मचारी बोले- हमें बस नहीं हटाना, तुम्हें जो करना है करो। फिर महिला बस के पीछे आई और वहां सफाई करने लगी, तभी कर्मचारी ने पार्सल फेंक मारा। आसपास मौजूद लोगों ने महिला को निजी अस्पताल पहुंचाया, जहां इलाज जारी है। डॉक्टरों ने कंधे और पसली में फ्रैक्चर बताया है। पुलिस ने हेल्पर संजय पिता कुशाल सिंह कछावा निवासी जयभवानी नगर, ड्राइवर आकाश पिता कालू भामर निवासी नौगांव व कंडक्टर तुषार पिता दीपक भामर (ड्राइवर का रिश्तेदार) को गिरफ्तार किया है।

### इंदौर में रिश्तेदार युवती से रेप करने वाला गिरफ्तार

**इंदौर।** चंदन नगर पुलिस ने एक युवती से रेप करने के मामले मे उसके रिश्तेदार को गिरफ्तार कर लिया। युवती ने शनिवार को थाने आकर एफआईआर दर्ज कराई थी। आरोपी की गिरफ्तारी के लिए 5 हजार का इनाम घोषित किया गया था। टीआई तिलक करोले के मुताबिक पीड़िता द्वारा बताया गया कि वर्ष 2025 में पारिवारिक विवाद के कारण वह जिला खरगोन क्षेत्र से इंदौर आकर अपने रिश्तेदार के निवास पर रहने लगी थी। कुछ समय बाद आरोपी एवं उसकी पत्नी के बीच विवाद होने पर आरोपी की पत्नी अपने मायके चली गई। इसके बाद आरोपी ने घर में अकेलेपन एवं पीड़िता की नाबालिग अवस्था का अनुचित लाभ उठाया। आरोपी द्वारा पीड़िता को डराकर उसके साथ बार-बार जबरन रेप किया। वहीं उसे जान से मारने की धमकी दी। लगातार शोषण करने के चलते पीड़िता गर्भवती हो गई। उसने निजी अस्पताल में पीड़िता द्वारा एक बालक को जन्म दिया गया। घटना की जानकारी परिजनों को होने पर पीड़िता को साथ लेकर थाना चंदन नगर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। आरोपी पर पास्को एक्ट सहित अन्य धाराओ मे कारवाई की गई। आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस इस मामले में आरोपी का डीएनए भी कराएगी।

### नाश्ता कॉर्नर शॉप के सिलेंडर में लगी आग

**इंदौर।** लसूड़िया इलाके में रविवार सुबह एक नाश्ते की दुकान पर गैस टंकी में लीकेज होने से आग लग गई। गश्त पर निकली एसीपी सहित एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। लसूड़िया के एमआर-3 क्षेत्र में श्याम नाश्ता कॉर्नर दुकान में आग लगने की सूचना पुलिस को मिली थी। सबसे पहले एफआरवी टीम मौके पर पहुंची। इसके बाद गश्त कर रहीं एसीपी रुबीना मिजवानी भी वहां पहुंच गईं। जवानों ने एसीपी के साथ मिलकर गैस टंकी में लगी आग बुझाई गई। एमआर 3 रोड सनसिटी के पास मकान के बीच यह खाली प्लाट है। आग में सरस्वती नगर निवासी भगवान सिंह (50) भी थोड़ा झुलस गए। उन्हें अस्पताल भिजवाया गया।

## इंदौर में बिना लाइसेंस चल रही आइसक्रीम फैक्टरी

# दो फैक्टरियों में निर्माण में मिली गड़बड़ियां

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता और स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने रविवार को दो आइसक्रीम निर्माण इकाइयों पर औचक कार्रवाई की। संयुक्त जांच दल ने निरीक्षण के दौरान कुल 10 खाद्य नमूने जांच के लिए लिए। एक फैक्टरी का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया, जबकि दूसरी इकाई को नोटिस जारी करने की तैयारी की जा रही है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारियों ने सबसे पहले चैंपियंस आइसक्रीम एंड फ्रोजन फूड फैक्टरी का निरीक्षण किया। जांच के दौरान संचालक नीलेश विश्वकर्मा मौजूद मिले। अधिकारियों को फैक्टरी में कई गंभीर अनियमितताएं मिलीं। इकाई के पास निर्माण का वैध लाइसेंस नहीं था। पैकेजिंग सामग्री पर लेबलिंग संबंधी जरूरी जानकारी अधूरी पाई गई। कच्चा माल अस्वच्छ और अव्यवस्थित तरीके से रखा गया था, जबकि कुछ जंग लगे सांचों का उपयोग भी किया जा रहा था।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि निर्माण में इस्तेमाल हो रहे पानी की जांच रिपोर्ट उपलब्ध नहीं थी। फ्रीजर रूम में खाद्य सामग्री का भंडारण भी निर्धारित मानकों के अनुरूप नहीं मिला। अधिकारियों ने वनीला फ्रोजन डेजर्ट, केसर पिस्ता कुल्फी, मावा और चॉकलेट पेस्ट सहित चार नमूने जांच के लिए लिए। वैध लाइसेंस मिलने तक फैक्टरी का निर्माण कार्य बंद करा दिया गया है।



इसके बाद टीम ने रुद्राक्ष आइसक्रीम इकाई का निरीक्षण किया। यहां प्रभारी नरेश कुमावत मौजूद मिले। जांच में पाया गया कि विभिन्न फ्लेवर की आइसक्रीम गंदगी के बीच तैयार की जा रही थी। कई फ्लेवर बिना लेबल के पाए गए, जिन पर आवश्यक जानकारी अंकित नहीं थी। खाद्य पदार्थों के भंडारण स्थल पर भी अव्यवस्था मिली। कार्रवाई के दौरान अधिकारियों ने आइसक्रीम के पांच और टूटी-फ्रूटी का एक नमूना लेकर कुल छह नमूने जांच के लिए भेजे। बिना लेबल वाले फ्लेवर को मौके पर ही नष्ट कराया गया। परिसर में मिली अनियमितताओं को लेकर संबंधित संचालक को नोटिस जारी किया जाएगा।

## इंदौर के तिलक नगर में गैंगवार की आहट

# भाऊ गैंग से जुड़े युवक पर जेल से छूटते ही खुलेआम फायरिंग

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

तिलक नगर में शनिवार शाम गोलीकांड की घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। बदमाशों ने अमित जादौन पर फायरिंग कर दी। घटना के बाद पुलिस ने आरोपी अमित उर्फ बकरी राजावत और उसके साथी उत्तम की तलाश में कई जगह दबिश दी, लेकिन दोनों फरार हैं।


पुलिस के मुताबिक आरोपी अमित उर्फ बकरी राजावत निवासी तपेश्वरी बाग और उत्तम निवासी एरोड्रम ने अमित जादौन को गोली मारी थी। घटना के बाद तिलक नगर पुलिस ने एरोड्रम और खजराना क्षेत्र में देर रात तक दबिश दी, लेकिन आरोपी घर पर नहीं मिले। परिवार के लोगों ने पुलिस को बताया कि दोनों घर नहीं आए हैं। पुलिस को आरोपियों की लोकेशन शहर से बाहर मिलने की जानकारी मिली है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि अमित जादौन और उसके परिचित भाऊ गैंग से जुड़े हुए हैं। बताया जा रहा है कि विवाद गैंग के वर्चस्व को लेकर हुआ। शनिवार को अमित जादौन अपने साथ कई युवकों को लेकर मौके पर पहुंचा था, जबकि दूसरी ओर आरोपी पहले से योजना बनाकर हमला करने आए थे। हालांकि पुलिस फिलहाल मामले को गाड़ी लगाने के विवाद से जोड़कर जांच कर रही है। फायरिंग के बाद अमित जादौन के साथियों ने आरोपी बकरी राजावत और उसके साथियों की जमकर पिटाई भी की। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई। पुलिस के अनुसार घायल अमित जादौन पर भी आपराधिक मामले दर्ज हैं। वहीं आरोपी बकरी उर्फ अमित राजावत पर करीब दो दर्जन अपराध दर्ज बताए जा रहे हैं। कुछ दिन पहले ही वह जेल से बाहर आया था।

# तालाबों के गहरीकरण सहित कई काम जारी, जनता से की पानी सहेजने की अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

बढ़ती गर्मी के साथ ही शहर के तालाबों का जलस्तर कम हो रहा है। आसपास के भू-जल स्तर पर भी इसका असर दिखने को मिल रहा है। शहर में कई जगह पानी की समस्या से लोग जूझ रहे है। हालांकि नगर निगम टैंकरों से पानी की सप्लाई कर रहा है, लेकिन पानी की समस्या बनी हुई है।

पानी की समस्या को देखते हुए नगर निगम शहर के तालाबों में बारिश के पहले किए जाने वाले काम कर रहा है, ताकि बारिश के पानी को ज्यादा सहेजा जा सके। इसका काम भी शुरू हो गया है।



**बारिश के पहले तालाबों का काम करना है-** नगर निगम कमिश्नर क्षितिज सिंघल ने कहा कि गर्मी में तालाबों में लगातार पानी कम हो रहा है। तालाबों के गहरीकरण और जीर्णोद्धार के काम होना है, जल गंगा संवर्धन अंतर्गत भी काम किया जा रहा है। बिलावली, लिंबोदी और छोटा सिरपुर में अमृत 2 में जो काम स्वीकृत हुए है उनका भी काम शुरू हो गया है। जनभागीदारी और सीएसआर के माध्यम से भी काम कराए जा रहे हैं। उनका कहना है कि जो काम बारिश के पहले होना है वह पहले कराएंगे। कुछ काम बाद में होंगे।

### जनता से की अपील

निगम कमिश्नर ने बारिश के पानी को सहेजने की अपील की भी है, ये हम सभी की जिम्मेदारी है। नगर निगम भी अपना प्रयास कर रहा है। उन्होंने जनता से अपील की है कि उनके जो स्ट्रक्चर है, वहां बारिश के पानी को सहेजना का काम जरूर करें। वे बोले की कई बार उन्होंने निरीक्षण के दौरान देखा है कि लोग पाइप लगाकर पानी गाड़ी धोते हैं। अभी की स्थिति में ऐसा नहीं करना चाहिए और अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए। बारिश के पानी को हम ग्राउंड तक ले जाए, ताकि अधिकतम उसका उपयोग हो।

## खबर एक नजर...

### 31 वर्ष की बेदाग सेवा देकर सेवानिवृत्त हुईं किरण देवी सारंग

**उज्जैन।** कलेक्टर कार्यालय में पदस्थ चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती किरण देवी सारंग के 31 वर्ष की शासकीय सेवा पूर्ण कर सेवानिवृत्त होने पर एक भव्य विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारी संघ द्वारा उन्हें शॉल, श्रीफल और बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट कर भावभीनी विदाई दी गई।

समारोह में अपर कलेक्टर पूजा चौहान ने श्रीमती सारंग को शॉल और श्रीफल भेंट कर उनके सेवाकाल के लिए सम्मानित किया। इसके साथ ही मध्य प्रदेश लघु वेतन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी और आउटसोर्स कर्मचारी संघ के संभाग व जिलाध्यक्ष गुलशन मंसूरी सहित पूरी टीम के पदाधिकारियों ने उन्हें बाबा महाकाल की तस्वीर भेंट की। उपस्थित सभी लोगों ने फूल-मालाओं से उनका भव्य स्वागत कर उनके स्वस्थ और उज्ज्वल भविष्य की मनोकामना की। इस अवसर पर अपर कलेक्टर पूजा चौहान, लघु वेतन कर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष हेमराज घावरी, आउटसोर्स कर्मचारी संघ संभाग व जिलाध्यक्ष गुलशन मंसूरी, अधीक्षक सूर्य प्रकाश सोनी, माथुर सक्सेना, जिला उपाध्यक्ष सुरेश रायकवार, नेहा अग्रवाल, घनश्याम माली, अमित सारवान, कुणाल देवड़ा, अरुण गोसर और जिला नजीर सुनील परमार मुख्य रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन रुद्राक्ष वजह ने किया। उक्त जानकारी जिला सचिव मुकेश रायकवार ने दी।

### उज्जैन के लय ने जीता स्वर्ण, लक्ष्य को मिला कांस्य पदक

उज्जैन। इंदौर में आयोजित द्वितीय मध्य प्रदेश राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में उज्जैन के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस खेल स्पर्धा में उज्जैन के लय शर्मा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। वहीं, लक्ष्य शर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीता और शहर का गौरव बढ़ाया। यह द्वितीय राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता 8 और 9 मई को इंदौर में आयोजित की गई थी। पदक विजेता दोनों खिलाड़ी शहर के सेंट पॉल कॉन्वेंट स्कूल के खेल प्रशिक्षक ज्वलंत शर्मा के पुत्र हैं।

**बच्चों ने सीखे लाठी, तलवारबाजी व योग के गुर; विशेषज्ञों ने दी साइबर सुरक्षा और गुड टच-बैड टच की जानकारी**

# आत्मरक्षा और संस्कारों के पाठ के साथ 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




वसंत विहार सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान और अध्यक्ष राजेंद्र परब के नेतृत्व में आयोजित 10 दिवसीय ग्रीष्मकालीन प्रशिक्षण शिविर का रविवार को श्रीराम मंदिर वसंत विहार में समापन हुआ। 1 मई से शुरू हुए इस शिविर का मुख्य उद्देश्य बच्चों की रचनात्मकता, कौशल और शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना था। मंच के सहसचिव नरेंद्र कुमार चौरसिया ने बताया कि शिविर के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों ने बच्चों को विभिन्न विधाओं में निपुण किया।

शिविर के पहले दिन देवी अर्वांतिका सामाजिक कल्याण समिति अध्यक्ष करुणा शितोले और उनकी टीम ने बच्चों को आत्मरक्षा के लिए लाठी कौशल, तलवारबाजी, खेलकूद, योग, लेजम, पिरामिड बनाना, जूडो व कराटे का प्रशिक्षण दिया। दूसरे दिन संभागीय खेल अधिकारी अरविंद जोशी ने शारीरिक व्यायाम और तीसरे दिन लाठी संगठन उपाध्यक्ष रीता नरवरिया ने लाठी संचालन की बारीकियां सिखाईं। चौथे दिन श्वेता काबरा ने आकाशवाणी उज्जैन पर करुणा शितोले व बच्चों के साथ आत्मरक्षा पर भेंट वार्ता की।

पांचवें दिन एमपी टूरिज्म की अमृता चतुर्वेदी ने ऑनलाइन सुरक्षा, छठे दिन दंत चिकित्सक डॉ. विशाल मजूमदार एवं मजूमदार ने दांतों की देखभाल व जंक फूड से बचाव की जानकारी दी। सातवें दिन नानाखेड़ा थाना की सब इंस्पेक्टर रुक्मिणी ने गुड टच-बैड टच व असहज स्थिति में 'ना' कहने की आदत, आठवें दिन संस्कार पब्लिक स्कूल की प्राचार्य सुनीता पाटिल ने सनातन संस्कृति और बड़ों के सम्मान का पाठ पढ़ाया। नौवें दिन कॉलोनी के वरिष्ठ नागरिकों ने मोबाइल और टीवी की स्क्रीन से दूर रहकर रचनात्मक गतिविधियों, टीम वर्क और अनुशासन का महत्व बताया।

शिविर के दौरान बच्चों को प्रतिदिन पौष्टिक अल्पाहार दिया गया। साथ ही स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण, पॉलीथिन का उपयोग न करने और जन्मदिन पर पौधा लगाने का संकल्प भी दिलाया गया। अतिथियों ने बांटे प्रमाण पत्र, 7 वर्षों से निशुल्क प्रशिक्षण दे रही टीम का सम्मान

रविवार शाम आयोजित समापन समारोह के मुख्य अतिथि मध्य प्रदेश राज्य श्रमिक सहकारी संघ मर्यादित भोपाल के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह सिसोदिया थे। अध्यक्षता आईपीएस डॉ. रमन सिंह सिकरवार और सेवानिवृत्त जज केसी शर्मा ने की। राजेंद्र परब, नरेंद्र कुमार चौरसिया और जीके जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत किया। अतिथियों ने बच्चों को प्रमाण पत्र वितरित किए और बीते 7 वर्षों से बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण दे रहीं करुणा शितोले व उनकी टीम का सम्मान किया। इस दौरान बालक-बालिकाओं ने शिविर में सीखी गई विधाओं का रंगारंग प्रदर्शन किया।

समापन अवसर पर मंच की ओर से लोकेंद्र सिंह बैस, देवेंद्र राय, रमेश कुमावत, जेएस पांडेय, दिनेश चंद्र जैन, हरीश घाडगे, गोपाल कृष्ण जायसवाल, मुकेश कुंभकार, गोपाल महाकाल, दिलीप सिंह देवड़ा, लक्ष्मीकांत, राजेंद्र पाटणकर, सियाराम पाटीदार, वासुदेव सोनी, जगदीश कुमावत, संग्राम सिंह चौहान, अनिल देशमुख, विजय प्रजापति और प्रकाश शाह विशेष रूप से उपस्थित रहे। महिला मंडल की ओर से सीमा दुबे, रानी शर्मा, रचना यादव, हेमा यादव, छवि कदम और मोहिनी बैस मौजूद रहीं।

## मां की सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मातृ दिवस के अवसर पर 'जज्बा' द्वारा आयोजित समर कैंप में माताओं का शॉल और श्रीफल से सम्मान किया गया। इस गरिमामय समारोह में शहर के प्रबुद्धजनों ने विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और जीवन में मां के महत्व पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ब्रिज कॉर्पोरेशन की सेवानिवृत्त अधीक्षण यंत्री इंजी. शोभा खन्ना उपस्थित थीं। उन्होंने कहा कि ॥ए मां तेरी सूरत से अलग भगवान की सूरत क्या होगी।॥ उन्होंने जोर देते हुए कहा कि मां के बिना कोई भी दिन पूरा नहीं होता। विद्यार्थियों को सच की राह पर चलना चाहिए और अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ एक बेहतरीन इंसान बनने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने छात्रों के बहुआयामी व्यक्तित्व विकास की आवश्यकता पर बल दिया और जज्बा संस्था के कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया।

### मां से अच्छा कोई दोस्त नहीं

विशेष अतिथि एवं प्रसिद्ध स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. मंजू राठी ने कहा कि जीवन में मां से अच्छा कोई दोस्त नहीं होता। उन्होंने विद्यार्थियों को बिना किसी तनाव के पढ़ाई करने की सलाह दी। डॉ. राठी ने कहा कि बच्चों को जीवन में सफलता के कई अवसर मिलते हैं, बस उन्हें सही समय पर पहचानने की जरूरत है। जमीर उल हक और फरीद कुरेशी ने बताया कि असिस्टेंट डायरेक्टर निकहत सुल्ताना ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ने का असली मतलब सही और गलत का फर्क मालूम होना है। उन्होंने कहा कि अपना सर्वश्रेष्ठ देते हुए स्वयं को एक ब्रांड के रूप में स्थापित करें। इस दौरान उन्होंने बच्चों को पीएससी परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने के महत्वपूर्ण टिप्स भी दिए।

## लकी गुप्ता के जादुई अभिनय ने दर्शकों को किया भावुक, 'मां मुझे टैगोर बना दे' का प्रभावी मंचन

**रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति ने अभिरंग नाट्य गृह में किया आयोजन, पूर्व कुलपति राधावल्लभ त्रिपाठी ने दिया विशेष वक्तव्य**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



अभिरंग नाट्य गृह में रंग शक्ति सांस्कृतिक एवं लोक हित समिति उज्जैन द्वारा जम्मू के लकी गुप्ता अभिनीत एकल नाटक 'मां मुझे टैगोर बना दे' का प्रभावी मंचन किया गया। नाटक का विषय बेहद संवेदनशील था और लकी गुप्ता के जादुई अभिनय को देखकर उपस्थित दर्शक भावुक हो उठे। कार्यक्रम में सागर विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति एवं वरिष्ठ नाट्यविद राधावल्लभ त्रिपाठी ने अपना विशेष वक्तव्य दिया। आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में वरुण गुप्ता, वरिष्ठ रंगकर्मी अनंत वर्मा और विजयेंद्र वर्मा उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत प्रकाश देशमुख, विशाल सिंह कुशवाह, भूषण जैन, अजय रायकवार और कौशिक पाराशर ने किया।

कार्यक्रम का सफल संचालन शेफाली चतुर्वेदी ने किया तथा आभार विशाल कलम्बकर ने माना। इस अवसर पर पर्यावरणविद अभिताभ सुधांशु, रंगकर्मी राजेंद्र चावड़ा, राजेश जूनवाल, मनीषा व्यास, दुर्गेश बाली, मीना जैन और प्रतिभा रघुवंशी विशेष रूप से उपस्थित थे। आयोजन के संबंध में यह जानकारी संस्था के अध्यक्ष महेश त्रिवेदी ने दी।

# बेटी को किडनी देकर जीवनदान देने वाली मां का सम्मान

**मदर्स डे पर समाज की प्रेरणास्रोत माताओं का हुआ आत्मीय अभिनंदन, वक्ताओं ने कहा- मां होती है संस्कारों की प्रथम गुरु**

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




मातृत्व, त्याग और संस्कारों के प्रतीक 'मदर्स डे' के अवसर पर जीवनदीप परिवार द्वारा मातृशक्ति के सम्मान में एक गरिमामयी समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज की प्रेरणास्रोत माताओं का आत्मीय अभिनंदन कर उनके स्वस्थ व दीर्घायु जीवन की कामना की गई।

समारोह का विशेष आकर्षण मातृशक्ति श्रीमती सोनादेवी का सम्मान रहा। उन्होंने कठिन परिस्थितियों में अपनी सुपुत्री श्रीमती रूबी यादव को अपनी किडनी दान कर नया जीवन प्रदान किया है। उपस्थित जनों ने उनके इस साहसिक और मानवता से परिपूर्ण कार्य को मातृत्व की सर्वोच्च मिसाल बताते हुए भावभीनी सराहना की।

कार्यक्रम में समाज की प्रेरणास्रोत माताओं श्रीमती ऊषा मुथा, श्रीमती सुशीला कोठारी, श्रीमती निर्मला मेहता एवं श्रीमती सुमिना लिग्गा का शॉल-श्रीफल से सम्मानपूर्वक अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने अपने उद्बोधन में कहा कि मां केवल परिवार की नींव ही नहीं, बल्कि संस्कारों की प्रथम गुरु एवं समाज की सबसे बड़ी प्रेरणा होती है। मां का प्रेम, त्याग, समर्पण और संघर्ष प्रत्येक व्यक्ति के जीवन को दिशा प्रदान करता है। मातृत्व वह शक्ति है, जिसके बिना समाज की कल्पना अधूरी है। महिला विंग की सक्रिय सदस्या श्वेता चौपड़ा ने बताया कि कार्यक्रम को सफल और प्रेरणादायी बनाने में जीवनदीप परिवार की महिला विंग की सदस्याओं की विशेष भूमिका रही। उन्होंने अपने विचार व्यक्त करते हुए समाज में महिलाओं की भूमिका को अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

समारोह में अशोक कोठारी, प्रदीप पीपाड़ा, हर्ष जैन, अजीत मारू एवं अंकुर नाहर विशेष रूप से उपस्थित रहे। जीवनदीप परिवार के पदाधिकारियों ने बताया कि संस्था समय-समय पर सामाजिक, सांस्कृतिक एवं सेवा गतिविधियों के माध्यम से समाज में सकारात्मक जागरूकता और मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देने का कार्य करती है। अंत में सभी अतिथियों एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

## खबर एक नजर...

### अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. कविता किरण का होगा सम्मान, सजेगी काव्य गोष्ठी

उज्जैन। डॉ. देवेन्द्र जोशी स्मृति साहित्य विमर्श परिषद् के तत्वावधान में 11 मई को सम्मान समारोह एवं काव्य गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। अंकपात मार्ग महेश नगर स्थित कृष्णा पब्लिक स्कूल में शाम 7 बजे से आयोजित इस कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कवयित्री डॉ. कविता किरण का उनकी उपलब्धियों के लिए विशेष सम्मान किया जाएगा। परिषद् की अध्यक्ष सीमा देवेन्द्र ने बताया कि समारोह में डॉ. कविता किरण सारस्वत अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के कुलानुशासक डॉ. शैलेंद्र कुमार शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि विक्रम विश्वविद्यालय की हिंदी अध्ययनशाला के आचार्य एवं पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो. हरिमोहन बुधौलिया होंगे। वहीं, प्रेमचंद सृजन पीठ उज्जैन के निदेशक मुकेश जोशी विशेष अतिथि के रूप में मंचासीन रहेंगे। कार्यक्रम का संचालन कवि सुनील गाइड करेंगे। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में शहर के चुनिंदा साहित्यकार अपनी रचनाओं का पाठ करेंगे। आयोजन समिति ने शहर के साहित्य प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित रहने का अनुरोध किया है।

### 28वीं जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग और डेडलिफ्ट स्पर्धा का आगाज

उज्जैन। मध्य प्रदेश पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के तत्वावधान में उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन और मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल नागदा के संयुक्त नेतृत्व में 28वीं जिला स्तरीय पावरलिफ्टिंग व डेडलिफ्ट चैंपियनशिप का रविवार को भव्य शुभारंभ हुआ। मातृ दिवस (10 मई) और स्व. फिनोमेन एंथोनी की स्मृति में आयोजित यह स्पर्धा नागदा के मदर मैरी हायर सेकेंडरी स्कूल में संपन्न हो रही है।

उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के सचिव कमल नंदवाना ने बताया कि इस चैंपियनशिप में सब-जूनियर, जूनियर, सीनियर और मास्टर्स (महिला/पुरुष) वर्ग के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रहे हैं। आयोजन की संयोजिका श्रीमती मारिया शेखावत और सह-संयोजक मनोज कपासिया हैं।

कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ शक्ति के देवता भगवान हनुमान के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्वलन और फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक दिलीप सिंह शेखावत, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष अशोक मालवीय, राज्य शरीर सौष्ठव संस्था के अध्यक्ष जितेंद्र सिंह कुशवाहा, उज्जैन जिला पावरलिफ्टिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष जय सिंह यादव, संस्था उपाध्यक्ष शोएब कुरैशी, कोषाध्यक्ष नरेंद्र मालवीय, सह-सचिव अनिल चावंडा, आनंद सोलंकी और लीगल एडवाइजर अभिषेक सिंह राठौड़ मंचासीन रहे। आयोजन में पधारे सभी अतिथियों का आत्मीय स्वागत संस्था के उमेश पवार, परवेज मोहम्मद, मयंक जोशी और फहीम उस्मानी द्वारा किया गया।

---

**खाराकुआं पेढ़ी मंदिर में आयोजित सम्मान समारोह में बोले हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन**

# मुझे जो मुकाम मिला, समाज के प्रत्येक व्यक्ति का योगदान समाहित

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मुझे मेरे संगठन ने जो इस मुकाम तक पहुंचाया है, उसमें समाज के हर व्यक्ति का योगदान व सहयोग समाहित है। आप लोगों का साथ और विश्वास नहीं होता तो शायद मैं इस पद तक नहीं पहुंच पाता। इसलिए पूरे जैन समाज के प्रति मैं कृतज्ञ एवं आभारी हूं। रही बात पद की तो वह समय के साथ आते-जाते रहते हैं, लेकिन आप सभी का सहयोग मुझे हमेशा मिलता रहे, यही कामना करता हूं। ये उद्गार मध्य प्रदेश हाउसिंग बोर्ड के नवनियुक्त अध्यक्ष ओम जैन ने अपने सम्मान समारोह के दौरान व्यक्त किए।

रविवार को खाराकुआं पेढ़ी मंदिर उपाश्रय में श्री ऋषभदेव छगनीराम पेढ़ी ट्रस्ट एवं जैन श्वेतांबर छोटे साथ ओसवाल समाज द्वारा हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष श्री जैन का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न ट्रस्ट, मंडल एवं श्री संघ द्वारा श्री जैन का क्रमवार सम्मान किया गया।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान ऋषभदेव के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन से हुई। स्वागत भाषण पेढ़ी ट्रस्ट के संरक्षक गौतमचंद धींग ने दिया एवं कार्यक्रम का संचालन समाज अध्यक्ष संजय जैन खालीवाला ने किया। पेढ़ी ट्रस्ट सचिव नरेंद्र जैन दलाल एवं डॉ. राहुल कटारिया ने बताया कि समाज के एक सामान्य सदस्य को मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एमपी हाउसिंग बोर्ड का अध्यक्ष बनाया है, जिससे पूरे जैन समाज में उत्साह एवं प्रसन्नता का माहौल है। पेढ़ी ट्रस्ट द्वारा शॉल, श्रीफल एवं प्रशस्ति पत्र भेंटकर श्री जैन का विशिष्ट अभिनंदन किया गया। प्रशस्ति पत्र का वाचन डॉ. सुभाष जैन आगमोद्धारक ने किया।

इस दौरान पेढ़ी ट्रस्ट के संरक्षक जयंतीलाल जैन तेलवाला, पारस हरणीया, निलेश सिरोलिया, सुदीप धींग, सौरभ जैन सस्ता, अशोक हरणीया, संजय संघवी, धर्मेंद्र तरवेचा, सौरभ जैन ट्रांसपोर्ट, अभय जैन मामा, मनीष कोठारी, राकेश कोठारी, अभय सिरोलिया, राजेश जैन, अभय जैन भैया, सुशील जैन, रमेश बोहरा, राहुल सर्राफ, विजय जैन बंटी, विनय डड्डा, अमित भंसाली सहित बड़ी संख्या में जैन समाजजन उपस्थित रहे।

---

**गुरुदेव शीतलराज जी म.सा. की निश्रा में सामायिक दिवस, हाउसिंग बोर्ड अध्यक्ष ओम जैन का सम्मान**

# महावीर भवन में वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ का आयोजन, पदाधिकारियों ने भेंट किया सम्मान पत्र

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री वर्धमान स्थानकवासी जैन श्रावक संघ द्वारा रविवार को नमकमंडी स्थित श्री महावीर भवन में सामायिक दिवस एवं मांगलिक का आयोजन किया गया। यह धार्मिक कार्यक्रम आचार्य प्रवर श्री हस्तीमलजी म.सा. के सुशिष्य एवं कठोर तप साधक पूज्य गुरुदेव श्री शीतलराज जी म.सा. के पावन सान्निध्य में संपन्न हुआ।

आयोजन के दौरान प्रातः गुरुदेव श्री शीतलराज जी म.सा. ने धर्मसभा को संबोधित किया। गुरुदेव की प्रेरणा से उपस्थित समाजजनों ने 'चाहे जो मजबूरी हो, एक सामायिक जरूरी हो' के संदेश को आत्मसात करते हुए सामायिक की और प्रवचन पश्चात मांगलिक श्रवण का लाभ लिया।

ओम जैन का हुआ सम्मान, गुरुदेव से लिया आशीर्वाद

कार्यक्रम के दौरान श्री संघ के वरिष्ठ श्रावक ओम जैन को मध्यप्रदेश गृह निर्माण मंडल का अध्यक्ष बनाए जाने पर संघ द्वारा उनका आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर ओम जैन ने पूज्य गुरुदेव श्री शीतलराज जी म.सा. के दर्शन कर उनसे आशीर्वाद प्राप्त किया।

संघ संरक्षक कांतिलाल भटेवरा, चंद्र प्रकाश गादिया, कैलाश चौरड़िया, अध्यक्ष संजय सूर्या, कार्याध्यक्ष संजय श्रीमाल, महासचिव वरुण श्रीमाल, उपाध्यक्ष सुरेन्द्र लिग्गा, सचिव प्रदीप सुराना, मनोज जैन लालाजी, योगेंद्र डड्ढा, सह कोषाध्यक्ष रमेश बोहरा, नवयुवक संघ अध्यक्ष राजेश भटेवरा, सचिव सुनील लिग्गा, सुशील गोरेचा, गगन गादिया, संजय नाहर, राजेश पटनी एवं समाजजनों ने ओम जैन का स्वागत किया और उन्हें सम्मान पत्र भेंट किया।

समाजजनों ने ग्रहण की गौतम प्रसादी

प्रवचन एवं मांगलिक के पश्चात सभी उपस्थित समाजजनों के लिए गौतम प्रसादी का आयोजन किया गया। इस आयोजन के लाभार्थी संजय सूर्या, संजय श्रीमाल, जिनेन्द्र सूर्या और रामचंद्र श्रीमाल परिवार रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित थीं।

---

### आत्म कल्याण संस्था ने किया समाजसेवी अनिल डागर का सम्मान



**उज्जैन।** आत्म कल्याण धार्मिक एवं पारमार्थिक संस्था द्वारा रविवार को समाजसेवी अनिल डागर का सम्मान किया गया।

लावारिस लाशों का अंतिम संस्कार करने वाले समाजसेवी अनिल डागर के सम्मान समारोह अवसर पर 'आत्म कल्याण पत्रिका' के संपादक राजेश शास्त्री, संस्था के मीडिया प्रभारी बाबूलाल कुशवाह, सचिव बालकिशन कुशवाह, जितेन्द्र प्रजापत, अनिल सोनी और आशीष कुशवाह आदि उपस्थित रहे।

---

## जाट के जिला बदर का विरोध: स्विमिंग पूल से कोठी तक पैदल मार्च करेगी कांग्रेस

### शहर कांग्रेस कार्यालय में हुई बैठक, नेताओं ने जताया आक्रोश, 11 मई को कोठी पर होगा बड़ा प्रदर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिला किसान कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक जाट पर प्रशासन द्वारा की गई जिला बदर की कार्रवाई के विरोध में कांग्रेस ने मोर्चा खोल दिया है। इस एकतरफा कार्रवाई के विरोध में रविवार को शहर कांग्रेस कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष मुकेश भाटी और डॉ. रवि राय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। वक्ताओं ने अशोक जाट पर प्रशासन की कार्रवाई को अनुचित और द्वेषपूर्ण बताते हुए इसका कड़ा विरोध दर्ज कराया। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि प्रशासन के इस आदेश के खिलाफ सोमवार, 11 मई को सुबह 11 बजे कांग्रेस कार्यकर्ता स्विमिंग पूल पर एकत्रित होंगे। यहां से सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता पैदल मार्च करते हुए कोठी पहुंचेंगे और वहां प्रशासन के खिलाफ बड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे।

संगठन महासचिव अजय राठौर ने बताया कि बैठक में मुख्य रूप से राजेश राणा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अशोक सारवान, धीरज यादव, अभिषेक शर्मा, आनंद मीणा, संचित शर्मा, रहीम लाला, बबलू खींची, दुर्गेश धवन, चंद्र भान सिंह चंदेल, धर्मेंद्र ठाकुर, इरशाद कुरेशी, पवन यादव, गजेंद्र मारोठिया, पार्षद छोटे लाल मंडलोई, ओम प्रकाश रामी, वीरेंद्र गोसार, दीनू बड़ोदिया, सुरेश वासनिक, मनीष गोमे, वरुण शर्मा, संजय अरोरा, शाहिद सिद्दीकी, सोनिया ठाकुर और राज उदयवाल सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

## भाविप महाकाल शाखा के अध्यक्ष बने मुले, नवीन कार्यकारिणी ने ग्रहण किया दायित्व

### विधायक कालूहेड़ा ने नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने का किया आह्वान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन




भारत विकास परिषद महाकाल शाखा का दायित्व ग्रहण समारोह माधव क्लब में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। समारोह में सत्र 2026-27 के लिए नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

शाखा संस्थापक दीपक राजवानी ने बताया कि महानगर समन्वयक एवं शपथ अधिकारी डॉ. ईश्वर सिंह सिसोदिया ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले, सचिव अशोक अग्रवाल और कोषाध्यक्ष यशी सिंह को पद की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उज्जैन उत्तर के विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने नवीन पदाधिकारियों का सम्मान कर उन्हें उज्ज्वल कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष रविंद्र वि. मुले ने संस्था में शामिल हुए नए सदस्यों को सदस्यता की शपथ ग्रहण करवाई। इस दौरान सत्र 2025-26 के निवर्तमान अध्यक्ष मोहन राजवानी और सचिव मोहन सिंह हिंगोले को उनके सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी गई। विधायक कालूहेड़ा ने अपने उद्बोधन में नवीन कार्यकारिणी को शुभकामनाएं देते हुए आगामी सत्र में नदी किनारे निर्मित नए घाटों पर छायादार पौधे लगाने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि ओम जैन ने भी नई कार्यकारिणी को सफल कार्यकाल के लिए बधाई दी। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में डॉ. राजेश पंड्या भी उपस्थित रहे। समारोह में विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा और ओम जैन का सम्मान पत्र शाखा संस्थापक नीलम टकसाली ने पढ़ा, जिसके बाद पदाधिकारियों ने उन्हें यह पत्र भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम के संयोजक तुलसीदास राजवानी थे। संचालन गीता अग्रवाल ने किया तथा अंत में आभार मोहन सिंह हिंगोले ने माना।

# रेडक्रॉस के नवीन कार्यालय, एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन का शुभारंभ

## समाजसेवा में दानदाताओं की सहभागिता बनी प्रेरणा

ब्रह्मास्त्र ›› रतलाम



भारतीय रेडक्रॉस सोसाइटी जिला रतलाम द्वारा गुलाब चक्कर स्थित नवीन भवन में नवीन कार्यालय, आधुनिक एम्बुलेंस एवं हेल्पलाइन सेवा का शुभारंभ सेवा, सहयोग एवं सामाजिक समर्पण के प्रेरणादायी वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता एवं रेडक्रॉस संस्थापक हेनरी ड्यूनांट के चित्र पर माल्यार्पण एवं रेडक्रॉस मंत्र वाचन के साथ हुई। मंत्र वाचन राजेश राका द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश शासन के पूर्व गृहमंत्री हिम्मत कोठारी थे। अध्यक्षता नगर निगम अध्यक्ष मनीष शर्मा ने की। विशेष अतिथि के रूप में समाजसेवी एवं दानदाता विकास सरदारमल छाजेड़, जयंतीलाल डांगी एवं हीरालाल डांगी उपस्थित रहे, जिनके सहयोग से यह सेवा प्रकल्प समाज को समर्पित हो सका।

स्वागत उद्बोधन में रेडक्रॉस चेयरमैन प्रितेश गादिया ने कहा कि रेडक्रॉस की हर सेवा के पीछे समाज के दानदाताओं का विश्वास, संवेदनशीलता और सहयोग सबसे बड़ी शक्ति है। प्रितेश गादिया ने दो नई घोषणाएं करते हुए बताया कि सरकारी एवं निजी अस्पतालों में दवाई संग्रहण केंद्र प्रारंभ किए जाएंगे तथा रेडक्रॉस सेवा संकुल का निर्माण कर युवाओं एवं बच्चों को सेवा संस्कारों से जोड़ा जाएगा।

मुख्य अतिथि हिम्मत कोठारी ने कहा कि सेवा और दान भारतीय संस्कृति की आत्मा हैं। नगर निगम अध्यक्ष मनीष शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस आज समाज के लिए विश्वास का केंद्र बन चुका है और दानदाताओं की सकारात्मक भागीदारी से संस्था निरंतर नई ऊंचाइयों की ओर बढ़ रही है।

दानदाता विकास छाजेड़ एवं जयंतीलाल डांगी ने अपने उद्बोधन में पूर्व रेडक्रॉस अध्यक्ष स्व. महेंद्र गादिया को याद करते हुए उनकी सेवाओं को नमन किया तथा समाज के सक्षम लोगों से सेवा कार्यों में आगे आने की अपील की। कार्यक्रम में नेत्रदान एवं सामाजिक सहयोग करने वाले हार्दिक मेहता, अक्षय संघवी, राजेश माहेश्वरी एवं कुसुम मूणत का सम्मान किया गया।

अतिथियों का स्वागत रेडक्रॉस के चेयरमैन प्रितेश गादिया,वाइस चेयरमैन सुशील मूणत, कोषाध्यक्ष संजय लूनिया, संचालक मंडल सदस्य अशोक जैन लाला ,हेमंत मूणत, सुनील पारीख दिनेश बरमेचा,राजेश राका, डॉ सुलोचना शर्मा ,सचिव मानस पुरोहित द्वारा किया गया।

इस अवसर पर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष गोविंद काकानी, जूनियर रेडक्रॉस के सुभाष कुमावत, जय तलेरा, अनिल झालानी, बबीता श्रीवास्तव सहित नेत्रम संस्था, रोटरी क्लब, लायंस क्लब, जैन सोशल ग्रुप, सेवा भारती, दोस्ती फाउंडेशन, सनातन सोशल ग्रुप, सिंधी समाज, माहेश्वरी समाज एवं सकल जैन श्रीसंघ के अनेक पदाधिकारी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# शिवना शुद्धिकरण अभियान के 111वें दिन जूटे सैकड़ों हाथ, श्रमदान कर निकाला 4 ट्राली कचरा

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर



पवित्र शिवना नदी को स्वच्छ बनाने का संकल्प अब एक जन-आंदोलन का रूप ले चुका है। शुद्धिकरण अभियान के 111वें दिन रविवार को निम्बोद सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं, महिलाओं और विभिन्न सामाजिक संगठनों ने उत्साह के साथ श्रमदान किया। विधायक विपिन जैन के नेतृत्व में चले इस अभियान के दौरान नदी से भारी मात्रा में गाद, प्लास्टिक कचरा और जलकुंभी निकाली गई, जिससे लगभग 4 ट्राली अपशिष्ट बाहर किया गया।

श्रमदान में पत्रकार अब्दुल वाहिद रईस,गायत्री प्रसाद शर्मा, तुलसीराम राठौर,सोनू गुप्ता, संजय भाटी,दीपक माली,विजेंद्र फाफरिया,जांगड़ा पोरवाल समाज न्यास मंदसौर से जगदीश चंद्र सेठिया,रामगोपाल गुप्ता, अशोक धनोतिया, महेश मोदी, अशोक मांदलिया, जगदीश रत्नावत, योगेश गुप्ता, रामगोपाल सेठिया, राजेश सेठिया, रमेशचंद्र सेठिया, जगदीश काला, जगदीश सेठिया, शुभ दानगढ़, शिव नारायण मंडवारिया, राजेश फरक्या, रूपचंद सेठिया, डॉ नवीन चौधरी, बालकृष्ण पोरवाल, निम्बोद गांव से निर्भयराम गोयल, किशोर गोयल, कमलेश कुमावत, कमलेश जैन, सोनाली जैन, इष्टा भाचावत, राखीसत्रावाला,अनीता भदोरिया, तरूण खिंची, राज नारायण लाड़,दिलीप देवड़ा, विकास दशोरा ,मनोहर नाहटा, संजय नाहर,रमेश ब्रिजवानी, विश्वास दुबे, योगेंद्र जोशी, अजय सोनी, महेश गुप्ता, राकेश सेन, राजेश खिंची,सादिक गोरी, अकरम खान, साबिर इलेक्ट्रिशियन, शिव शंकर सोलंकी आदि श्रमदान में उपस्थित रहे। विधायक जैन ने शहरवासियों से आह्वान किया कि वे प्रतिदिन सुबह 7 से 9 बजे के बीच अपना श्रमदान सुनिश्चित करें ताकि शिवना के स्वरूप को पुनः निखारा जा सके। इस दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी और समाज सेवी उपस्थित रहे।

# सोशल मीडिया पर बंदूक लहराकर रील बनाना पड़ा भारी; पुलिस ने अवैध कट्टे के साथ तीन आरोपियों को दबोचा



ब्रह्मास्त्र ›› मन्दसौर

जिले के गरोठ थाना पुलिस ने इंस्टाग्राम और व्हाट्सएप पर बंदूक लहराते हुए रील वायरल करने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक अवैध देशी कट्टा, दो जिंदा कारतूस, दो एयर गन और वारदात में प्रयुक्त बिना नंबर की काले रंग की महिंद्रा स्कार्पियो जब्त की है।प्राप्त जानकारी अनुसार पुलिस को 9 मई को सोशल मीडिया के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई थी कि खड़ावदा शराब दुकान के सामने कुछ युवक बंदूक लहराकर रील बना रहे हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल टीम गठित कर वीडियो में दिख रहे युवकों की पहचान की गई। मुखबिर की सूचना पर सेमरोल गांव के कच्चे रास्ते से बारामासी-नारायणी रोड पर घेराबंदी कर आरोपी कमलसिंह निवासी कुंडला खुर्द, विनोद निवासी बारामासी तथा बालू उर्फ बालमुकुंद निवासी बरखेड़ा उदा को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान आरोपियों के पास से अवैध हथियार और बिना नंबर की स्कार्पियो बरामद हुई। आरोपियों के विरुद्ध थाना गरोठ में आर्म्स एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है।

# पारंपरिक वेशभूषा में जुटे भाजपा कार्यकर्ताओं को मिला दिग्गजों का मार्गदर्शन

ब्रह्मास्त्र ›› मंदसौर

जिले के दलौदा स्थित निजी गार्डन में आयोजित जिला भाजपा का दो दिवसीय पं. दीनदयाल उपाध्याय जिला प्रशिक्षण वर्ग-2026 सांगठनिक ऊर्जा और वैचारिक स्पष्टता के संकल्प के साथ संपन्न हुआ। 12 विभिन्न सत्रों में चले इस गहन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ वंदे मातरम गान, ध्वजारोहण एवं प्रदर्शनी अवलोकन के साथ हुआ। इस वर्ग की विशेषता प्रथम दिन का नवाचार रहा, जिसमें पुरुष कार्यकर्ता पारंपरिक धोती-कुर्ते में और मातृशक्ति केसरिया परिधान में उपस्थित रहकर भारतीय संस्कृति का परिचय देते नजर आए। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय नेता स्व. प्रमोद महाजन की भाषण कला पर आधारित वीडियो क्लिप भी दिखाई गई।

प्रशिक्षण वर्ग में प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी विजय दुबे ने वैचारिक अधिष्ठान विषय पर एकात्म मानव दर्शन और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की व्याख्या की, जबकि शाजापुर विधायक अरुण भीमावद ने जनसंघ से भाजपा तक की विकास यात्रा पर प्रकाश डाला। कैबिनेट मंत्री इंदरसिंह परमार ने प्रदेश सरकार की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। प्रभारी मंत्री निर्मला भूरिया की अध्यक्षता में सांसद सुधीर गुप्ता ने देश के समक्ष मौजूद राजनीतिक और सामाजिक चुनौतियों पर अपना वक्तव्य रखा। वहीं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने गरीब कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन में संगठन की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। संगठन की कार्य पद्धति और विस्तार पर चर्चा करते हुए देवास सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी, नीमच विधायक दिलीप सिंह परिहार, खातेगांव विधायक आशीष शर्मा और जिला संगठन प्रभारी दिलीप सकलेचा ने कार्यकताओं को बूथ प्रबंधन, अनुशासन और जनसेवा के संस्कारों से परिचित कराया।

## खबर एक नजर...

### तेज धूप और लू ने बढाई परेशानी, अस्पतालों में मरीजों की संख्या बढी

**सारंगपुर।** सारंगपुर क्षेत्र में भीषण गर्मी का असर एक बार फिर बढ गया है। पिछले कुछ दिनों से तापमान लगातार बढ रहा है। दोपहर के समय पारा 42 से 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच रहा है, जबकि सुबह का तापमान 26 से 27 डिग्री सेल्सियस के आसपास बना हुआ है। तेज धूप और गर्म हवाओं (लू) के कारण आम जनजीवन प्रभावित हो रहा है। दोपहर के समय बाजारों और सडकों पर लोगों की आवाजाही कम दिखाई दे रही है। मजदूर, राहगीर और खुले में काम करने वाले लोग सबसे ज्यादा परेशानी झेल रहे हैं।गर्मी का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी दिखने लगा है। जिला अस्पताल, निजी अस्पतालों और क्लीनिकों में उल्टी, चक्कर, सिरदर्द, डिहाइड्रेशन और बुखार के मरीजों की संख्या बढ गई है। डॉक्टरों के अनुसार तेज धूप और शरीर में पानी की कमी के कारण लोग बीमार पड रहे हैं। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों को दोपहर 12 बजे से शाम 4 बजे तक तेज धूप से बचने की सलाह दी है। साथ ही अधिक पानी पीने, हल्के और सूती कपडे पहनने तथा बाहर निकलते समय सिर ढंककर रखने की अपील की गई है। गर्मी बढने के साथ ही बाजारों में कूलर, पंखे और ठंडे पेय पदार्थों की मांग भी बढ गई है। मौसम विभाग ने आने वाले दिनों में तापमान में और बढोतरी की संभावना जताई है। फिलहाल गर्मी से राहत मिलने के आसार कम नजर आ रहे हैं।

### विशेष रेल से ज्योतिर्लिंग सोमनाथ के दर्शन कर लौटे श्रद्धालु

**सारंगपुर।** सनातन संस्कृति, राष्ट्रगौरव एवं हिंदू स्वाभिमान के प्रतीक आदि ज्योतिर्लिंग सोमनाथ में आयोजित सोमनाथ स्वाभिमान पर्व के अंतर्गत सारंगपुर सहित जिलेभर के श्रद्धालुओं ने विशेष रेल द्वारा प्रभास-पट्टन पहुंचकर भगवान सोमनाथ के दर्शन किए। यात्रा से लौटे श्रद्धालु आस्था, विश्वास और गौरव की दिव्य अनुभूति से अभिभूत दिखाई दिए। यह ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक यात्रा मध्यप्रदेश शासन के मुख्यमंत्री मोहन यादव के प्रेरणादायी नेतृत्व तथा क्षेत्रीय विधायक एवं मध्यप्रदेश शासन में राज्यमंत्री गौतम टेटवाल के विशेष प्रयासों से संपन्ना हुई। शासन द्वारा विशेष रेल की व्यवस्था किए जाने से बडी संख्या में श्रद्धालुओं को सोमनाथ धाम पहुंचने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। हर-हर महादेव एवं जय सोमनाथ के जयघोषों के साथ श्रद्धालुओं का जत्था उत्साहपूर्वक रवाना हुआ। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए उत्कृष्ट अतिथि सत्कार की व्यवस्था की गई थी। गरम चाय, सुगंधित कॉफी, पौष्टिक एवं स्वादिष्ट अल्पाहार, पौष्टिक भोजन, फलाहार एवं शीतल पेय पदार्थों ने यात्रियों को विशेष आनंद प्रदान किया। सेवाभावी कार्यकताओं की मधुर मुस्कान, विनम्र व्यवहार एवं आत्मीय सेवा भावना ने यात्रा को पारिवारिक उत्सव का स्वरूप प्रदान कर दिया।

### संजीत नाका स्थित प्राचीन शीतला माता मंदिर का होगा कायाकल्प

**मंदसौर।** महारानी लक्ष्मीबाई चौराहा संजीत नाका स्थित अति प्राचीन शीतला माता मंदिर के भव्य जीर्णोद्धार का मार्ग प्रशस्त हो गया है। रविवार को मंदिर प्रांगण में आयोजित समिति की बैठक में यह महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। दरअसल, मुख्य सड़क के ऊँचा होने के कारण वर्षा ऋतु में मंदिर परिसर में जलभराव की समस्या उत्पन्न हो रही थी, जिसके समाधान और मंदिर की भव्यता बढ़ाने के लिए पुनर्निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाएगा। इस चमत्कारी मंदिर में माँ शीतला के साथ माँ दुर्गा और भगवान शिव भी विराजमान हैं। बैठक में समाजसेवी गुरुचरण बग्गा, श्रवण कुमार त्रिपाठी, अध्यक्ष अर्जुन डाबर, संयोजक राजेश गुर्जर सहित कई पदाधिकारी उपस्थित थे। समिति सचिव कन्हैयालाल सोनगरा ने बताया कि जनसहयोग और श्रद्धा के साथ इस कार्य को संपन्न किया जाएगा।

### खटिक समाज के छात्रावास व मांगलिक भवन निर्माण हेतु समिति का गठन

**मंदसौर।** रविवार को सकल खटीक समाज की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के सर्वांगीण विकास हेतु छात्रावास सह मांगलिक भवन निर्माण का बड़ा निर्णय लिया गया। शासन द्वारा ग्राम मुंदड़ी के सर्वे नंबर 377 में से आवंटित 40 आरी भूमि पर निर्माण कार्य को गति देने के लिए सर्वसम्मति से एक विशेष निर्माण समिति का गठन किया गया है। इस समिति के अध्यक्ष पद पर दिलीप सांवलिया और सचिव पद पर बलराम खोईवाल को निर्वाचित किया गया। नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का समाजजनों ने पुष्पहारों से भव्य स्वागत किया। समाज के वरिष्ठों ने विश्वास जताया कि मुंदड़ी में बनने वाला यह परिसर आने वाली पीढ़ी के लिए शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र साबित होगा। इस ऐतिहासिक पहल से संपूर्ण खटीक समाज में हर्ष का माहौल है।

### नवनियुक्त अध्यक्ष का शाल साफा श्रीफल भेंट कर स्वागत किया

**पिपलिया मंडी।** रतलाम विकास प्राधिकरण के नवनियुक्त अध्यक्ष श्री मनोहरलाल पोरवाल रतलाम (मध्यप्रदेश शासन द्वारा नियुक्त) का नाहरगढ़ खात्याखेड़ी के पास डपकरा परिवार के श्री भेरूजी महाराज मंदिर बराड़ा -बराड़ी दर्शन हेतु प्रथम आगमन हुआ जहाँ पर सपरिवार कुलदेवता का विधि विधान से मंदिर के पुजारी दिलखुश शर्मा द्वारा पूजन कराया गया तत्पश्चात शाल साफा श्रीफल भेंट कर स्वागत सम्मान किया गया तत्पश्चात हिंगोरिया बिल्लोद रोड से श्री भेरुजी महाराज मंदिर तक स्वीकृत डामरीकरण सडक के कार्य का ठेकेदार की उपस्थिति मे जेसीबी, पोखलैंड का विधिवत पूजन कर सडक कार्य का शुभारम्भ किया गया ! इस अवसर पर मल्हारगढ़ विधानसभा के वरिष्ठ भाजपा नेता श्री प्रकाश जी पोरवाल रिंछा वाला पिपलिया मण्डी, देवीलाल जी गुप्ता सा मारसाब, अखिल भारतीय पोरवाल युवा संघठन के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविन्द डपकरा पिपलिया मण्डी, वर्तमान राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया मन्दसौर मुकेश गुप्ता (वंदना) नाहरगढ़, कृष्ण बल्लभ डपकरा कचनारा, अनिल पोरवाल रतलाम, सुनील पोरवाल रतलाम, बंशीलाल गुप्ता खात्याखेड़ी, श्यामलाल धनगर खात्याखेड़ी एवम आसपास के जन प्रतिनिधि और ग्रामीण जन उपस्थित थे।

# भीषण गर्मी से सूने पडे बाजार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर



सारंगपुर एवं आसपास क्षेत्र में शनिवार को भीषण गर्मी और लू के कारण सामान्य जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा। दोपहर के समय शहर की मुख्य सडकों और बाजारों में सन्नाटा पसरा रहा। सुबह से ही तापमान में हो रही बढोतरी और गर्म हवाओं के कारण लोगों ने घरों से बाहर निकलना कम कर दिया है।

मौसम विशेषज्ञ ने बताया कि शनिवार को शाजापुर का अधिकतम तापमान 42 डिग्री सेल्सियस के करीब रहा। इससे पहले शुक्रवार रात का न्यूनतम तापमान 25.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। भीषण गर्मी का सबसे अधिक असर दोपहिया वाहन चालकों पर देखा जा रहा है।

तेज धूप से बचने के लिए लोग हेलमेट, चेहरे पर गमछा और आंखों पर चश्मा लगाकर ही बाहर निकल रहे हैं। बेहद आवश्यक कार्य होने पर ही लोग दोपहर में बाहर आ रहे हैं। प्रशासन और विशेषज्ञों ने भी लू की स्थिति को देखते हुए दोपहर के समय घरों में रहने की सलाह दी है। मौसम विभाग के पूवार्नुमान के अनुसार, अगले 4 से 5 दिनों तक तापमान 43 से 44 डिग्री सेल्सियस के आसपास ही बना रहेगा।

### गन्ने के रस की दुकानों पर ग्राहकों की भीड

बाजारों में सन्नाटा पसरा हुआ है, लोग केवल आवश्यक काम होने पर ही घरों से बाहर निकल रहे हैं। गर्मी से राहत पाने के लिए लोग शीतल पेय पदार्थों का सहारा ले रहे हैं। गन्नो का जूस, कुल्फी, बर्फ के गोले, पेप्सी, कोल्ड्रिंग और आम रस की दुकानों पर ग्राहकों की भीड बढ गई है। शाम 5.30 बजे के बाद गर्मी का असर कम होने पर बाजारों में चहल-पहल फिर से बढ जाती है। डॉक्टर मनीष चौहान ने भी दोपहर के समय धूप में निकलने से बचने, अधिक पानी पीने और बच्चों व बुजुर्गों का विशेष ध्यान रखने की अपील की है। गर्मी के बढते प्रकोप के बीच जिले में ठंडे पेय पदार्थ, गन्नो का रस, लस्सी और आइसक्रीम की मांग बढ गई है।

## भाजपा मंडल की मासिक बैठक में मंत्री हुए शामिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर

भारतीय जनता पार्टी मंडल गुलावता की अति आवश्यक मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विशेष रूप से मध्य प्रदेश सरकार के मंत्री डा. गौतम टेटवाल के साथ-साथ भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर एवं जनपद अध्यक्ष देवनारायण नागर, भाजपा वरिष्ठ नेता निर्मल जैन एवं मंडल प्रभारी बनवारी सोनी के साथ अतिथियों का मंडल कार्यकताओं को विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उक्त जानकारी देते हुए मंडल महामंत्री डॉ बालू सिंह वर्मा द्वारा बताया कि सर्वप्रथम बैठक में महापुरुषों के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर विधिवत रूप से पूजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष गिरवर सिंह भंडारी द्वारा की गई। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष ज्ञान सिंह गुर्जर द्वारा संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र व राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संदेश दिया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित टेटवाल द्वारा बैठक को संबोधित करते हुए कहा पूरे विश्व में भारतीय जनता पार्टी के विशेष पहचान है जो अपने अनुशासन के लिए जानी जाती है, कार्यकर्ता उसकी रीड है। बैठक में विशेष रूप से उपस्थित ओम सोनी, ओमप्रकाश पटेल, देवनारायण पाटीदार, सुभाष चंद्र पाटीदार, रघुराज सिंह सोलंकी, ललित नागर, मोहन सिंह पाल, बाबूलाल पाल, राजेश पाटीदार, दीपक शर्मा, दिग्विजय सिंह, बाबूलाल, जगदीश नागर, मुकेश शर्मा, पुरुषोत्तम पाटीदार, डॉ संजीव अंगर, रतन सिंह राजपूत आदि उपस्थित थे।



## समर्पण भाव से जनगणना का काम कर रही शिक्षिका छाबड़ा

महिदपुर रोड ! ग्राम डेलची खुर्द के खेड़ा क्रमांक २ के शासकीय प्राथमिक विद्यालय में पदस्थ वरिष्ठ शिक्षिका संतोष छाबड़ा का दो माह बाद ३१ जुलाई को शासकीय सेवा से सेवानिवृत होने जा रही है इसके बावजूद शिक्षिका जनगणना कार्य में अपनी ड्यूटी पूरी समर्पण भावना से कर रही है क्षैत्र के सेक्टर सुपर वाइजर कुलदीप उपाध्याय ने बताया ग्राम डेलची खुर्द में तीन प्रगणक जनगणना का कार्य कर रहे हैं जिनमें वरिष्ट शिक्षिका संतोष छाबड़ा प्रगणक क्रमांक 49 को को जनगणना कार्य में 199 मकानों जिनमें शासकीय भवन तथा अन्य गैर आवासीय मकान शामिल होकर उनकी जानकारी संकलित करना थी शिक्षिका छाबड़ा ने घर-घर जाकर पूरी जानकारी मोबाइल से अपडेट कर अपने सुपरवाइजर तथा अन्य रिस्पासेबल अधिकारियों को समय सीमा से पूर्व संकलित कर भेज दी।

## न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ

महिदपुर। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली एवं मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के आदेशानुसार माननीय अध्यक्ष/प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, उज्जैन, श्री पी.सी. गुप्ता साहब के निदेर्शानुसार जिला एवं सत्र न्यायालय, तहसील महिदपुर के न्यायालय परिसर में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम खण्डपीठ श्री कमलेश सनोड़िया, तृतीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, द्वितीय खण्डपीठ में सुश्री चेतना दशोरा, व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तृतीय खण्डपीठ में श्री दीपक दाहिया प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेंट, प्रथम श्रेणी एवं चतुर्थ खण्डपीठ में सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव द्वितीय व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड एवं न्यायिक मजिस्ट्रेंट, प्रथम श्रेणी, महिदपुर गठित की गई। नेशनल लोक अदालत का उद्घाटन प्रातः 11 बजे न्यायालय परिसर में तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष, श्री कमलेश सनोड़िया, न्यायाधीश सुश्री चेतना दशोरा, श्री दीपक दाहिया एवं सुश्री रत्नप्रिया श्रीवास्तव, अधिवक्ता संघ के सचिव, श्री शंकर सिंह तोमर एवं उपाध्यक्ष श्री पल्लव मुखिया द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

## मातृ दिवस पर चौपड़ा परिवार की मातुश्री श्रीमती श्रीकांता चौपड़ा के नेत्र देहदान संपन्न

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

आज के मातृ दिवस पर एक और तो पूरा देश मातृ वंदना में लगा हुआ था और ऐसी ही स्थिति में चौपड़ा परिवार में श्रीमती श्रीकांता बाई (75 वर्ष)धर्मपत्नी स्व.श्री सुरेशचंद चौपड़ा का रात्रि 3 बजे अरिहंत शरण हो गया।परिवार जनों ने तत्काल स्व-प्रेरणा से नेत्रदान देहदान प्रेरक जवाहर डोसी पीयूष से संपर्क कर नेत्रदान और देहदान की इच्छा व्यक्त की। इस पर डोसी ने बड़नगर गीता भवन न्यास समिति के देहदान नेत्रदान प्रभारी डॉ.जी एल ददरवाल को नेत्र उत्सर्जन के लिए आने का निवेदन किया। परमानंद पंवार भी सहयोगी के रूप में पधारे।गीता भवन न्यास समिति के तत्वावधान में यह 966 वां नेत्रदान रहा।स्थानीय स्तर पर अरुण बुरड और राजेंद्र कोठारी का सराहनीय सहयोग रहा।

इस मामले में एक विशिष्ट उल्लेखनीय तथ्य यह कि दो दिन पूर्व ही श्रीमती श्रीकांता बाई ने अपने देहदान किए जाने का लिखित में सहमति प्रपत्र परिवार जनों को दिया था। महिदपुर वासियों को जिनको भी यह बात पता लगी उन्होंने इस पर बहुत ही आश्चर्य और संयोग का मिश्रित भाव प्रकट किया।

देहदान के लिए अरविंदो चिकित्सालय इंदौर से संपर्क कर रमेशचंद्र,वर्धमान गादिया ने श्री सुनील छिपानी और श्री राजेश ॥ह्ष्ठ से सामंजस्य बैठाकर महिदपुर आने की अनुकूलता बनाई।आप मनोज,प्रवीण की माताजी,सौरभ शुभम चयन पर्व कीदादीजी, बबलू की बड़ी मम्मी तथा श्री शांतिलाल सोनी की बड़ी बहन थीं।आपका मायका और ससुराल दोनों ही नगर में अति समीप दो मोहल्ले में रहा। आज का अजीब संयोग देखिए कि आज देश भर में मातृ दिवस मनाया जा रहा है। प्रतिवर्ष मई माह के दूसरे रविवार को यह दिवस सन् 1914 से संयुक्त राष्ट्र अमेरिका में मनाया जाता है। हर बार सटीक दिवस,पर तारीख हर साल बदलती रहती है।इस परिप्रेक्ष्य में भी यह नेत्र/देहदान बहुत ही सटीक, सार्थक, अनुकरणीय,प्रेरणादायी बना। मध्यप्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 1 जुलाई 2025 को एक आदेश जारी कर देहदान अंगदान प्रदाता को शासकीय सम्मान गार्ड ऑफ ऑनर देने का आदेश पारित किया।

## भगवान परशुराम जी के सिद्धांतो को अपनाने की आवश्यकता है- पंडित मानावत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ महिदपुर

नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव एवं जगतगुरु शंकराचार्य जयंती महोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो जेल रोड स्थित सहस्त्र औदिच्य ब्राम्हण समाज धर्मशाला से शुरू हुई। शोभायात्रा में बैंड, डीजे, ढोल आदि शामिल थे। सबसे आगे भारत माता व रानी लक्ष्मीबाई के स्वरूप में बालिकाएं घोडे पर सवार थी।

रथ में परशुराम जी के चित्र के साथ भगवान परशुराम जी के स्वरूप में बालक शामिल था। दुसरे रथ में भागवताचार्य पं. श्यामस्वरूप जी मनावत, उज्जैन विराजीत थे। युवा वर्ग धर्मध्वजा व भगवान परशुरामजी के शस्त्र प्रतिक फरसे को लहरते हुए जय घोष लगा रहे थे। महिला मंडल- बालिकाएं गरबा व भजनों पर नृत्य कर रही थी। नगर में शोभायात्रा का जगह जगह स्वागत हुआ समापन पुनः मंदिर पहुंच धर्मसभा के रूप में हुआ।

यहां पर दीप प्रजवल किया गया। मुख्यवक्ता पं. श्याम स्वरूपजी मनावत थे। अध्यक्षता समाजसेवी गुलजारीलाल त्रिवेदी



नागदा ने की। अतिथि केबिनेट मंत्री रमेशचंद्र शर्मा, बडनगर विधायक जितेंद्र पंडया, समाजसेवी माया राजेश त्रिवेदी उज्जैन रही।

पं. मनावतजी ने उदबोधन में कहा कि वर्तमान में भगवान परशुराम जी के सिद्धांतो को अपनाने की आवश्यकता है। वही ब्राम्हत्व की रक्षा करने वालों का सम्मान भी होना चाहिए। संस्कारों के लिए माता पिता को चाहिए कि अपने बच्चों को सामाजिक, पारिवारिक कार्यक्रमों शामिल करना चाहिए।

## डॉ. प्रिया गुप्ता का पूर्व नपाध्यक्ष सादानी ने किया स्वागत

सारंगपुर। शहर के वरिष्ठ समाजसेवी कृष्णगोपाल गुप्ता की सुपुत्री एवं शहर लाडली प्रिया गुप्ता ने चिकित्सा क्षेत्र में एक बडी उपलब्धि हासिल करते हुए एमबीबीएस की डिग्री प्राप्त की है। प्रिया की इस सफलता से न केवल उनके परिवार में खुशी का माहौल है, बल्कि उन्होंने पूरे सारंगपुर क्षेत्र का नाम गौरवान्वित किया है। शनिवार को नगर के पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष रूपल प्रमोद सादानी ने प्रिया गुप्ता के डॉक्टर बनने की उपलब्धि पर उनके निवास स्थान पर पहुँचकर उनका भव्य स्वागत व सम्मान किया। श्रीमती सादानी ने कहा कि प्रिया जैसी बेटियाँ समाज के लिए प्रेरणा हैं, जो अपनी कड़ी मेहनत और समर्पण से ऊँचे मुकाम हासिल कर रही हैं। सादानी ने कहा कि बेटियों की सफलता समाज की प्रगति का आईना है। डॉ. प्रिया ने अपनी मेहनत से यह सिद्ध कर दिया है कि लक्ष्य के प्रति दृढ़ निश्चय हो तो कोई भी मंजिल कठिन नहीं है। इस गौरवमयी उपलब्धि पर इष्ट-मित्रों, शुभचिंतकों और स्थानीय नागरिकों ने डॉ. प्रिया गुप्ता और उनके पिता कृष्णगोपाल गुप्ता को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# सारंगपुर बस स्टेण्ड पर बिगड़ती यातायात व्यवस्था से जनता परेशान

### प्रशासन की चुप्पी बढ़ा रही जाम का जंजाल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सारंगपुर



शहर की यातायात व्यवस्था इन दिनों पूरी तरह पटरी से उतर चुकी है। विशेष रूप से मुख्य बस स्टैंड क्षेत्र में स्थिति इतनी विकट हो गई है कि यहाँ से गुजरने वाली बसें चींटी की चाल से चलती है। इनके कारण घंटों तक लगने वाले लंबे जाम ने न केवल यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी है, बल्कि स्थानीय निवासियों और व्यापारियों का जीना भी मुहाल कर दिया है।

घंटों का सफर मिनटों में नहीं, मिनटों का सफर घंटों में सारंगपुर बस स्टैंड क्षेत्र में अव्यवस्था का आलम यह है कि महज कुछ मीटर की दूरी तय करने में वाहनों को २० से आधा घंटा लग रहा है। यात्री बसों के चालक सवारियों के लालच में बस स्टैंड के मुहाने पर ही वाहनों को खड़ा कर देते हैं। सडक के बीचों-बीच बसें खड़ी होने के कारण पीछे आने वाले दोपहिया और चार पहिया वाहनों की लंबी कतारें लग जाती हैं। भीषण गर्मी के इस मौसम में जाम में फंसे यात्री, विशेषकर वृद्ध, महिलाएं और बच्चे पसीने से तर-बतर होकर प्रशासन को कोसते नजर आते हैं।

**अतिक्रमण और अवैध पार्किंग ने बिगाड़ी सूरत-** जाम की इस समस्या की मुख्य जड़ बस स्टैंड के आसपास फैला भारी अतिक्रमण है। सडक के दोनों किनारों पर हाथ ठेला चालकों और दुकानदारों ने स्थाई कब्जा कर लिया है। रही-सही कसर बेतरतीब ढंग से खड़े निजी वाहन पूरी कर देते हैं। नियमों को ताक पर रखकर बस स्टैंड के बाहर सडक पर ही बसें खड़ी की जा रही हैं, जिससे सडक की चौड़ाई आधी रह गई है। नगर पालिका और पुलिस प्रशासन द्वारा समय-समय पर कार्रवाई का दावा तो किया जाता है, लेकिन धरातल पर स्थिति जस की तस बनी हुई है।

## तहसीलदार ने उदनखेड़ी में गेहूं खरीदी का किया औचक निरीक्षण

सारंगपुर। क्षेत्र के किसानों को सुचारू रूप से फसल उपार्जन की सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रशासनिक सख्ती जारी है। इसी क्रम में शनिवार को तहसीलदार नीलम परसेंदिया द्वारा राधा कृष्ण वेयर हाउस उदनखेडी का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उपार्जन केंद्र की वास्तविक स्थिति और किसानों को मिल रही सुविधाओं का बारीकी से अवलोकन किया। निरीक्षण के समय केंद्र पर कुल 60 ट्रैक्टर ट्रॉली खडी पाई गईं। केंद्र की शेष भंडारण क्षमता 4300 क्विंटल दर्ज की गई। निरीक्षण के दौरान मौके पर 4 तौल कांटे चालू हालत में मिले। काम की गति बढाने और किसानों के समय की बचत के लिए तहसीलदार ने केंद्र प्रबंधक को तत्काल 6 तौल कांटे सक्रिय करने के कडे निर्देश दिए। केंद्र पर किसानों के बैठने के लिए उचित छाया और पीने के पानी की पर्याप्त व्यवस्था पाई गई।



## प्रीति जिंटा ने गोल्डन टेंपल में टेका माथा

**लंगर हॉल में सेवा निभाई, कहा- वाहेगुरु जी का आया बुलावा किंग्स पंजाब की जीत की अरदास**

बॉलीवुड अभिनेत्री प्रीति जिंटा शनिवार रात को अमृतसर स्थित गोल्डन टेंपल में माथा टेकने पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने गुरु घर में नतमस्तक होकर सरबत के भले की अरदास की और वाहेगुरु जी का आशीर्वाद लिया। प्रीति जिंटा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। कई लोगों ने उनके साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं। गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के बाद प्रीति जिंटा ने लंगर हॉल में सेवा भी निभाई। उन्होंने संगतों को लंगर वितरित किया और सेवा भावना के साथ गुरु घर के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। मीडिया से बातचीत करते हुए प्रीति जिंटा ने कहा, वाहेगुरु जी का बुलावा आया था, इसलिए हम यहां आए हैं।

उन्होंने बताया कि 11 तारीख को उनकी क्रिकेट टीम का महत्वपूर्ण मुकाबला है और वह टीम की जीत के लिए अरदास करने पहुंची हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि वाहेगुरु जी की कृपा से उनकी टीम शानदार प्रदर्शन करेगी और सभी मैच जीतने का प्रयास करेगी। इस दौरान उन्होंने श्रेयस अय्यर का जिक्र करते हुए कहा कि पंजाब के लोग उन्हें प्यार से सरपंच बुलाते हैं, जो टीम के लिए गर्व की बात है। प्रीति जिंटा ने पंजाब के युवाओं और क्रिकेट प्रेमियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि टीम को लोगों से भरपूर प्यार और समर्थन मिल रहा है। उन्होंने कहा कि यही प्यार खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाता है और टीम की सबसे बड़ी ताकत है। फिल्मी करियर की शुरूआत प्रीति की पहली रिलीज हुई फिल्म मणिरत्नम की फिल्म दिल से थी। इसमें उनका रोल भले ही छोटा था, लेकिन उनकी शानदार एक्टिंग ने उन्हें पहचान दिलाई। जब प्रीति फिल्म दिल से कर रही थीं, तो कई लोगों ने उन्हें डरा दिया कि फिल्म में मनीषा कोइराला उनके रोल को दबा देंगी। प्रीति थोड़ा घबराई हुई थीं, लेकिन सेट पर मनीषा के साथ काम करके उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिला।

# सेलिना जेटली ने पति पीटर हाग के खिलाफ दर्ज कराई एफआईआर

**मेरे बच्चों को हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जा रहा**

**सेलिना जेटली बोलीं- उन्हें कहीं छिपा दिया गया**

**पति पर घरेलू हिंसा और धोखे का आरोप**



**एक्ट्रेस ने बेटे की कब्र पर जाकर रोने का वीडियो शेयर किया था**

बॉलीवुड एक्ट्रेस सेलिना जेटली ने मदर्स डे के मौके पर सेलिना ने एक बेहद इमोशनल नोट शेयर किया है। उन्होंने बताया कि उन्हें उनके बच्चों से दूर रखा जा रहा है और उनका धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश हो रही है।

दरअसल सेलिना जेटली और उनके पति पीटर हाग के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। मुंबई पुलिस ने पीटर के खिलाफ घरेलू हिंसा, क्रूरता और छल के आरोपों में एफआईआर दर्ज की है। जांच में सहयोग न करने की वजह से पुलिस ने पीटर के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर भी जारी कर दिया है।

**शादी के 15 सालों में उत्पीड़न का आरोप-** सेलिना ने साल 2010 में ऑस्ट्रियाई बिजनेसमैन पीटर हाग से शादी की थी। एक्ट्रेस का आरोप है कि शादी के तुरंत बाद ही उनके साथ दुर्व्यवहार और उत्पीड़न शुरू हो गया था। सेलिना ने बताया कि वह अपने पड़ोसियों की मदद से चुपचाप उस अपमान और डर के माहौल से बचकर निकली थीं।

उनके मुताबिक, 15 साल की शादी में उनसे उनकी मेहनत की कमाई और प्रॉपर्टी छीनने की कोशिश की गई और उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित किया गया।

**बच्चों को हिंदू धर्म के खिलाफ भड़काया जा रहा-** एक्ट्रेस अपने बेटों विंस्टन और



विराज से दूर रहने के कारण काफी टूटी हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि पीटर ने बच्चों को किसी अनजान जगह पर छिपा दिया है। सेलिना ने अपने नोट में लिखा, ऑस्ट्रियाई कोर्ट के आदेश के बावजूद मुझे मेरे बच्चों से मिलने नहीं दिया जा रहा। उन्हें उनकी मां और हिंदू धर्म में उनकी आस्था के खिलाफ गुमराह कर कट्टरपंथी बनाया जा रहा है।



**50 करोड़ का हर्जाना और पुलिस कार्रवाई-** सेलिना ने पिछले साल नवंबर 2025 में अंधेरी कोर्ट में पीटर के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। उन्होंने मुआवजे के तौर पर 50 करोड़ रुपये की मांग की है। मुंबई पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता, 2023 की कई धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि पीटर जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं, इसीलिए उनके खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया गया है ताकि उन पर नजर रखी जा सके।

**दिवंगत बेटे की कब्र पर पहुंचीं सेलिना-** हाल ही में तलाक की सुनवाई के लिए ऑस्ट्रिया गई सेलिना अपने दिवंगत बेटे शमशेर की कब्र पर जाकर भावुक हो गईं। उन्होंने बताया कि उनकी 15वीं शादी की सालगिरह पर उन्हें 'गिफ्ट' के तौर पर तलाक के कागजात थमाए गए थे। सेलिना ने कहा, मुझसे सब कुछ छीन लिया गया है, लेकिन अब मैं अपनी गरिमा, सच्चाई और न्याय के लिए भारत लौट रही हूं।

**2010 में हुई थी पीटर से शादी-** सेलिना और पीटर के तीन बेटे हैं - विंस्टन, विराज और आर्थर। उनके एक बेटे शमशेर की मौत हो चुकी है। सेलिना ने आरोप लगाया है कि पीटर ने उनके भाई की कानूनी मदद रोकने के लिए बच्चों का इस्तेमाल किया और उन्हें डराया-धमकाया। फिलहाल सेलिना भारत में कानूनी लड़ाई लड़कर अपने बच्चों की कस्टडी वापस पाने की कोशिश कर रही हैं।



## एल्विश यादव से 10 करोड़ की रंगदारी मांगी

**दावा- लॉरेंस गैंग की 2 दिन में गोली मारने की धमकी; गुरुग्राम घर पर 24 गोलियां चली थीं**

यूट्यूबर एलविश यादव से लॉरेंस गैंग ने 10 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी है। विदेशी नंबर से उन्हें धमकी भरा मैसेज भेजा गया। एलविश अभी लाफ्टर सेफ नाम का शो कर रहे हैं। शो की शूटिंग के चलते अभी एलविश अभी गुरुग्राम से बाहर है। पारिवारिक सदस्यों का कहना है कि आरोपी ने धमकी में कहा- 2 दिन में पैसे नहीं दिए गए तो गोली मार देंगे। मामले की सूचना पर सेक्टर 56 थाना पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इससे पहले उनके सेक्टर 56 स्थित घर पर 17 अगस्त की सुबह 6 बजे ताबड़तोड़ फायरिंग की गई थी। आरोपियों ने एल्विश के घर पर 24 गोलियां राउंड फायरिंग की थी। मामले में दिल्ली पुलिस ने 2 शूटरों को गिरफ्तार किया था।

**विदेशी नंबर से व्हाट्सएप मैसेज मिला-** पुलिस अधिकारियों का कहना है कि एल्विश यादव ने अपनी शिकायत में बताया कि 5 मई को उनके पास विदेशी नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई थी। वह उस समय कॉल रिसीव नहीं कर पाए। इसके कुछ देर बाद उन्हें विदेशी नंबर से ही एक व्हाट्सएप मैसेज आया। जिसमें धमकी भरी बातें लिखी थीं।

**लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी बताया-** मैसेज करने वाले ने खुद को लॉरेंस बिश्नोई गैंग का नजदीकी रणदीप मलिक बताया और 10 करोड़ रुपए की डिमांड की। यह राशि दो दिन के अंदर देने के लिए कहा गया है। ऐसा न करने पर गोली मारने की धमकी दी गई।

**पिता बोले- एलविश मेहनती लड़का-** मामले पर एल्विश यादव के पिता रामअवतार यादव का कहना है कि एल्विश मेहनती लड़का है। अपनी मेहनत के बलबूते इस मुकाम पर पहुंचा है। गुरुग्राम में काफी पैसे वाले लोग भी रहते हैं। ऐसे तो कोई भी किसी से धमकी देकर पैसों की डिमांड कर लेगा। मुझे इस बारे में जानकारी नहीं है। एल्विश ने इस तरह की बातें शेयर नहीं की।

**अमीषा पटेल ने बॉलीवुड के फेक पीआर पर तंज कसा**

# 2 फिल्में करने से कोई स्टार नहीं बनता, फिल्म गदर 3 भी कन्फर्म की

एक्ट्रेस अमीषा पटेल ने बॉलीवुड में बढ़ते पीआर कल्चर और नई पीढ़ी के स्टार्स पर निशाना साधते हुए सोशल मीडिया पर कई पोस्ट शेयर किए। एक्स पर अमीषा ने सबसे पहले नेगेटिव कंटेंट बनाने वाले यूट्यूबर्स को लेकर लिखा, 'कभी भी उन कुछ नेगेटिव यूट्यूबर्स की बातों से दुखी या परेशान मत होइए, जो हर सुबह स्टार्स की आलोचना और नेगेटिव बातें करने के लिए उठते हैं। हम स्टार्स को उनसे परेशान होने के बजाय उनके लिए खुश होना चाहिए। आखिर हमारी बुराई करके ही उनका घर चल रहा है। हम उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।'

इसके बाद अमीषा ने दूसरे ट्वीट में लिखा, खुद को सुपरस्टार तभी कहिए, जब आपने ऐसा काम किया हो, जिसने इतिहास बनाया हो और बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया हो। उससे पहले खुद को सुपरस्टार कहलवाने के लिए ढफगेम खेलना बंद कीजिए। सॉरी, लेकिन यही कड़वी सच्चाई है।



### दो एवरेज फिल्मों से स्टार नहीं बनतेः अमीषा

- अगले ट्वीट में अमीषा ने लिखा, कई ऐसी एक्ट्रेसेस हैं, जिन्होंने आज तक अपने करियर में एक भी सोलो ब्लॉकबस्टर नहीं दी, फिर भी खुद को स्टार कहती हैं। साल में 2 एवरेज फिल्में करने और कुछ शूटिंग सेट्स पर मौजूद रहने से कोई स्टार नहीं बन जाता। उससे आप सिर्फ एक एक्टर बनते हैं, जो किसी प्रोजेक्ट का हिस्सा होता है।
- उन्होंने आगे लिखा, ज्यादातर ऐसी एक्ट्रेसेस, जिनकी आज तक एक भी फिल्म बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ तक नहीं पहुंची, वो अपनी पीआर टीम से खुद को नंबर 1 और नंबर 2 कहलवा रही हैं। सच में ये 2026 है, 2000 नहीं। आज के समय में 100 करोड़ कोई बड़ी बात नहीं है।



### अमीषा पटेल ने पीआर मशीनरी पर साधा निशाना

पीआर मशीनरी को लेकर एक्ट्रेस ने लिखा, कोई स्टार तभी ग्लोबल सुपरस्टार बनता है, जब वह दुनिया भर में बड़ी हिट फिल्में दे। किसी भी प्रोजेक्ट का हिस्सा बनना हर एक्टर के लिए अच्छी बात होती है, चाहे वह दुनिया में कहीं भी हो, लेकिन सुपरस्टार वही बनता है, जिसने बड़े हिट दिए हों। इसलिए पीआर मशीनरी बंद कीजिए। अपनी फिल्मों का जिक्र करते हुए अमीषा ने लिखा, कहो ना प्यार है, गदरः एक प्रेम कथा और गदर 2 एक नहीं, बल्कि बतौर हीरोइन मैंने 3 सबसे बड़ी सोलो ब्लॉकबस्टर फिल्में दी हैं। इन तीनों फिल्मों की फुटफॉल भी सबसे ज्यादा रही। आज तक ये मेरे को-स्टार्स के करियर की भी सबसे बड़ी हिट फिल्मों में गिनी जाती हैं, लेकिन बाकी एक्ट्रेसेस की तरह मेरी फेक पीआर मशीनरी इतनी मजबूत नहीं है। अमीषा ने पोस्ट में गदर 3 को लेकर भी संकेत दिए। उन्होंने लिखा, गदर 3 जरूर आएगी और जब आएगी, तो थिएटर्स में जबरदस्त हंगामा मच जाएगा। ऑडियंस के प्यार और भगवान के आशीर्वाद से गदर 3 जैसी फ्रेंचाइजी के लिए 500 करोड़ तो सिर्फ शुरूआत है। इस बार फिल्म का स्केल और कहानी पहले से भी ज्यादा बड़ी और धमाकेदार होगी तैयार रहिए। वर्कफ्रंट की बात करें तो 'भैयाजी सुपरहिट' के बाद फिल्मों में 5 साल बाद वापसी करते हुए अमीषा गदर 2 में नजर आई थीं। 'गदर 2' ने बॉक्स ऑफिस पर 500 करोड़ से ज्यादा की कमाई की थी।

### आईपीएल में लखनऊ प्लेऑफ की रेस से बाहर : चेन्नई ने 5 विकेट से हराया

# उर्विल पटेल ने 13 बॉल पर फिफ्टी लगाई

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली**

लखनऊ सुपर जायंट्स आईपीएल में प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई है। उसे चेन्नई सुपर किंग्स ने रविवार के पहले मैच में 5 विकेट से हराया। इस हार के बाद ऋषभ पंत की टीम बचे हुए मैच जीतकर भी 12 अंक तक ही पहुंच सकती है, जो प्लेऑफ के लिए काफी नहीं है।

चेपॉक स्टेडियम में चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी चुनी। लखनऊ ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 203 रन बनाए। चेन्नई ने 204 रन का टारगेट 19.2 ओवर में 5 विकेट पर चेज कर लिया। आखिरी ओवर में शिवम दुबे ने ऐडन मार्करम की बॉल पर लगातार दो छक्के मारकर टीम को जीत दिला दी।

उर्विल ने सबसे तेज फिफ्टी के रिकॉर्ड की बराबरी की उर्विल पटेल ने 33 बॉल पर 65 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 13 बॉल पर फिफ्टी लगाई। उर्विल ने आईपीएल में सबसे तेज फिफ्टी लगाने के रिकॉर्ड की बराबरी की। राजस्थान के यशस्वी जायसवाल 2023 में 13 बॉल पर फिफ्टी लगा चुके हैं। उर्विल पटेल के अलावा, कप्तान ऋतुराज गायकवाड ने 42, संजू सैमसन ने 28 और कार्तिक त्यागी ने 20 रन का योगदान दिया। लखनऊ के दिग्वेश राठी और शहबाज अहमद को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट आवेश खान के खाते में आया।



- **लखनऊ से इंग्लिस ने अर्धशतक लगाया-** जोश इंग्लिस ने 85 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। उन्होंने 33 गेंद की पारी में 10 चौके और 6 छक्के लगाए। आखिरी में शहबाज अहमद ने नाबाद 43 रन बनाए।
- **ओवर्टन प्लेयर ऑफ द मैच-** चेन्नई के जैमी ओवर्टन प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 36 रन देकर 3 विकेट झटके। अंशुल कम्बोज को 2 विकेट मिले। एक विकेट नूर अहमद को मिला।

## बेंगलुरु ने रविवार के दूसरे मैच में मुंबई को 2 विकेट से हराया

बेंगलुरु ने रविवार के दूसरे मैच में मुंबई को 2 विकेट से हरा दिया। इस मुकाबले में विराट कोहली लगातार दूसरे मैच में बिना खाता खोले आउट हुए। जबकि तिलक वर्मा ने बाउंड्री लाइन पर क्रुणाल पंड्या का शानदार रिले कैच पकड़ा। वे खुद फिफ्टी के बाद स्कूप खेलने की कोशिश में विकेट गंवा बैठे।

- **भुवनेश्वर ने तीसरे ओवर में लगातार दो विकेट लिए-** मुंबई के तीसरे ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने दो विकेट लिए। पांचवीं बॉल पर उन्होंने नकल बॉल पर रोहित शर्मा को विकेटकीपर जितेश शर्मा के हाथों कैच कराया। अगली गेंद पर सूर्यकुमार यादव को स्लिप में खड़े विराट कोहली ने लो कैच पकड़कर पवेलियन भेज दिया।
- **तिलक का कैच छूटा, मुंबई के टॉप स्कोरर रहे-** छठे ओवर में तिलक वर्मा को जीवनदान मिला। रसिख सलाम की स्लोअर गेंद पर तिलक का टॉप एज मिडविकेट की ओर गया, लेकिन सुयश शर्मा आसान कैच नहीं पकड़ सके। गेंद उनके हाथों से निकल गई। तिलक उस समय 11 रन पर खेल रहे थे। बाद में उन्होंने 57 रन की पारी खेली और मुंबई के टॉप स्कोरर रहे।
- **स्कूप शॉट खेलने की कोशिश में तिलक आउट-** 18वें ओवर की आखिरी बॉल पर भुवनेश्वर कुमार ने तिलक वर्मा को बोल्ड किया। तिलक स्कूप शॉट खेलने के लिए ऑफ स्टंप के बाहर गए, लेकिन गेंद बल्ले का अंदरूनी किनारा लेकर सीधे लेग स्टंप से टकराई। तिलक ने 42 गेंदों में 57 रन बनाए। दर्शकों ने तालियां बजाकर उनका स्वागत किया।
- **कोहली लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट-** 167 रन चेज कर रही बेंगलुरु ने चौके से शुरूआत की। बेथेल ने दीपक चाहर की पहली दो गेंदों पर चौके लगाए। फिर चाहर ने चौथी बॉल पर विराट कोहली को राज बावा के हाथों कैच कराया। विराट खाता नहीं खोल सके। वे लगातार दूसरे मैच में शून्य पर आउट हुए। आईपीएल में यह उनका 8वां जीरो था।
- **क्रुणाल को जीवनदान, कैच ड्रॉप हुआ-** 18वें ओवर की दूसरी बॉल पर क्रुणाल पंड्या को जीवनदान मिला। मुंबई ने मिडविकेट बाउंड्री पर आसान कैच छोड़ दिया। क्रुणाल ने स्लॉग स्वीप खेला। गेंद टॉप एज लेकर हवा में चली गई। नमन धीर और तिलक वर्मा कैच के लिए दौड़े। नमन ने कैच पकड़ा, लेकिन उनका संतुलन बिगड़ गया। उन्होंने गेंद तिलक की ओर उछाल दी, लेकिन तिलक उसे पकड़ नहीं सके।

### आईपीएल में आज पंजाब-दिल्ली

## कैपिटल्स के पास हिसाब बराबर करने का मौका



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई**

आईपीएल 2026 में सोमवार को 55वां मैच पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला जाएगा। मुकाबला धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में शाम 7.30 बजे से होगा। दिल्ली के पास पंजाब से हिसाब बराबर करने का मौका होगा, क्योंकि उसे पिछले मुकाबले में किंग्स के खिलाफ 6 विकेट की हार झेलनी पड़ी थी।

टूर्नामेंट की शुरूआत में अजेय रही पंजाब लगातार तीन हार के बाद दबाव में है। टीम पिछले 3 मैच हारकर आ रही है। ऐसे में उसके सामने वापसी की चुनौती रहेगी। दूसरी ओर दिल्ली प्लेऑफ की रेस से बाहर होने की कगार पर है। उसने पिछले छह में से पांच मैच गंवा दिए हैं और अब पॉइंट्स टेबल में 8वें स्थान पर है।

**दोनों टीमें 36वीं बार आमने-सामने होंगी-** दोनों टीमों के बीच अब तक 35 मैच खेले गए हैं। पंजाब ने 18 और डीसी ने 16 मैच जीते हैं। एक मैच टाई रहा, जिसे पंजाब ने जीता। पिछले सीजन का मुकाबला भी पंजाब ने जीता था।

**पंजाब की फील्डिंग और बॉलिंग चिंता बनी-** पंजाब किंग्स के लिए टूर्नामेंट का दूसरा हाफ उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा। टीम की सबसे बड़ी समस्या खराब फील्डिंग और डेथ ओवर्स में रन लुटाना है। प्रियांश आर्य और प्रभसिमरन सिंह भी पिछले कुछ मैचों से खामोश हैं। कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि टीम को शुरूआती सफलता वाली मानसिकता में लौटना होगा।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन, पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन, महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









ब्रह्मास्त्र
उज्जैन, सोमवार 11 मई, 2026



एअर इंडिया में सख्ती

# तीन साल में 1000 से ज्यादा कर्मचारियों की छुट्टी




## सीईओ बोले- नियम तोड़े तो बख्शेंगे नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने खुलासा किया कि पिछले 3 वर्षों में 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघनों और नियमों के उल्लंघन के कारण नौकरी से हटाया गया है। मुंबई में एअर इंडिया के सीईओ कैंपबेल विल्सन ने बड़ा खुलासा करते हुए बताया है कि पिछले तीन वर्षों में कंपनी ने 1000 से अधिक कर्मचारियों को नैतिक उल्लंघन के मामलों में नौकरी से हटाया है। यह कार्रवाई उन मामलों में की गई है जिनमें कर्मचारियों द्वारा नियमों का उल्लंघन, गलत तरीके से सुविधाओं का उपयोग और विमानन सुरक्षा मानकों की अनदेखी शामिल थी।

एअर इंडिया के सीईओ ने कहा कि हर साल सैकड़ों कर्मचारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाती है क्योंकि वे कंपनी के नियमों का पालन नहीं करते। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि कर्मचारियों को तब भी सही काम करना चाहिए जब कोई देख न रहा हो। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ कर्मचारियों द्वारा सामान की तस्करी, अतिरिक्त बैगेज पर शुल्क न लेना और कर्मचारी लीजर ट्रैवल सिस्टम का दुरुपयोग जैसे मामले सामने आए हैं। सूत्रों के अनुसार, एअर इंडिया ने अपने कर्मचारी अवकाश यात्रा सिस्टम में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियों का पता लगाया है, जिसमें 4000 से अधिक कर्मचारी शामिल पाए गए। इसके बाद कंपनी ने कई सुधारात्मक कदम उठाए और जुर्माना भी लगाया। टाटा समूह की एअर इंडिया ने हाल ही में लागत घटाने के कई उपाय लागू किए हैं।

# बंगाल में कांटों का ताज: भारी कर्ज के बीच सरकार को खोलना होगा सातवें वेतन आयोग के लिए खजाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली


पश्चिम बंगाल में नई सरकार के सामने सातवें वेतन आयोग को लागू करने, 37% के भारी कर्ज-जीएसडीपी अनुपात और अन्नपूर्णा भंडार जैसी खर्चीली योजनाओं के कारण बड़ा आर्थिक संकट खड़ा है। बंगाल की इन वित्तीय चुनौतियों, नई केंद्रीय योजनाओं और सिंडिकेट राज की खामियों को आसान भाषा में समझने के लिए पढ़ें रिपोर्ट।

पश्चिम बंगाल में 15 साल बाद ऐतिहासिक सत्ता परिवर्तन तो हो गया है, लेकिन नई सरकार के लिए यह जीत किसी मखमली सेज नहीं बल्कि कांटों के ताज जैसा है। 20 लाख करोड़ रुपये से बड़ी अर्थव्यवस्था वाले इस राज्य का सरकारी खजाना फिलहाल गहरे दबाव में है। सातवें वेतन आयोग का भारी-भरकम वादा, खाली तिजोरी और 'अन्नपूर्णा भंडार' जैसी लोकलुभावन योजनाएं राज्य के वित्तीय स्वास्थ्य की अंतिम परीक्षा लेने वाली हैं। आइए, आसान सवाल-जवाब में समझते हैं कि बंगाल के आर्थिक हालात क्या हैं और नई सरकार के सामने कितनी बड़ी चुनौतियां मुंह बाए खड़ी हैं।

**सरकारी खजाने की वर्तमान हालत क्या है-** बंगाल की आर्थिक स्थिति बेहद खराब दौर से गुजर रही है। 16वें वित्त आयोग के मूल्यांकन के अनुसार, राज्य का 'कर्ज-जीएसडीपी अनुपात' करीब 37% के खतरनाक स्तर पर बना हुआ है। राज्य सरकार की कुल कमाई का लगभग तीन गुना हिस्सा कर्ज के बोझ तले दबा है। सबसे बड़ी चिंता यह है कि सरकार की कुल कमाई का एक बहुत बड़ा हिस्सा सिर्फ कर्मचारियों के वेतन, पेंशन और पुराने कर्जों का ब्याज चुकाने में ही खर्च हो जाता है। राज्य सरकार पुरानी पेंशन योजना चला रही है जिससे आगे चलकर खजाने पर देनदारी और बढ़ेगी।

**भाजपा ने सातवें वेतन आयोग का वादा किया है, इसका खजाने पर कितना असर पड़ेगा-** भाजपा ने नई सरकार बनने के 45 दिनों के भीतर सातवां वेतन आयोग लागू करने का वादा किया है । वर्तमान में राज्य सरकार छठे वेतन आयोग (आरओपीए 2019) के ढांचे पर चल रही है और राज्य व केंद्र के कर्मचारियों व पेंशनरों के महंगाई भत्ते व महंगाई राहत (डीए-डीआर) के बीच 36% से 40% तक की भारी खाई है । सातवें वेतन आयोग को पूरी तरह लागू करने और सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार पुराने डीए-डीआर बकाये को चुकाने का मतलब है कि राज्य के खजाने पर हर साल हजारों करोड़ रुपये (अनुमानित 20,000 से 25,000 करोड़ रुपये) का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा । यह नई सरकार के लिए एक बड़ा वित्तीय झटका साबित होगा। शुभेंदु सरकार इससे कैसे निपटती है यह देखने वाली बात होगी।

**लक्खी भंडार से अन्नपूर्णा भंडार का सफर सरकारी खजाने को कैसे प्रभावित करेगा-** पश्चिम बंगाल की पिछली ममता सरकार की 'लक्खी भंडार' योजना के तहत 2.21 करोड़ से ज्यादा महिलाओं को हर महीने आर्थिक मदद दी जा रही थी, जिस पर राज्य का सालाना बजट 26,700 करोड़ रुपये था। भाजपा ने अपने चुनावी वादे में इसे बढ़ाकर 'अन्नपूर्णा भंडार' का रूप देने का वादा किया है। योजना की नकद राशि को दोगुना करने का सीधा सा अर्थ है कि नई सरकार को हर साल 50,000 करोड़ रुपये से अधिक सिर्फ इस अकेली योजना के लिए जुटाने होंगे। विकास कार्यों के बजट को काटे बिना इतना पैसा जुटाना वित्तीय रूप से लगभग असंभव है।



### आयुष्मान भारत और मनरेगा जैसी केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में क्या अड़चनें हैं?

केंद्र और राज्य की योजनाओं का टकराव एक बड़ी चुनौती है। राज्य की स्वास्थ्य साथी योजना लगभग 1.5 करोड़ परिवारों को कवर देती है, जबकि केंद्र की 'आयुष्मान भारत' 2011 की सामाजिक और आर्थिक जनगणना के आंकड़ों के आधार पर लक्षित है, जिसमें राज्य के केवल 1.12 करोड़ परिवार आते हैं। विलय की स्थिति में 38 लाख परिवारों को बाहर होने से बचाने के लिए एक 'हाइब्रिड मॉडल' अपनाना होगा। इसके अलावा, भ्रष्टाचार और फर्जी जॉब कार्ड्स के कारण मनरेगा और पीएमएवाय-जी (आवास योजना) का केंद्रीय फंड रुका हुआ है। इसे दोबारा शुरू करने के लिए आधार लिंकिंग, जियो-टैगिंग और पारदर्शी कार्रवाई रिपोर्ट की आवश्यकता है। भ्रष्टाचार के व्यापक आरोपों, फर्जी जॉब कार्ड और योजनाओं का नाम बदलने (जैसे पीएम आवास को 'बांग्ला आवास योजना' करना) के कारण केंद्र सरकार ने 2022 से मनरेगा और पीएम आवास योजना का फंड पूरी तरह से रोक रखा था। हालांकि अब हाल ही में केंद्र सरकार ने मनरेगा की जगह एक नया सख्त कानून 'विकसित भारत-ग्राम' लागू कर दिया है। राहत की बात सिर्फ जल जीवन मिशन में है, जहां राज्य में 81.87% ग्रामीण घरों में नल का पानी पहुंच चुका है।

### भाजपा सरकार के लिए इन योजनाओं को जमीन पर उतारना कितनी बड़ी चुनौती है?



योजनाओं का पैसा पास करना एक बात है, लेकिन उन्हें धरातल पर उतारना सबसे बड़ी चुनौती है। इसके दो मुख्य कारण हैं:

**सिंडिकेट राज:** राज्य में निर्माण कार्यों (ईंट, सीमेंट, बालू) से लेकर टेंडर तक में अवैध कमीशन वसूलने वाले 'सिंडिकेट्स' का गहरा जाल है। इस संगठित 'कट मनी' रैकेट को खत्म किए बिना कोई भी बुनियादी ढांचे का प्रोजेक्ट सफल नहीं हो सकता।

**पंचायत-स्तरीय टकराव:** राज्य में भले ही भाजपा की सरकार बन गई हो, लेकिन अधिकांश ग्राम पंचायतों और स्थानीय निकायों पर अब भी विपक्षी दल का नियंत्रण है। ग्रामीण स्तर पर केंद्रीय योजनाओं को लागू करने का काम पंचायतें ही करती हैं, इसलिए जमीनी स्तर पर असहयोग और राजनीतिक गतिरोध का सामना नई सरकार को कदम-कदम पर करना पड़ेगा।

### पश्चिम बंगाल की नई सरकार से आम लोगों को क्या उम्मीद?

पश्चिम बंगाल में शुभेंदु अधिकारी के नेतृत्व में नई सरकार की सफलता पूरी तरह से कड़े राजकोषीय सुदृढ़ीकरण पर निर्भर करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, सातवें वेतन आयोग को एकमुश्त के बजाय चरणबद्ध तरीके से लागू करना, लोकलुभावन योजनाओं को लक्षित बनाना और सिंडिकेट राज को कुचलकर एमएसएमई व औद्योगिक ढांचे को पुनर्जीवित करना ही एकमात्र व्यावहारिक विकल्प है। डिजिटल गवर्नेंस का उपयोग कर लीकेज रोकना होगा। यदि ये कड़े आर्थिक फैसले नहीं लिए गए, तो बंगाल का यह वित्तीय तनाव एक ऐसे भंवर में तब्दील हो जाएगा, जहां से वापसी लगभग असंभव होगी।

पश्चिम एशिया में तनाव के बीच मुनाफावसूली हावी

# सर्राफा बाजार में टूटे सोने-चांदी के दाम

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच अनिश्चितता के बावजूद सराफा बाजार में मुनाफावसूली से सोने-चांदी की कीमतों में गिरावट दर्ज की गई है। पूरी खबर पढ़ें।

पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और अमेरिका-ईरान के बीच ताजा सैन्य हलचल का असर वैश्विक अर्थव्यवस्था पर साफ दिखाई दे रहा है। हालांकि, इन तनावपूर्ण स्थितियों के बीच स्थानीय सर्राफा बाजार में एक अलग ही रुख देखने को मिला। निवेशकों द्वारा ऊंचे स्तरों पर की गई भारी मुनाफावसूली के कारण सोने और चांदी की कीमतों में नरमी दर्ज की गई है। यह स्थिति तब पैदा हुई है जब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतें आसमान छू रही हैं और कूटनीतिक शांति की उम्मीदें लगातार कमजोर पड़ रही हैं।

**स्थानीय बाजार में सोने और चांदी के दाम गिरे-** अखिल भारतीय सराफा संघ की ओर से जारी किए गए नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली के स्थानीय बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 100 रुपये गिरकर 1,55,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गई है। इसके पिछले कारोबारी सत्र में यह कीमत 1,56,000 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) थी। इसी तरह, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव भी गुरुवार के 1,55,200 रुपये से फिसलकर 1,55,100 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया है।



सफेद धातु यानी चांदी की बात करें तो लगातार चार दिनों की शानदार तेजी के बाद इसमें भी गिरावट का रुख रहा। चांदी की कीमत 2,61,500 रुपये प्रति किलोग्राम के पिछले बंद भाव से गिरकर 2,61,300 रुपये प्रति किलोग्राम पर आ गई है। गौरतलब है कि गुरुवार के सत्र में चांदी की कीमतों में 7,000 रुपये प्रति किलोग्राम का भारी उछाल आया था, जिसके बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली का सुरक्षित रास्ता चुना।

**गिरावट के कारण और विशेषज्ञों की राय-** इस व्यावसायिक परिदृश्य और कीमतों में आई नरमी को स्पष्ट करते हुए मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के कमोडिटीज विश्लेषक मानव मोदी ने बताया कि पिछले सत्र की तेज रैली के बाद सोने की कीमतों में यह मुनाफावसूली स्वाभाविक थी। मोदी के अनुसार, अमेरिका और ईरान के बीच तत्काल शांति समझौते की उम्मीदें कमजोर पड़ने और अमेरिकी डॉलर में वापस आए सुधार के कारण निवेशकों का रुख बदला है। बाजार में यह सतर्कता तब और बढ़ गई जब ऐसी रिपोर्टें सामने आईं कि ईरान अभी भी शांति वार्ता के लिए प्रस्तावित अमेरिकी ढांचे की समीक्षा कर रहा है। कुछ ईरानी अधिकारियों ने इस शांति प्रस्ताव को 'अवास्तविक' करार दिया है, जिससे कूटनीतिक समाधान की दिशा में तेहरान से मिश्रित संकेत मिल रहे हैं। जहां एक ओर स्थानीय बाजार में नरमी रही, वहीं वैश्विक बाजारों में कीमती धातुओं में भारी तेजी का रुख बना रहा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हाजिर सोना 0.7 प्रतिशत की मजबूती के साथ 4,721.00 डॉलर प्रति औंस पर पहुंच गया, जबकि चांदी 3 प्रतिशत से अधिक की बड़ी छलांग लगाते हुए 81.14 डॉलर प्रति औंस पर कारोबार कर रही थी।

ट्रंप प्रशासन का क्यूबा पर शिकंजा:

# ईंधन और खाद्य संकट गहराने की आशंका

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अमेरिका ने क्यूबा पर नए आर्थिक प्रतिबंध लगाते हुए वहां की सैन्य नियंत्रित कारोबारी समूह जीएईएसए और उससे जुड़े नेटवर्क को निशाना बनाया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि ये प्रतिबंध क्यूबा की जनता पर नहीं, बल्कि सत्ता से जुड़े आर्थिक ढांचे पर लगाए गए हैं।

अमेरिका ने क्यूबा पर आर्थिक दबाव बढ़ाते हुए नई पाबंदियों का एलान किया है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ट्रंप प्रशासन के इस फैसले का बचाव करते हुए कहा कि प्रतिबंध क्यूबा की जनता पर नहीं, बल्कि वहां की सत्ता से जुड़े आर्थिक नेटवर्क पर लगाए गए हैं। नई पाबंदियों का सबसे बड़ा निशाना जीएईएसए बना है, जो क्यूबा की क्रांतिकारी सशस्त्र सेनाओं द्वारा संचालित विशाल कारोबारी समूह है। इसके अलावा कनाडा की कंपनी शेरिट इंटरनेशनल के साथ चल रहे संयुक्त उपक्रम मोआ निकल पर भी प्रतिबंध लगाए गए हैं। इसके बाद शेरिट इंटरनेशनल ने क्यूबा से अपना कारोबार समेटने की घोषणा कर दी, जिससे द्वीप देश में उसकी 32 साल पुरानी मौजूदगी समाप्त हो जाएगी।

विशेषज्ञों का मानना है कि ये प्रतिबंध क्यूबा की पहले से जर्जर अर्थव्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकते हैं। क्विंसी संस्थान से जुड़े शोधकर्ता ली श्लेंकर ने कहा कि नई कानूनी शक्तियों के तहत अमेरिका अब तीसरे देशों की कंपनियों और नागरिकों पर भी कार्रवाई कर सकेगा। इसके तहत कंपनियों की अमेरिकी संपत्तियां फ्रीज की जा सकती हैं और उनके निवेशकों तथा कर्मचारियों की अमेरिका यात्रा पर भी असर पड़ सकता है।

क्यूबा मामलों के विशेषज्ञ और अर्थशास्त्री पावेल विडाल ने इन कदमों को बेहद चिंताजनक बताया। उनके अनुसार क्यूबा की अर्थव्यवस्था पहले ही लगभग ठप पड़ चुकी है और जनवरी से अमेरिका द्वारा ईंधन आपूर्ति रोके जाने के बाद हालात और खराब हुए हैं।

## न्यायिक आयोग करेगा जबलपुर क्रूज हादसे की जांच

ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

मध्य प्रदेश सरकार ने जबलपुर क्रूज हादसे की न्यायिक जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। इसके लिए हाई कोर्ट के रिटायर्ड जज संजय द्विवेदी की अध्यक्षता में एक सदस्यीय जांच आयोग बनाया है। सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा रविवार को जारी अधिसूचना के अनुसार, यह आयोग राज्य शासन जांच आयोग अधिनियम, 1952 की धारा 3 के तहत काम करेगा। आयोग को 3 महीने के भीतर 5 बिंदुओं पर जांच कर-के अपनी रिपोर्ट देनी होगी।

बता दें कि जबलपुर के बरगी डैम में 30 अप्रैल को क्रूज डूबने से 13 लोगों की जान चली गई थी। इनमें 8 महिलाएं, 4 बच्चे और एक पुरुष शामिल हैं। करीब 60 घंटे के रेस्क्यू के बाद पानी से सभी शव निकाले जा सके थे। हादसे के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने जबलपुर पहुंचकर दुर्घटना स्थल का निरीक्षण किया था। मृतकों के परिवार से भी मुलाकात की थी। सीएम के दौरे के बाद सरकार ने मामले में एक्शन लिया था। जिसमें क्रूज पायलट महेश पटेल, क्रूज हेल्पर छोटेलाल गोंड और टिकट काउंटर प्रभारी (ऋकअ) बृजेंद्र की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त की गई थीं।

वहीं, होटल मैकल रिसॉर्ट और बोट क्लब बरगी के मैनेजर सुनील मरावी को लापरवाही बरतने के कारण निलंबित किया गया था। रीजनल मैनेजर संजय मल्होत्रा को मुख्यालय अटैच कर विभागीय जांच शुरू की गई है। एक कमेटी भी बनाई गई है, जो हादसे की मुख्य वजह की जांच कर रही है। 6 मई को जबलपुर की कोर्ट ने बरगी डैम हादसे में क्रूज के पायलट और स्टाफ पर ऋक्कक के निर्देश दिए थे। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी डीपी सूत्रकार की कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेकर कहा था- पायलट ने लापरवाही से क्रूज चलाया, जिससे हादसा हुआ और कई लोगों की मौत हो गई।

अदालत ने कहा था कि पायलट क्रूज की गतिविधियों से परिचित था, लेकिन वह उसमें सवार लोगों को डूबता छोड़कर सुरक्षित बाहर निकल गया। यह भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 106 और 110 के तहत अपराध है। यदि ऋक्कक और जांच नहीं हुई, तो भविष्य में भी क्रूज या नाव चलाने वाले लोग अनहोनी में यात्रियों को डूबता छोड़ सकते हैं।

### DMK बोली- पहले तमिल गीत बजाने की परंपरा, इसे तीसरे नंबर पर धकेला; लेफ्ट का भी विरोध

# विजय की शपथ में राष्ट्रगान-वंदेमातरम पर विवाद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली




तमिलनाडु में सीएम विजय के शपथ ग्रहण समारोह में 'तमिल थाई वाजथु' (तमिल राज्य गीत) से पहले 'जन गण मन' और 'वंदे मातरम' बजाने पर विवाद शुरू हो गया है।

डीएमके ने इस पर आपत्ति जताई है। डीएमके का कहना है कि राज्य के सम्मान के लिए तमिल राज्य गीत सबसे पहले बजाया जाना चाहिए था, लेकिन उसे तीसरे नंबर पर धकेल दिया गया। ये परंपरा के खिलाफ है।

विजय के शपथ ग्रहण में सबसे पहले 2 मिनट 52 सेकेंड तक वंदे मातरम बजा। फिर 52 सेकेंड के लिए जन गण मन बजा। इसके बाद 65 सेकेंड तक तमिल राज्य गीत बजाया गया। इसपर विजय की पार्टी (TVK) ने सफाई देते हुए कहा कि गाने कब बजेंगे ये फैसला राज्यपाल का था। लेकिन डीएमके नेता टी.के.एस. एलंगोवन ने कहा कि राज्य की परंपरा तमिल राज्य गीत को पहले और राष्ट्रगान को अंत में बजाने की रही है। विजय अब बीजेपी की विचारधारा की ओर झुक रहे हैं।



शपथग्रहण में तमिल राज्य गीत तीसरे नंबर पर बजने पर CPI, CPIM और VKC ने भी आलोचना की है। CPI के राज्य सचिव एम. वीरपांडियन ने कहा कि सरकारी कार्यक्रमों के प्रोटोकॉल में तमिल राज्य गीत को पहली प्राथमिकता मिलनी चाहिए।

तमिलनाडु चुनावों में विजय की पार्टी 108 सीटें जीती थी। विजय की सरकार कांग्रेस, CPI, CPIM, IUML और VKC का समर्थन मिला हुआ है। वहीं, डीएमके की आईटी विंग ने विजय से पूछा कि क्या तमिल राज्य गीत को किनारे करना ही ळश्ङ के नए बदलाव का हिस्सा है।

'तमिल थाई वाजथु' तमिलनाडु का राज्य गीत है। इसे 1891 में मनोन्मनीयम सुंदरम पिल्लई ने अपने नाटक 'मनोन्मनीयम' के शुरूआती भाग में तमिल देवी की स्तुति के रूप में लिखा था।

बाद में एम.एस. विश्वनाथन ने इस गीत के लिए संगीत बनाया। यह गीत राज्य की सांस्कृतिक पहचान का एक बेहद अहम हिस्सा माना जाता है। यही कारण है कि इसे किसी भी सरकारी कार्यक्रम में सबसे पहले गाने की परंपरा रही है।

18 दिसंबर 2021 को DMK की तमिलनाडु सरकार ने 'तमिल थाई वाजथु' को आधिकारिक तौर पर स्टेट एंथम घोषित कर दिया है। सरकार ने निर्देश दिया है कि इसके गायन के दौरान वहां मौजूद सभी लोगों को सम्मान में खड़ा होना होगा। इससे पहले मद्रास हाईकोर्ट ने कहा था कि 'तमिल थाई वाजथु' केवल एक प्रार्थना गीत है, न कि कोई राष्ट्रगान या राज्य गान।

विजय जब शपथ ले रहे थे, तब उनके माता-पिता भावुक हो गए। दोनों हाथ जोड़कर उन्हें सुनते दिखे। पिता एसए चंद्रशेखर प्रसिद्ध तमिल फिल्म निर्देशक और निमार्ता हैं। उनकी मां शोभा जानी-मानी सिंगर और राइटर हैं। पिता ने ही विजय को उट बनाने का सपना देखा था।

तमिलनाडु में आमतौर पर शपथ खुले मैदान में होती है। पहली बार ऐसा हुआ कि किसी सरकार ने शपथ ग्रहण के लिए स्टेडियम को चुना। एक्टर विजय जैसे शपथ के पहले, 'मैं सी जोसेफ विजय ....' बोले तो स्टेडियम तालियों से गूंज गया।

## शपथ लेने के दौरान विजय को गवर्नर ने टोका



एक्टर विजय ने तमिल में शपथ ली। विजय शपथ पत्र की निर्धारित लाइनों के अलावा और बातें बोलने लगे। इस पर राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर ने उन्हें टोक दिया और केवल निर्धारित शपथ के शब्दों तक सीमित रहने के लिए कहा। इसके बाद इन्होंने लिखित शपथ पत्र पढ़ा।

विजय को इस स्पीच के कारण टोका- मैं सी. जोसेफ विजय भारत की संविधान के प्रति सच्ची आस्था और निष्ठा रखूंगा। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के रूप में भारत की एकता, अखंडता को बनाए रखूंगा और अपने विवेक के अनुसार कर्तव्यों और कानून का पालन करूंगा। किसी से डरूंगा नहीं और ना ही एकतरफा आदेश मानूंगा। मैं न्याय करूंगा, सभी लोगों के साथ न्याय करूंगा।

विजय ने शपथ ग्रहण समारोह के लिए ट्रेडिशनल धोती (वेष्टी) और शर्ट की बजाय फॉर्मल लुक को चुना। विजय सफेद शर्ट, ब्लैक पैंट में पहुंचे। हालांकि, शपथ लेते हुए उन्होंने ब्लैक कोट भी पहन लिया। इससे पहले नेता पारंपरिक तमिल पहनावा ही चुनते थे। पूर्व उट एमजी रामचंद्रन हमेशा अपनी टोपी, चश्मे और सफेद वेष्टी-शर्ट में शपथ लेते थे। पूर्व उट एम करुणानिधि भी पीली शॉल और सफेद पारंपरिक पहनावे के लिए जाने जाते थे। विजय का ये मॉडर्न लुक तमिलनाडु के युवाओं के साथ जुड़ने और बदलाव के लिए उनकी कोशिश का हिस्सा माना जा रहा है।

### 10 साल में जितना गुजरात को मिला, आपको देने को तैयार, रेवंत रेड्डी हंसने लगे

# मोदी ने तेलंगाना सीएम से कहा- मेरे से ही जुड़ो

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना के मुख्यमंत्री और कांग्रेस नेता रेवंत रेड्डी से मजाक में साथ आने को कहा। दरअसल पीएम राज्य में 9,400 करोड़ रुपये के प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन करने पहुंचे थे।

पीएम ने यहां हल्के-फुल्के अंदाज में रेवंत रेड्डी से कहा कि केंद्र सरकार ने 10 साल में गुजरात को जो दिया, मैं तेलंगाना को देने के लिए भी तैयार हूं। लेकिन मेरे अनुभव के मुताबिक ऐसा करते ही आपको अभी जो मिल रहा है, वह आधा हो जाएगा। इसलिए बेहतर होगा कि आप मेरे से ही जुड़ो।

हालांकि पीएम ने ये बातें तेलंगाना सीएम की उस सिफारिश के बात कहीं। जिसमें उन्होंने पीएम से कहा था कि जिस तरह मनमोहन सरकार में गुजरात का विकास हुआ, उसी तरह तेलंगाना का भी विकास हो।

### रेवंत बोले- जैसे मनमोहन सरकार में गुजरात को मिला, आप हमें दें

रेवंत रेड्डी ने कहा, जब मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री थे। तब मोदी मुख्यमंत्री थे और उन्होंने 10 साल में 'गुजरात मॉडल' को साकार किया। इसी तरह, तेलंगाना के लोगों को उम्मीद है कि अगले 10 साल में, मेरे मुख्यमंत्री रहते हुए 'तेलंगाना विकास मॉडल' भी साकार होगा। जिस तरह मनमोहन सिंह ने गुजरात का समर्थन किया था, उसी तरह रेड्डी ने मोदी से तेलंगाना के विकास में समर्थन करने का अनुरोध किया।



### पीएम के मजाक के मायने

तेलंगाना में पिछले विधानसभा चुनाव 30 नवंबर 2023 को हुए थे। कांग्रेस पार्टी ने बहुमत हासिल किया और रेवंत रेड्डी मुख्यमंत्री बने, जबकि भारत राष्ट्र समिति सत्ता से बाहर हो गई। भाजपा को सिर्फ 8 सीटें मिलीं थीं। मोदी ऐसे में अगले चुनाव के लिए अभी से तैयारी में जुट गए हैं। आंध्र प्रदेश में एनडीए की सरकार है। चंद्रबाबू नायडू की पार्टी टीडीपी भाजपा के साथ है। ऐसे में भाजपा चाहती है कि पड़ोसी राज्य में भी सरकार बने। दरअसल तेलंगाना 2024 में आंध्र प्रदेश से अलग होकर ही नया राज्य बना था।

रेवंत रेड्डी ने यह भी कहा कि जहां एक ओर मोदी भारत का विकास चाहते हैं, वहीं उन्हें तेलंगाना को भी साथ लेकर चलना चाहिए। तेलंगाना के विकास के लिए, कृपया दो घंटे का समय निकालें, ताकि हम आपके सामने अपने विकास प्रस्ताव पेश कर सकें।

### पीएम का जवाब- मैं देने को तैयार, आप साथ जुड़ जाएं

रेवंत की बात का जवाब देते हुए पीएम ने कहा- जो कुछ भी केंद्र सरकार (पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह के नेतृत्व में) ने गुजरात को 10 साल में दिया (जब मोदी गुजरात के मुख्यमंत्री थे) मैं भी आपको वह सब देने के लिए तैयार हूं लेकिन तब राज्य के पास उतना भी नहीं बचेगा जितना उसे अभी केंद्र से मिल रहा है, और आप अपने लक्ष्य हासिल नहीं कर पाएंगे। इसलिए, बेहतर यही है कि आप मेरे साथ आ जाएं।

## केरलम सीएम का ऐलान जल्द, वेणुगोपाल राहुल की पसंद

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की केरलम सीएम के लिए पहली पसंद केसी वेणुगोपाल हैं। सूत्रों के मुताबिक, राहुल ने दिल्ली में वेणुगोपाल से अकले में मुलाकात की। ऐसे में पार्टी जल्द ही सीएम चेहरे का ऐलान कर सकती है। वेणुगोपाल फिलहाल अलाप्पुझा लोकसभा सीट से सांसद हैं।

केरलम के अगले CM के चुनाव को लेकर चल रही चचाओं के बीच कांग्रेस के सीनियर लीडर रमेश चेन्निथला ने भाजपा पर निशाना साधा। चेन्निथला ने कहा- कांग्रेस पार्टी में सीएम का चुनाव लोकतांत्रिक तरीके से होता है। हमारे यहां मोदी-शाह सारे फैसले लें, ऐसा सिस्टम नहीं है।

केरलम में चुनावी नतीजे आए 6 दिन हो गए हैं। अभी तक सीएम का ऐलान नहीं हो पाया है। राज्य में 10 साल बाद कांग्रेस की वापसी हुई। कांग्रेस ने 140 में से 63 सीटें जीतीं। 26 सीटों के साथ दूसरे नंबर पर CPI(M) रही। LDF की हार पर सीएम पिनाराई विजयन पद से इस्तीफा दे चुके हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, कांग्रेस के 63 विधायकों में 75-80% ने के.सी. वेणुगोपाल को समर्थन दिया। वेणुगोपाल के सीएम बनने पर इरिक्कूर से चुनाव जीते सनी जोसेफ अपनी सीट से इस्तीफा दे सकते हैं। इससे वेणुगोपाल के सीएम बनने के बाद इस सीट से चुनाव लड़कर विधायक का चुनाव लड़ेंगे। रिपोर्ट्स के मुताबिक, बैठक में वीडी सतीशन को महज 6 विधायकों का समर्थन मिला।

### अमेरिका ने एनरिच्ड यूरेनियम सौंपने की शर्त रखी

# डोनाल्ड ट्रम्प ने जंग रोकने के लिए ईरान का प्रस्ताव ठुकराया:बोले- मुझे पसंद नहीं आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के नए शांति प्रस्ताव को खारिज कर दिया है। ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर लिखा, मैंने ईरान के प्रतिनिधियों का जवाब पढ़ा। मुझे यह बिल्कुल पसंद नहीं आया। इसे स्वीकर नहीं किया सकता।₹ इससे पहले भी ट्रम्प ने ईरान पर खेल खेलने का आरोप लगाया था।

ईरानी सरकारी मीडिया के मुताबिक, तेहरान ने रविवार को पाकिस्तान के जरिए अमेरिका को अपना नया प्रस्ताव भेजा। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रस्ताव में युद्ध खत्म करने, फारस की खाड़ी और होर्मुज स्ट्रेट में समुद्री सुरक्षा सुनिश्चित करने, प्रतिबंध हटाने और परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत की बात कही गई थी।

अमेरिका ने इस हफ्ते ईरान को 14 सूत्रीय प्रस्ताव भेजा था। इसके तहत ईरान को कम से कम 12 साल तक यूरेनियम संवर्धन रोकना होगा और अपने पास मौजूद करीब 440 किलो 60% एनरिच्ड यूरेनियम अमेरिका को सौंपना होगा। इसके बदले अमेरिका प्रतिबंधों में ढील देगा, ईरान की फ्रीज की गईं अरबों डॉलर की संपत्तियां छोड़ेगा, साथ ही ईरानी बंदरगाहों पर लगी नौसैनिक नाकेबंदी हटाएगा। रिपोट्र्स के मुताबिक ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम और हाईली एनरिच्ड यूरेनियम पर पूरी तरह समझौता करने को तैयार नहीं है। ईरानी अधिकारियों का कहना है कि उनका जवाब सकारात्मक और व्यावहारिक है और अब फैसला अमेरिका को करना है। दोनों देशों ने 8 अप्रैल से लागू सीजफायर खत्म होने की घोषणा नहीं की है।

1. तेल की कीमतों में बड़ा उछालः अमेरिका के ईरान का प्रस्ताव ठुकराने के बाद अंतरराष्ट्रीय बाजार में ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। होर्मुज संकट के चलते सप्लाई प्रभावित होने की आशंका बढ़ी।

2. लेबनान में इजराइली हमले तेज, मेडिकल कर्मी भी निशाने परः दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हमलों में 39 लोगों की मौत हुई। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक 2 मार्च से अब तक 103 मेडिकल कर्मी मारे जा चुके हैं। डॉक्टरों ने आरोप लगाया कि इजराइल गाजा जैसी रणनीति अपना रहा है।

3. होर्मुज में तनाव बढ़ा, जहाजों की आवाजाही प्रभावितः अमेरिका ने दावा किया कि नाकेबंदी के बाद 65 जहाजों ने रास्ता बदला। वहीं कतर, दक्षिण कोरिया और दूसरे देशों के जहाजों पर हमले और रुकावट की घटनाएं सामने आईं।

4. ईरान बोला- होर्मुज में दखल दिया तो जवाब देंगेः ईरान ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका, फ्रांस या ब्रिटेन ने होर्मुज स्ट्रेट में सैन्य दखल बढ़ाया तो कड़ा जवाब दिया जाएगा।

### अमेरिकी रक्षामंत्री ने हथियार कम पड़ने के दावे को खारिज किया

अमेरिकी रक्षामंत्री पीट हेगसेथ ने ईरान युद्ध के कारण अमेरिका के हथियारों का स्टॉक तेजी से कम होने के दावों को खारिज कर दिया है। दरअसरल अमेरिकी नेवी के रिटायर्ड कैप्टन और डेमोक्रेटिक सीनेटर मार्क केली ने उइर को दिए इंटरव्यू में कहा था कि पेंटागन ने उन्हें बताया है कि अमेरिका ने बहुत बड़ी मात्रा में हथियार खर्च कर दिए हैं। पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म  पर मार्क केली के बयान पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने डेमोक्रेटिक सीनेटर मार्क केली पर गलत जानकारी फैलाने का आरोप लगाया। हेगसेथ ने कहा कि केली टीवी पर पेंटागन की क्लासिफाइड ब्रीफिंग से जुड़ी गलत जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि केली गलत और बेवकूफी भरी बातें कर रहे हैं। केली ने चेतावनी दी थी कि अगर भविष्य में चीन या किसी दूसरे मोर्चे पर बड़ा संघर्ष होता है, तो अमेरिका कम सुरक्षित स्थिति में होगा। केली ने दावा किया कि मौजूदा हथियार भंडार को फिर से तैयार करने में कई साल लग सकते हैं।

## तेल की कीमतों में उछाल, ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर के पार पहुंचा

ट्रम्प के ईरान का प्रस्ताव ठुकराने के बाद कच्चे तेल की कीमतों में तेज उछाल आया और ब्रेंट क्रूड 104 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गया। रविवार देर रात अंतरराष्ट्रीय बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 2.69% बढ़कर 104.01 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। इससे पहले शुक्रवार को भी इसमें 1.23% की बढ़त दर्ज हुई थी। अमेरिकी वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (हळ्क) क्रूड 3.24% बढ़कर 98.51 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया। यह पिछले कारोबारी सत्र में हुई बढ़त के बाद और ऊपर गया। एक्सपट्र्स के मुताबिक बाजार की सबसे बड़ी चिंता होर्मुज स्ट्रेट को लेकर है। दुनिया के बड़े हिस्से का तेल इसी समुद्री रास्ते से गुजरता है। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव से सप्लाई प्रभावित होने का खतरा बढ़ गया है। निवेशकों को उम्मीद थी कि दोनों देशों के बीच बातचीत आगे बढ़ेगी, लेकिन ट्रम्प के सख्त रुख के बाद युद्ध खत्म होने की संभावना कमजोर पड़ती दिख रही है। इसी वजह से होर्मुज को छोड़कर अन्य बाजारों से तेल खरीदारी बढ़ी और कीमतों में तेजी दर्ज की गई

ईरान ने पाकिस्तानी मध्यस्थों के जरिए अमेरिका के नए सीजफायर प्रस्ताव पर अपना जवाब भेजा है। इसमें पूरे क्षेत्र में, खासकर लेबनान में युद्ध को हमेशा के लिए खत्म करने पर बातचीत की मांग की गई है।

हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने तेहरान के इस रुख को तुरंत खारिज कर दिया और इसे 'पूरी तरह से अस्वीकार्य' बताया, लेकिन इसके बारे में उन्होंने कोई और जानकारी नहीं दी।

### ईरान ने समुद्र में 3,000 बैरल तेल बहाया, ऑयल स्टोर की जगह कम पड़ी



फारस की खाड़ी में ईरान के खार्ग आईलैंड के पास बड़ा तेल रिसाव देखा गया है। सैटेलाइट तस्वीरों में समुद्र में फैला तेल साफ नजर आया है। न्यूयॉर्क टाइम्स की रिपोट्र्स के मुताबिक, यह रिसाव अमेरिकी प्रतिबंधों और होर्मुज में बढ़े तनाव के कारण हो सकता है।

ऑर्बिटल एडर नाम की संस्था के अनुसार, समुद्र में तेल करीब 51 वर्ग मील से ज्यादा इलाके में फैल चुका है। अनुमान है कि 3,000 बैरल से ज्यादा तेल पानी में बह गया है। रिपोट्र्स में कहा गया है कि अमेरिकी प्रतिबंधों और नौसैनिक दबाव की वजह से ईरान के तेल निर्यात पर असर पड़ा है। कई तेल टैंकर फंसे हुए हैं और देश के पास तेल स्टोर करने की जगह कम पड़ रही है। इसी कारण यह आशंका जताई जा रही है कि एक्स्ट्रा ऑयल समुद्र में छोड़ा जा रहा है।

हैम्बर्ग यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के प्रोफेसर नीमा शोकरी ने कहा कि तेल कुओं को अचानक बंद करना आसान नहीं होता, क्योंकि इससे पाइपलाइन जाम हो सकती हैं या तेल भंडार को नुकसान पहुंच सकता है। उन्होंने कहा, ह्यतेल के कुएं ऐसी मशीनें नहीं हैं जिन्हें जब चाहें बंद और चालू किया जा सके। कुछ एक्सपट्र्स का कहना है कि खार्ग आइलैंड के पास पुरानी पाइपलाइन में लीकेज भी इसकी वजह हो सकती है। यह तेल धीरे-धीरे सऊदी अरब के समुद्री क्षेत्र की तरफ बढ़ रहा है, जिससे पर्यावरण को नुकसान पहुंचने का खतरा भी बढ़ गया है।

वहीं ईरान ने तेल रिसाव की खबरों को खारिज कर दिया है। सरकारी मीडिया के मुताबिक, ईरान ऑयल टर्मिनल्स कंपनी ने कहा कि जांच में कहीं भी तेल लीकेज के सबूत नहीं मिले हैं। अमेरिका-ईरान में फिर बातचीत की तैयारीः अगले हफ्ते इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच नई वार्ता हो सकती है। वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका ने 14 पॉइंट वाला ड्राफ्ट दिया है।

होर्मुज स्ट्रेट पर तनाव बरकरारः ईरान ने चेतावनी दी कि अगर अमेरिका ने फिर दखल दिया तो जंग दोबारा शुरू हो सकती है। वहीं अमेरिका ने दावा किया कि उसने 70 से ज्यादा जहाजों को ईरानी बंदरगाहों तक पहुंचने से रोका। दक्षिणी लेबनान में इजराइल के हवाई और ड्रोन हमलों में एक दिन में 39 लोगों की मौत हुई। कई रिहायशी इमारतें निशाना बनीं और हिजबुल्लाह ने भी इजराइल पर ड्रोन व रॉकेट हमलों का दावा किया।

# किम जोंग की हत्या हुई तो नॉर्थ-कोरिया न्यूक्लियर अटैक करेगा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ प्योंगयांग

उत्तर कोरिया ने अपने संविधान और परमाणु नीति में बड़ा बदलाव करते हुए नया प्रावधान जोड़ा है। अब अगर देश के सुप्रीम लीडर किम जोंग-उन की हत्या हो जाती है या किसी विदेशी हमले के दौरान वे लीडरशिप करने की हालात में नहीं रहते, तो उत्तर कोरिया तुरंत परमाणु हमला करेगा।

ब्रिटिश अखबार द टेलीग्राफ की रिपोर्ट के मुताबिक, यह बदलाव मार्च में तेहरान पर अमेरिका और इजराइल के हमलों के बाद किया गया। इन हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अली खामेनेई और कई सीनियर ईरानी अधिकारियों की मौत हो गई थी।

दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी के मुताबिक, इन हमलों ने प्योंगयांग को सोचने पर मजबूर कर दिया और उत्तर कोरिया को डर सताने लगा कि भविष्य में ऐसा 'डिकैपिटेशन स्ट्राइक' यानी टॉप लीडरशिप को खत्म करने वाला हमला



उसके खिलाफ भी हो सकता है। यह नया प्रावधान 22 मार्च को प्योंगयांग में शुरू हुए 15वीं सुप्रीम पीपुल्स असेंबली के पहले सत्र के दौरान अपनाया गया। बाद में दक्षिण कोरिया की नेशनल इंटेलिजेंस सर्विस ने सीनियर सरकारी अधिकारियों को इस बदलाव की जानकारी दी।

### क्यों बदली गई उत्तर कोरिया की परमाणु नीति?

डिफेंस एक्सपट्र्स का मानना है कि ईरान पर हुए हमलों ने उत्तर कोरिया की लीडरशिप को झकझोर दिया। हमलों की तेजी और सटीकता देखकर प्योंगयांग को लगा कि विदेशी शक्तियां किम जोंग-उन और उत्तर कोरियाई मिलिट्री लीडरशिप के खिलाफ भी इसी तरह का ऑपरेशन कर सकती हैं।

सियोल स्थित कूकमिन यूनिवर्सिटी में इतिहास और अंतरराष्ट्रीय संबंधों के प्रोफेसर आंद्रेई लांकोव ने मीडिया से कहा कि ईरान पर हुआ ऑपरेशन उत्तर कोरिया के लिए एक बड़ा चेतावनी संकेत बन गया।

लांकोव ने कहा कि ईरान एक वेक-अप कॉल था। उत्तर कोरिया ने देखा कि अमेरिका और इजराइल के डिकैपिटेशन हमले कितने प्रभावी थे, जिन्होंने तुरंत ईरानी लीडरशिप के बड़े हिस्से को खत्म कर दिया। अब उत्तर कोरिया बेहद डरा हुआ होगा। उन्होंने यह भी कहा कि संभव है ऐसी नीति पहले अनौपचारिक रूप से मौजूद रही हो, लेकिन अब इसे संविधान का हिस्सा बना दिया गया है, इसलिए इसका महत्व बढ़ गया है।

### हमला करना मुश्किल

एक्सपट्र्स के मुताबिक, ईरान के मुकाबले उत्तर कोरिया में ऐसा हमला करना कहीं ज्यादा मुश्किल होगा। उत्तर कोरिया दुनिया के सबसे बंद देशों में से एक है। वहां विदेशी डिप्लोमैट्स, सहायता कर्मियों और कारोबारियों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है, जिससे खुफिया जानकारी जुटाना बेहद मुश्किल हो जाता है। लोकल ईरानी मीडिया रिपोट्र्स के मुताबिक, इजराइली खुफिया एजेंसियों ने ईरानी नेताओं पर नजर रखने के लिए हैक किए गए ट्रैफिक कैमरों और डिजिटल सर्विलांस सिस्टम का इस्तेमाल किया था।

## जासूस बनिए....अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 2 | | | | | 4 |
| | | | 6 | | | | | 1 |
| | 5 | | 8 | | | 2 | | 3 |
| | | 7 | | | | | 6 | |
| | | | | | | | | |
| | 3 | | | | | 8 | | |
| 1 | | 6 | | | 3 | | 7 | |
| 2 | | | | | 5 | | | |
| 8 | | | | | 4 | | | |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 4 | 3 | 1 | 9 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 2 | 3 | 5 | 8 | 4 | 9 | 6 | 1 |
| 8 | 9 | 1 | 7 | 2 | 6 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 3 | 2 | 5 | 9 | 4 |
| 4 | 3 | 8 | 9 | 6 | 5 | 1 | 7 | 6 |
| 5 | 6 | 9 | 4 | 7 | 1 | 8 | 3 | 2 |
| 2 | 8 | 7 | 1 | 4 | 3 | 6 | 5 | 9 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 | 4 | 8 | 3 |
| 3 | 4 | 5 | 6 | 9 | 8 | 2 | 1 | 7 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. कंठ, गला-3
3. पक्षियों का शोर-4
5. शारीरिक ऊंचाई-2
6. पाचन शक्ति-3
7. मां की माता-2
8. प्यार, प्रेम (अंग्रेजी-2)
10. रचना करने वाला-5
12. शोरबा, तरी-3
15. खाद्य सामग्री-3
17. दोनों हाथों को पीटना-5
20. भाग्य (अंग्रेजी-2)
22. कदली, एक फल-2
23. उपासना, शीश झुकाना-3
24. घ्राणेन्द्रिय, नासिका-2
25. तहखाना-4
26. दया-3

### ऊपर से नीचे

1. मर्यादा, सीमा-2
2. कहानी लिखने वाला-5
3. अचरज भरा कार्य-3
4. वर, इच्छित वस्तु देना-4
5. जलजला-3
7. मां के पिता-2
9. चिकनाई-2
11. हशीश, एक प्रकार का मादक पदार्थ-3
13. बोलने का तरीका-3
14. तमीजवाला-5
15. परंपरा, रिवाज-4
16. राजनीतिक पार्टी-2
18. आफत, मुसीबत-2
19. नाट्य, कथा मंचन-3
21. कमी-3
24. संबोधन-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 100 | | 4 | | 2 | | 30 | = | 20 |
| | | | | | | | | |
| 30 | | 2 | | 2 | | 20 | = | 50 |
| | | | | | | | | |
| 50 | | 25 | | 5 | | 2 | = | 60 |
| | | | | | | | | |
| 2 | | 20 | | 3 | | 4 | = | 23 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 10 | | 11 | | 15 | | 16 | = | 33 / 22 |


## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मी | रा | कु | मा | र | अ | फ | न | प | रा |
| न | ला | क | प | ई | झे | र्जु | शि | या | इ | म |
| अ | दा | म | ला | र | ग | न | द | द | प | वि |
| प्र | ग | ल | न | व | दू | सिं | प | या | लि | ला |
| त | प | अ | सौं | धी | जा | ह | कि | नि | ला | स |
| आ | इ | व | मो | व | आ | व | त | थि | लू | पा |
| ग | जी | ल | मु | व | प | जा | न | मा | प्र | स |
| र | रि | भा | र | ख | प | स | द | र | सा | वा |
| क | म | ल | ना | थ | र्जी | ज | जी | न | द | न |
| न | ट | व | र | सिं | ह | रा | र | अ | प | श |
| य | शि | या | जी | पा | टि | ल | ता | प | क | र |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | | | | 1 | |
| 1 | 30 | 2 | 37 | 6 | 31 | |
| | 1 | 6 | | | 2 | |
| 6 | 37 | 3 | 34 | 1 | 25 | 5 |
| | 7 | | 6 | | 2 | |
| | 33 | 4 | 32 | 4 | 30 | 2 |
| | 3 | | 4 | | 6 | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

गोलू- जल्दी से एक गिलास जूस दो, लड़ाई होने वाली है
एक गिलास जूस पीने के बाद
गोलू- एक गिलास और जूस दो, लड़ाई होने वाली है
जूसवाला- लड़ाई कब होगी?
गोलू- जब तुम पैसे मांगोगे....

0000000000

पिता (बेटे से)- मम्मी कहां गई है तेरी?
बेटा- प्राकृतिक रचना छेड़छाड़ केंद्र
पिता- ये कोई सत्संग का नया सेंटर है क्या?
बेटा- अरे पापा ब्यूटी पार्लर....

0000000000

लड़का- चैटिंग किसे कहते हैं?
लड़की- पता नहीं, तुम ही बताओ
लड़का- जो एक दूसरे का थोबड़ा देखे बिना ही एक दूसरे को पकाते हैं, आधुनिक समाज में उसे ही चैटिंग कहते हैं...


0000000000

लड़की अपने बॉयफ्रेंड को अपनी मम्मी से मिलवाने ले गई
गर्लफ्रेंड- मेरी मम्मी को तुम बहुत पसंद आए
बॉयफ्रेंड- चल पगली कुछ भी हो, मैं शादी तो तुमसे ही करूंगा मम्मी से बोलना मुझे भूल जाएं....

0000000000

टीचर- खुशी का कोई ठिकाना ना रहा, का वाक्य प्रयोग कीजिए
मयंक- एक लड़की थी, उसका नाम खुशी था खुशी रात दिन बॉयफ्रेंड से चैट करती थी इस बात से तंग आकर घरवालों ने उसे घर से निकाल दिया बॉयफ्रेंड ने भी नहीं अपनाया
अब खुशी का कोई ठिकाना ना रहा.....

## रंग भरकर चित्र बनाओ



# पीएम आज सोमनाथ मंदिर जाएंगे भगवान का अभिषेक करेंगे

## ध्वज पूजा और आरती; जनसभा और रोडशो भी करेंगे

पीएम मोदी आज सोमनाथ मंदिर जाएंगे। वे वैदिक मंत्रोच्चार के साथ 11 तीर्थों के जल से भगवान का अभिषेक करेंगे। फिर कलश और ध्वज पूजा में हिस्सा लेंगे। कलश को 90 मीटर ऊंची क्रेन के जरिए मंदिर के शिखर पर पहुंचाया जाएगा। मंदिर के दोबारा बनने के 75 साल पूरे होने पर सोमनाथ अमृत पर्व मनाया जा रहा है। पीएम रविवार रात ही गुजरात के जामनगर पहुंच गए थे। वे सोमनाथ हेलीपैड से वीर गोहिल जी के स्टैच्यू तक करीब दो किमी का रोड शो निकालेंगे। वायुसेना की टीम सोमनाथ मंदिर के ऊपर 15 मिनट का एरोबैटिक प्रदर्शन करेगी। चेतक हेलिकॉप्टर के जरिए मंदिर के ऊपर फूल बरसाए जाएंगे। पूजा-अर्चना के बाद पीएम मोदी सोमनाथ में एक विशाल जनसभा को भी संबोधित करेंगे। साल 2026 गुजरात के सोमनाथ मंदिर के लिए 2 वजहों से अहम है। साल 1026 में महमूद गजनवी ने मंदिर पर हमला कर ध्वस्त कर दिया था, जिसके 1000 साल पूरे हो रहे हैं। वहीं दूसरी ओर, 11 मई 1951 को स्वतंत्र भारत में पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के 75 साल हो गए हैं।

# सोमनाथ मंदिर का पुननिर्माण 1951 में हुआ

सोमनाथ मंदिर : 74 साल पहले

### सरदार पटेल ने मंदिर बनाने का आदेश दिया

13 नवंबर 1947 को सरदार वल्लभभाई पटेल (तत्कालीन उप-प्रधानमंत्री और गृह मंत्री) ने मंदिर के पुनर्निर्माण का आदेश दिया।


के एम मुंशी

15 दिसंबर 1950 को सरदार वल्लभभाई पटेल का निधन हो गया। उनके बाद सोमनाथ मंदिर बनाने की जिम्मेदारी प्रसिद्ध लेखक, स्वतंत्रता सेनानी और तत्कालीन मंत्री के. एम. मुंशी को दी गई।



मई 1950 में आधारशिला रखी गई। सिर्फ 5-6 महीनों में काम पूरा हो गया। यह मंदिर पूरी तरह जनता के चंदे से (लगभग 25 लाख रुपये तक इकट्ठा हुए) बनाया गया था। इसमें एक भी सरकारी पैसा नहीं लगा था। मंदिर का निर्माण मई 1951 तक पूरा हुआ।



11 मई 1951 को भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने प्राण-प्रतिष्ठा (ज्योतिर्लिंग की स्थापना) की। मंदिर को प्रभाशंकर सोमपुरा ने डिजाइन किया था।

सोमनाथ मंदिर : 1000 साल पहले

### दूसरा आक्रमण गजनवी का, मूर्तियों के टुकड़े किए

महमूद गजनवी को सोमनाथ मंदिर की संपत्ति के बारे में अरब यात्री अलबरूनी से पता चला।




18 अक्टूबर 1025 को महमूद गजनवी अफगानिस्तान के गजनी से अल बरूनी के साथ 30,000 घुड़सवारों की सेना लेकर भारत के लिए निकला।

दिसंबर 1025 तक वह गुजरात की सीमा पर पहुंच गया। गजनवी ने 6-8 जनवरी 1026 के बीच मंदिर पर हमला किया।




मंदिर एक मजबूत किले में था। मंदिर की रक्षा के लिए हजारों तीर्थयात्री, ब्राह्मण और योद्धा मौजूद थे। लड़ाई तीन दिन तक चली। मंदिर में घुसकर महमूद ने शिवलिंग को तोड़ा।

इतिहासकारों के मुताबिक, मंदिर को पूरी तरह लूटा गया। लूटेरे काफी मात्रा में सोना, चांदी, आभूषण और कीमती रत्न ले गए। इतिहासकार मिन्हाज-उस-सिराज ने तबाकत-ए-नासरी में लिखा कि गजनवी मूर्तियों के टुकड़ों को गजनी ले गया। उसने सोमनाथ मंदिर से अनुमानित 6 टन सोना लूटा।

सोमनाथ मंदिर : 1400 साल पहले

### सोने का गुंबद

(13 मंजिल ऊंचा)




गजनवी के हमले से पहले सोमनाथ मंदिर किलेनुमा इमारत के अंदर था। यह तीन तरफ से समुद्र से घिरा हुआ था। सोमनाथ मंदिर की छत पिरामिड की तरह थी। मंदिर 13 मंजिल ऊंचा था। गुम्बद सोने से बने थे। दूर से चमकते थे।

*(सोर्स: इतिहासकार मोहम्मद नाजिम के रॉयल एशिएटिक सोसाइटी में छपे आर्टिकल और अबू रेहान अल-बरूनी की किताब तहरीक ए हिंद के अनुसार)*

सोमनाथ मंदिर के शिलालेखों का प्रमाण छठवीं-सातवीं सदी का मिलता है। उस वक्त वल्लभी के मैत्रक वंश का शासन था। पहला पुनर्निर्माण इसी दौरान हुआ। इसकी जरूरत क्यों पड़ी, इसका ज़िक्र कहीं नहीं मिलता है।




सोमनाथ मंदिर : 1300 साल पहले

### पहली बार सिंध के सूबेदार अल जुनैद ने तोड़ा

सोमनाथ पर पहला आक्रमण 725 ईसवी में सिंध के सूबेदार अल जुनैद ने किया था। इस हमले में मंदिर को ज्यादा नुकसान नहीं पहुंचा था। मकसद अरब सत्ता का विस्तार करना था।




815 ईसवी में प्रतिहार शासक नागभट्ट द्वितीय ने लाल बलुआ पत्थर से मंदिर का निर्माण कराया। प्रतिहार वंश का शासन अभी के एमपी, राजस्थान, गुजरात और उत्तरप्रदेश तक फैला था।

■ वर्ष-12 अंक-187 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश | उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 11 मई, 2026

## सुभाषितानि

विद्याभ्यास स्तपो ज्ञानमिन्द्रियाणां च संयम:।
अहिंसा गुरुसेवा च नि:श्रेयसकरं परम्।।

**भावार्थ** : विद्या, तप, ज्ञान, इन्द्रिय-संयम, अहिंसा और गुरुसेवा-ये परम कल्याण हैं।

गुरुशुश्रूषया विद्या पुष्कलेन धनेन वा।
अथवा विद्यया विद्या चतुर्थी नोपलभ्यते।।

**भावार्थ** : केवल गुरु की सेवा करके, बहुत सारा पैसा देकर, या सीखने के बदले में, यह ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है; ज्ञान प्राप्त करने का कोई चौथा तरीका नहीं है।

## सम्पादकीयम्

# राज्यस्य स्थितिः

वास्तवतः किं क्रेतव्यम् इति कदापि न वदन्ति? बालकृष्णः प्रशासनिक विफलता। एषा घटना निःसंदेहं विधिव्यवस्थायाः निर्वाहस्य असफलतायाः प्रत्यक्षं परिणामः अस्ति; अत एव सर्वोच्चन्यायालयः एतादृशी कठोरभाषाप्रयोगं कर्तुं बाध्यः अभवत्। राज्यस्य स्थितिः पर्याप्तकालं यावत् तनावपूर्णा एव अस्ति, एसआईआर-कर्तव्येषु नियुक्तानां कर्मचारिणां पूर्वं असुरक्षितानां अनिश्चितानां च परिस्थितयः अभवत् यदि उत्तरदायी अधिकारिणः परिस्थितेः गुरुत्वाकर्षणस्य समीचीनमूल्यांकनं कर्तुं असफलाः अभवन् तर्हि तेषां पक्षतः स्पष्टप्रशासनिकविफलता भवति। इदमपि ज्ञातव्यं यत्, निर्वाचनस्य घोषणायाः अनन्तरं राज्यप्रशासनस्य अन्तः सर्वेषु श्रेणीबद्धस्तरयोः अधिकारिणां विशालः परिवर्तनः अभवत् जन अविश्वास। अस्याः घटनायाः मध्ये सामान्यजनस्य चिन्तानां स्वीकारः अवगमनं च तथैव अत्यावश्यकम्। बङ्गदेशे 'विशेषसघनपुनरीक्षण'प्रक्रियायाः पूर्वं राज्यस्य मतदातानां मध्ये प्रायः ७६ मिलियनं मतदाताः आसन्; सम्प्रति तत् आकङ्कणं प्रायः १० प्रतिशतं न्यूनीकृतम् इति कथ्यते। अन्तिमसूचिकायाः प्रकाशनानन्तरं तार्किकविसंगतिकारणात् ६० लक्षं प्रविष्टयः ध्वजाः कृताः। एतेषु अद्यावधि ४७ लक्षं आक्षेपाणां निराकरणं कृतम् अस्ति। परन्तु अस्वीकारस्य दरः असाधारणतया अधिकः इति कथ्यते-३५% तः ४०% पर्यन्तं। जनाः आरोपयन्ति यत् तेषां नामानि मनमानारूपेण रोलतः निष्कासितानि सन्ति।

### अमेजन वर्षावनानां उपरि विनाशस्य बृहत्तमः संकटः दृश्यते

# यस्य शीर्षकं 'वनानां कटनं-प्रेरितं शुष्कीकरणं अमेजन-जलवायु-दहलीजं




ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

अमेजन-पर्वतस्य सघन-वर्षावनानि-प्रायः पृथिव्याः फुफ्फुसाः इति उच्यन्ते-सम्प्रति स्वस्य अस्तित्वस्य अन्धकारमयं चरणं गच्छन्ति, वैज्ञानिकाः च एकं शीतलं चेतावनीम् अयच्छन् यत् सम्पूर्णं विश्वं चिन्तया निद्राहीनं कृतवान् अद्यतने एकस्मिन् प्रतिष्ठितपत्रिकायां प्रकाशितेन नूतनेन अध्ययनेन, यस्य शीर्षकं 'वनानां कटनं-प्रेरितं शुष्कीकरणं अमेजन-जलवायु-दहलीजं न्यूनीकरोति' इति शीर्षकेण ज्ञायते यत् अमेजन-वनम् अधुना एकं महत्त्वपूर्णं सङ्केतं प्राप्तवान्-टिपिंग-बिन्दुः-यस्मात् पश्चात् गमनं न भविष्यति पोट्स्डैम् इन्स्टिट्यूट् फॉ क्लाइमेट् इम्पैक्ट रिसर्च इत्यस्य वैज्ञानिकैः कृतस्य अस्य गहनस्य अध्ययनस्य अनुसारं यदि वर्तमानस्य वनानां कटनस्य दरः स्थास्यति तर्हि अमेजनस्य विशालः भागः सघनवर्षावनात् शुष्क, विखण्डित सवाना परिदृश्ये परिणमति अत्यन्तं आश्चर्यजनकं यत् अधुना यावत् विश्वं कल्पयति स्म यत् एतत् विनाशकारी सीमां प्राप्तुं ३.७ तः ४ डिग्री सेल्सियसपर्यन्तं वैश्विकतापमानस्य विशालवृद्धिः आवश्यकी भविष्यति; तथापि एतत् नूतनं संशोधनं तां धारणाम् सर्वथा भग्नवती अस्ति। वैज्ञानिकाः प्रतिपादयन्ति यत् बृहत्-प्रमाणेन वनानां कटनेन एषा खतरा-सीमा एतावता न्यूनीकृता यत् केवलं १.५ तः १.९ डिग्री सेल्सियसपर्यन्तं वैश्विकतापमानवृद्धिः अधुना सम्पूर्णस्य अमेजन-पारिस्थितिकीतन्त्रस्य पतनं प्रेरयितुं पर्याप्तं भविष्यति।

अयं संकटः विशेषतया गम्भीरः अस्ति यतोहि अमेजन-देशस्य प्रायः १७ तः १८ प्रतिशतं यावत् वनानि पूर्वमेव मानवलोभस्य शिकाराः अभवन्। इदानीं पारिस्थितिकीतन्त्रं संकटक्षेत्रस्य एव प्रपातस्य उपरि तिष्ठति यस्य विषये वैज्ञानिकाः वषार्णां यावत् चेतावनीम् अयच्छन्ति। अध्ययनस्य प्रमुखलेखकः पीआईके वैज्ञानिकाः च कथयन्ति यत् वृक्षाणां कटनेन अमेजनः अस्माभिः कल्पितस्य अपेक्षया दूरतरं नाजुकं दुर्बलं च भवति। ननु अमेजनस्य एकं विशिष्टं लक्षणं यत् एतत् केवलं बाह्यवृष्ट्याश्रितं वनम् एव नास्ति; अपितु स्वस्य वर्षणं जनयितुं विलक्षणक्षमता अस्ति। वृक्षाः स्वपत्रैः वायुमध्ये विशालमात्रायां जलवाष्पं मुञ्चन्ति-एषा प्रक्रिया 'आर्द्रतापुनःप्रयोगः' इति नाम्ना प्रसिद्धा । एषा एव आर्द्रता तदनन्तरं मेघान् निर्माय अमेजन-नद्याः उपरि पुनः वर्षति। आँकडानुसारं अमेजन-देशे वषार्णां प्रायः आधा भागः अस्मात् प्राकृतिकचक्रात् उत्पद्यते। परन्तु यथा यथा वनानि निर्मल्यन्ते तथा तथा एतत् जलचक्रं भृशं बाधितं भवति। प्रत्यक्षं तात्पर्यं यत् यदि अमेजनस्य एकस्मिन् भागे वृक्षाः कटिताः भवन्ति तर्हि प्रभावः केवलं तस्मिन् विशिष्टे क्षेत्रे एव सीमितः न भवति; अपितु आर्द्रतायाः प्रवाहस्य व्यत्ययेन सहस्राणि किलोमीट दूरे स्थितेषु अन्येषु।

### घटनायाः कारणात्

# अस्य प्रदेशस्य निवासिनः अतीव दुःखिताः क्रुद्धाः

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

पुलिस कथयति यत् सत्यं प्रकाशयितुं घटनास्थले उपस्थितैः साक्षिभिः प्रदत्तैः वक्तव्यैः सह वायरल्-वीडियो-क्रॉस्-रेफरेंसं कुर्वन्ति। पीडितायाः पूजानामदेवस्य च सम्बन्धस्य स्वरूपस्य, तथैव विशिष्टविवादस्य च अन्वेषणं कुर्वती अस्ति यत् एतस्य घटनायाः आरम्भः अभवत् इति पुलिसाः।

अस्याः घटनायाः कारणात् अस्य प्रदेशस्य निवासिनः अतीव दुःखिताः क्रुद्धाः च सन्ति, यतः वृद्धायाः असहायता भिडियायां स्पष्टतया दृश्यते। प्रत्यक्षदर्शिनः वदन्ति यत् यथा स्त्रियाः कर्षणं भवति स्म तत् कस्यापि सभ्यसमाजस्य कृते लज्जाजनकम् अस्ति। सम्प्रति पुलिसैः सीसीटीवी-दृश्यानि अन्ये च उपलब्धानि डिजिटलसाक्ष्याणि जप्ताः सन्ति। अतिरिक्त एसपी शर्मा इत्यनेन आश्वासनं दत्तं यत् अन्वेषणं निष्पक्षं भविष्यति, यदि च विडियोमध्ये दृश्यमानायाः महिलायाः संलग्नता दुर्भावनापूर्णाभिप्रायेन चालिता इति ज्ञायते तर्हि सख्तकानूनीकार्याणि क्रियन्ते। मझौलीपुलिसस्थानस्य अधिकारक्षेत्रे घटिता एषा घटना पुनः वृद्धानां सुरक्षां सामाजिकमूल्यानां च विषये बहसः उत्पन्नवती अस्ति। अधुना पुलिस आरोपीं पूजा नामदेवं, प्रकरणेन सह सम्बद्धैः अन्यैः व्यक्तिभिः सह प्रश्नोत्तरं कुर्वती अस्ति, यत् अस्य घटनायाः पृष्ठतः यथार्थं प्रेरणाम् उद्घाटयितुं, वृद्धस्य पीडितस्य न्यायः भवतु इति सुनिश्चितं कर्तुं च प्रयतते।

# प्राथमिकप्रणाल्यां विफलतायाः सन्दर्भे तत्क्षणमेव पुनः कार्याणि

ब्रह्मास्त्र ›› भोपाल

शीतस्थलानां उपयोगं कुर्वन्ति। एते वैकल्पिकतांत्रिकस्थानरूपेण कार्यं कुर्वन्ति यत्र प्राथमिकप्रणाल्यां विफलतायाः सन्दर्भे तत्क्षणमेव पुनः कार्याणि आरभ्यतुं शक्यन्ते। एतेन निवेशकानां विपण्यस्य च उपरि कस्यापि तान्त्रिकविघटनस्य प्रभावः न्यूनीकरोति। यद्यपि इरा मञ्चः निरस्तः अस्ति तथापि सेबी इत्यनेन आकस्मिकपूलव्यापार इति सुविधां अधिकं सुदृढं कर्तुं स्टॉक एक्स्चेन्जान् निर्देशः दत्तः। इदं तन्त्रं तकनीकीदोषाणां समये वैकल्पिकसमर्थनव्यवस्थारूपेण कार्यं करिष्यति, यदा यदा आवश्यकता भवति तदा निवेशकानां दलालानां च सहायतां प्रदास्यति। इदानीं सेबी-संस्थायाः वित्तीयबाजारेषु पारदर्शितायाः उत्तरदायित्वं च वर्धयितुं उद्दिश्य अनेके नूतनाः नियमाः अपि कार्यान्विताः सन्ति। अद्यैव नियामकेन ₹महत्त्वपूर्णसूचकाङ्काः प्रदातुं संस्थाः।

## राशिफल

**मेष** : आज के दिन आपके क्रिएटिव विचार किसी सीनियर या सहकर्मी को प्रभावित कर सकते हैं, खासतौर पर ग्रुप मीटिंग के दौरान।

**वृषभ** : आप अपने साथी को कोई मजेदार कहानी सुनाकर सरप्राइज दे सकते हैं या सैर की योजना बना सकते हैं।

**मिथुन** : आप कुछ नया करने, उत्साहित लोगों से जुड़ने या अपने विचार साझा करने के लिए उत्साहित महसूस कर सकते हैं।

**कर्क** : दिन की शुरूआत उत्साह और दूसरों के साथ सार्थक बातचीत पर केंद्रित रहने के साथ होती है।

**सिंह** : योजना बनाने की बहुत जरूरत महसूस होगी। आप धैर्य और व्यवस्थित रहकर छोटी-छोटी चुनौतियों को सुलझा सकते हैं।

**कन्या** : दोस्ती को मजबूत कर सकते हैं और अपनी प्रतिभाओं को दिखाने के लिए मोटिवेटेड महसूस कर सकते हैं।

**तुला** : आज का दिन आपके लिए अपने करीबी दोस्तों से जुड़ने, अपनी सोच में रचनात्मक चिंगारी खोजने के लिए अच्छा समय है।

**वृश्चिक** : विचारों को साझा करने और हल्के-फुल्के कार्यों की योजना बनाने में प्रसन्नता महसूस करेंगे।

**धनु** : अपनी भावनाओं का सम्मान करके, आप आज के अवसरों को आत्मविश्वास और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ाएंगे।

**मकर** : आज के दिन सेल्फ लव पर फोकस करें। ध्यान केंद्रित करने के लिए जगह चुनने से पहले सोचें।

**कुंभ** : आज के दिन खुला दिमाग रखें। आप में एनर्जी का एक उछाल देखने को मिलेगा, जो आपको प्रगति की ओर ले जाएगा।

**मीन** : आज के दिन आज आप नए विचारों और सामाजिक योजनाओं के लिए तैयार महसूस करेंगे।

## ज्योतिष/वास्तु

# शनि जयंती पर इन 5 चीजों का करें दान, दूर होंगे दोष और मिलेगा लाभ

वर्ष 2026 में शनि जयंती 16 मई, शनिवार को मनाई जाएगी। यह हिंदू पंचांग के ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि होगी।

हर साल ज्येष्ठ माह की अमावस्या तिथि पर शनि जयंती मनाई जाती है। इस साल 16 मई 2026 को शनि जयंती है। मान्यता है कि, इस दिन सच्चे मन और श्रद्धा से शनि महाराज की पूजा करने से करियर और कारोबार में उन्नति के नए रास्ते खुलते हैं और अटके काम भी बनने लगते हैं। ज्योतिष मान्यताओं के अनुसार, शनि जयंती पर कुछ खास वस्तुओं का दान करने से शनि दोष शांत होते हैं, जीवन की बाधाएं कम



होती हैं और सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है। अगर आप भी इस दिन सरल लेकिन असरदार उपाय करना चाहते हैं, तो इन 5 चीजों का दान आपके जीवन में स्थिरता, सकारात्मकता और तरक्की ला सकता है। आइए इन्हें जानते हैं।

**सरसों का तेल अर्पित करें-** शनि जयंती के दिन शनिदेव को सरसों का तेल चढ़ाना अत्यंत शुभ माना जाता है। यह उपाय शनि दोष को शांत करने और जीवन में आ रही रुकावटों को दूर करने में मदद करता है।

**अपराजिता का फूल चढ़ाएं-** शनिदेव को अपराजिता का फूल अर्पित करने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं। यह उपाय नकारात्मक ऊर्जा को दूर करने और मानसिक शांति पाने के लिए अच्छा माना जाता है।

**काले चने का भोग लगाएं-** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, काले चने का भोग लगाना शनि देव को प्रिय माना गया है। इससे जीवन में स्थिरता आती है और आर्थिक समस्याएं धीरे-धीरे कम होने लगती हैं।

**काला तिल और काली उड़द का दान करें-** काला तिल और काली उड़द शनि से जुड़े प्रमुख दान माने जाते हैं। इनका दान करने से शनि के अशुभ प्रभाव कम होते हैं और जीवन में संतुलन आता है।

**छाता और अन्न का दान-** जरूरतमंदों को छाता और अनाज का दान करना भी अत्यंत पुण्यदायी माना गया है। यह उपाय न केवल शनि देव को प्रसन्न करता है, बल्कि जीवन में सुख-समृद्धि और सुरक्षा का आशीर्वाद भी दिलाता है।

दान के बाद आप शनि देव के इन प्रभावशाली मंत्रों का भी जाप कर सकते हैं। इससे प्रभु प्रसन्न होकर अपनी विशेष कृपा बरसा सकते हैं। हालांकि, मंत्रों का स्मरण शाम में करना अत्यंत फलदायी हो सकता है।

**शनि बीज मंत्र**

ॐ प्रां प्रीं प्रों सः शनैश्चराय नमः ।।

**शनि स्तोत्र**

ॐ नीलांजन समाभासं रवि पुत्रं यमाग्रजम ।
छायामार्तंड संभूतं तं नमामि शनैश्चरम ।।

**शनि पीड़ाहर स्तोत्र**

सुर्यपुत्रो दीर्घदेहो विशालाक्षः शिवप्रियः ।
दीर्घचारः प्रसन्नात्मा पीडां हरतु मे शनिः ।।
तन्नो मंदः प्रचोदयात ।।

**शनिदेव को प्रसन्न करने वाले सरल मंत्र**

ॐ शं शनैश्चराय नमः
ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः
ॐ शन्नो देविर्भिष्ठयः आपो भवन्तु पीतये।
सय्योंरभीस्त्रवन्तुनः।।

## खबर एक नजर...

### दादा के साथ रहने वाले छात्र ने खाया जहरीला पदार्थ

**उज्जैन।** नीलगंगा थाना क्षेत्र के न्यू अशोक नगर में दादा के साथ रहने वाले बी टेक के छात्र अनुज पिता प्रदीप सेंगर 20 साल ने रविवार सुबह जहरीला पदार्थ खा लिया। दोस्त उसे अस्पताल लेकर पहुंचा। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने भर्ती किया है। सूचना मिलने पर नीलगंगा थाना पुलिस बयान दर्ज करने अस्पताल पहुंची थी, लेकिन छात्र की हालत चिंताजनक बनी हुई थी। बताया जा रहा है कि अनुज की मां ने 13 साल पहले सुसाइड किया था, पिता का भी निधन हो चुका है। माता-पिता के जाने और पढ़ाई का तनाव होने पर अनुज ने भी आत्मघाती कदम उठाया है। नीलगंगा थाना पुलिस द्वारा अनुज के तहसीलदार स्तर पर भी बयान दर्ज कराये है।

### घर के बाहर बैठी वृद्धा पर रिश्तेदारों ने किया हमला

**उज्जैन।** नागदा के निपानिया से लीलाबाई पति नागूगिरी 57 साल को घायल हालत में उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया है। लीलाबाई के परिजनों ने बताया कि शनिवार रात घर के बाहर बैठी थी, उसी दौरान देवर किशन और उसका पुत्र दीपक आये। दोनों ने लाठी और पत्थर से हमला किया और भाग निकले। सिर में गहरी चोंट लगी है। बताया जा रहा है कि मामला पारिवारिक विवाद से जुड़ा हुआ है। लेकिन लीलाबाई का कहना था कि उसका परिवार में किसी से कोई विवाद नहीं है। मामले में नागदा पुलिस घायल वृद्धा के बयान दर्ज कर जांच शुरू करेगी।

### चौडीकरण मार्ग पर बिजली के पोल में लगी आग

**उज्जैन।** सतीगेट से छत्रीचौक मार्ग पर सड़क चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। रविवार दोपहर छोटा सराफा के पास लगे बिजली के पोल में आग लग गई। लपटे निकलती देख आसपास के लोग दहशत में आ गये। क्षेत्र की बिजली भी गुल हो गई थी। पोल में लगी आग की सूचना फायर बिग्रेड को दी गई। एक फायर फायटर कुछ देर में मौके तक पहुंची और आग पर काबू पाया गया। क्षेत्र की बिजली गुल होने पर बिजली विभाग के कर्मचारी पहुंचे और संधारण कार्य किया। बताया जा रहा है कि भीषण गर्मी और लोड़ बढ़ने पर पोल के तारों में शार्ट सर्किट की वजह से आग लगी थी।

### पाटपाला में करंट लगने से झुलसा नाबालिग

**उज्जैन।** पाटपाला गिट्टी खदान में काम के दौरान रविवार को 16 साल के अनुज पिता सेवाराम झुलस गया। उसे उपचार के लिये चरक अस्पताल लाया गया। जहां डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद भर्ती किया गया है। बताया जा रहा था कि अनुज बाल श्रमिक के रूप में काम कर रहा था, इस दौरान उसे करंट लगा है। फिलहाल ड्युटी कंपाउंडर द्वारा मामले की सूचना पंवासा थाना पुलिस को दी गई है।

### इंदौर के 3 युवकों की मौत के मामले में केस दर्ज

**उज्जैन।** इंदौररोड पंथपिपलाई में 6-7 मई की रात लोडिंग वाहन क्रमांक एमपी 13 जीए 6538 के चालक ने लापरवाही पूवर्क वाहन चलाते हुए आटो क्रमांक एमपी 09 ए झेड को टक्कर मार दी थी। आटो में सवार इंदौर के स्कीम नम्बर 78 अरण्य नगर में रहने वाले रहने वाले गोलू उर्फ आकाश ठाकुर, चिराग सोलंकी और विशाल रावत की मौत हो गई थी। आटो चालक जितेन्द्र कछवाय गंभीर घायल हुआ था। चारों महाकाल दर्शन करने उज्जैन आ रहे थे। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया था। 3 दिन बाद नानाखेड़ा थाना पुलिस ने लोडिंग वाहन चालक के खिलाफ धारा 281, 125 (ए), 106 (1) भारतीय न्याय संहिता का प्रकरण दर्ज कर लिया। दुर्घटना के बाद लोडिंग जप्त कर ली गई थी।

2 3 8

### डॉक्टरों की पैनल ने किया बालिका का पोस्टमार्टम, 2 डॉक्टरों की तलाश

# हिरासत में जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक का संचालक

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में हुई 11 साल की बालिका की मौत के मामले में पुलिस ने क्लीनिक के संचालक को हिरासत में ले लिया है। रविवार को बालिका का 7 डॉक्टरों की पैनल द्वारा पोस्टमार्टम किया गया।

नीलगंगा थाना प्रभारी तरूण कुरील ने बताया कि मंछामन कालोनी चौराहा पर जनसेवा नोबल पॉली क्लीनिक में शनिवार शाम अपेंडिक्स ऑपरेशन के दौरान राघवी थाना क्षेत्र के ग्राम टिल्याखेड़ी में रहने वाली 11 वर्षीय दीपिका पिता मेहरबान डाबी की मौत होने का मामला सामने आया था। मामले में बालिका की मां मंजूबाई की शिकायत पर क्लीनिक संचालक राजेश चौहान, डॉ. डीके तिवारी और अन्य के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 (1), 3 (5) का प्रकरण दर्ज किया गया है। रात में ही



संचालक राजेश चौहान को हिरासत में ले लिया गया था। जिससे पूछताछ की जा रही है। क्लीनिक को घटना सामने आने के बाद मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अशोक पटेल की टीम द्वारा सील कर दिया गया था। क्लीनिक संचालित करने वाले से पूछताछ कर पता लगाया जा रहा है



कि कब से संचालित कर रहा था। क्लीनिक मान्यता प्राप्त है या नहीं, उससे जुड़े दस्तावेज भी जप्त करने का प्रयास किया जा रहा है। वहीं बालिका का उपचार करने वाले डॉक्टर के हिरासत में आने पर पता लगाया जायेगा कि उपचार के दौरान कौन सी मेडिसीन दी गई थी। थाना प्रभारी कुरील के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त हुई है। जिसका अवलोकन किया जा रही है जिसके आधार पर आगे की विवेचना की जायेगी। मामले में क्लीनिक से जुड़े अन्य लोगों की गिरफ्तारी भी हो सकती है।

### पोस्टमार्टम के दौरान तैनात रहा पुलिस बल

शनिवार शाम हुई बालिका की मौत के मामले में रविवार सुबह नीलगंगा थाना पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान चिमनगंज, कोतवाली और माधवनगर थाने का पुलिस बल मौजूद रहा था। पोस्टमार्टम सीएमएचओ डॉ. अशोक पटेल, डॉ. विक्रम रघुवंशी, डॉ. ए. के. सिंह, डॉ. शीतल गुप्ता, डॉ. शिव मेनिया, डॉ. अभिषेक जाटवा और डॉ. दिलीप वास्के की पैनल द्वारा किया गया। पोस्टमार्टम की वीडियो रिकार्डिंग कराई गई है। इस दौरान एसडीएम एलएन गर्ग, तहसीलदार शैफाली जैन मौजूद रही। बताया जा रहा है कि ऑपरेशन के दौरान बालिका का हार्ट और फेफडे फैल हो गये थे।

### देर रात तक चलता रहा चक्काजाम

मृतक बालिका का परिवार चौकीदारी का काम करता है। एक माह से बालिका का उपचार पॉली क्लीनिक में चल रहा था। शनिवार को ऑपरेशन किया गया था। तभी बालिका की मौत होना सामने आया था। जिसके बाद परिजनों ने पहले पॉली क्लीनिक के बाहर प्रदर्शन किया। उसके बाद आगररोड चरक अस्पताल के सामने शव रख चक्काजाम कर दिया था। जो रात 12 बजे तक चलता रहा। प्रशासन और पुलिस की समझाईश के बाद शव को पोस्टमार्टम कक्ष में रखा गया था।

# म.प्र. अधिवक्ता परिषद चुनाव में उज्जैन के चार अभिभाषक

### 23 सदस्यों के लिये 12 मई को मतदान, प्रदेश के 119 उम्मीदवार मैदान में

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद के चुनाव 12 मई को होने जा रहे है। 23 सदस्यों के लिये उज्जैन के चार अभिभाषक मैदान में है। पूरे प्रदेश के लगभग 87 हजार अभिभाषक चुनाव में मतदान कर 23 सदस्यों को चुनेगे।

पांच साल में एक बार होने वाले म. प्र. अधिवक्ता परिषद चुनाव में इस बार 23 सदस्यों के लिये प्रदेशभर से 119 उम्मीदवार मैदान में है। उज्जैन से अभिभाषक सुरेन्द्र चतुवेर्दी, आशीष उपाध्याय, संदीप मेहता और अतुल रैना भी परिषद में सदस्य पद के लिये चुनाव लड़ रहे है। 12 मई को पूरे प्रदेश में एक साथ मतदान होगा। सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार हाई पावर कमेटी की देखरेख में चुनावी प्रक्रिया चल रही है। जिसमें 30 प्रतिशत पद महिला अधिवक्ताओं के लिये आरक्षित है।

उज्जैन के अभिभाषक सचिन नागर ने बताया कि चुनाव में प्रथम वरीयता के मत सबसे महत्वपूर्ण माने जाते है। इनकी गिनती सबसे पहले होगी। मतदान प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिणाम आने में 2 माह का समय लग सकता है। पूर्व में उज्जैन से प्रताप मेहता अधिवक्ता परिषद का चुनाव भारी मतों से जीते थे और परिषद में उच्च पद पर नियुक्ति किये गये थे। उनके निधन के बाद से सीट रिक्त हो गई थी और उज्जैन से कोई भी सदस्य राज्याधिवक्ता परिषद के चुनाव में सदस्य के रूप में मनोनित नहीं रहा। इस बार उज्जैन से चार अभिभाषक चुनाव मैदान में उतरे है। उज्जैन से करीब 3 हजार मतदान चुनाव प्रक्रिया में भाग लेगें। चुनाव प्रक्रिया के लिये पूरे प्रदेश में 216 पोलिंग बूथ बनाये जा रहे है। उज्जैन में न्यायिक अधिकारी निर्वाचन अधिकारी रहेगें। मध्यप्रदेश अधिवक्ता परिषद चुनाव के मतदान में 2 चीजे जरूरी रहेगी जिसमें पहली वोटर लिस्ट में नाम और दूसरा वोटिंग के समय वैलिड आईडेंटिटी कार्ड। मतदान का समय सुबह 10 से शाम 6 बजे तक रहेगा।

# बालिका से अधेड़ ने किया दुराचार का प्रयास



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

13 साल की बालिका के साथ अधेड़ ने दुराचार का प्रयास किया। बालिका बचकर भागी और घर पहुंचकर परिजनों को घटनाक्रम बताया। मामला पुलिस के पास पहुंचा तो कुछ देर में आरोपी को हिरासत में ले लिया गया। जिसके खिलाफ पास्को एक्ट और छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है।

चिमनगंज थाना प्रभारी विवेक कनोड़िया ने बताया कि थाना क्षेत्र की कालोनी में रहने वाली 13 साल की बालिका परिजनों के साथ रविवार सुबह थाने पहुंची थी और बताया कि उसके साथ नासिर खान द्वारा घर बुलाकर अश्लील हरकते की। वह भाग कर अपने घर आई और परिजनों को बताया। थाना प्रभारी के अनुसार मामला नाबालिग बालिका से जुड़ा होने पर छेड़छाड और पास्को एक्ट की धारा में प्रकरण दर्ज कर तत्काल टीम को आरोपी की धरपकड़ के लिये भेजा गया। जिसे कुछ देर में गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी से पूछताछ की जा रही है। सोमवार दोपहर कोर्ट में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

# चिंतामण क्षेत्र में आधी रात को पारदी डेरो पर दबिश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

संपत्ति संबंधित अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस द्वारा जिले में आधी रात को पारदी डेरो पर दबिश दी जा रही है। शनिवार-रविवार रात चिंतामण थाना क्षेत्र के 2 डेरो पर दबिश दी गई और 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

चिंतामण गणेश थाना प्रभारी हेमराज यादव ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर सीएसपी श्वेता गुप्ता के नेतृत्व में आधी रात को ग्राम कंडारिया और पारदी खेड़ा में पारदी डेरो पर दबिश दी गई थी। जहां से 10 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया और डेरो में खड़े 3 दो पहिया



वाहन जप्त किये गये। रविवार दिनभर पूछताछ के बाद वाहनों के दस्तावेज मिलने पर छोड़ दिये गये, लेकिन हिरासत में लिये गये 10 संदिग्धों के पूर्व में अपराध होने पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। विदित हो कि पिछले कुछ दिनों से लगातार पुलिस की टीमे पूरे जिले में पारदी डेरो पर दबिश मार रही है। पारदी गिरोह वाहन चोरी, नकबजनी जैसी वारदातों में शामिल रहता है। जिनकी गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिये पुलिस ने अभियान शुरू किया है। चिंतामण गणेश थाना क्षेत्र में दी गई दबिश से पहले पुलिस की टीम पंवासा, चिंमनगंज, महाकाल, भैरवगढ़ और घट्टिया थाना क्षेत्रों में डेरो पर दबिश दे चुकी है। जहां से 147 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया था और 22 के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई थी। शुक्रवार-शनिवार रात बड़नगर पुलिस ने कस्बे में पारदी और मजदूर डेरो पर दबिश देकर 60 से अधिक संदिग्धों से पूछताछ की थी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com